

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 76 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत में 62 फीसदी मुंह के कैंसर की वजह शराब और धुआं रहित तंबाकू का सेवन: अध्ययन

भारत में मुंह के कैंसर की बड़ी वजह शराब के साथ धुआं रहित तंबाकू उत्पादों का सेवन है। बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया। स्टडी के अनुसार, भारत के 10 में से छह से ज्यादा लोग स्थानीय स्तर पर बनी शराब के साथ ही गुटखा, खैनी और पान जैसे धुआं रहित तंबाकू उत्पादों का सेवन करने के कारण मुंह के कैंसर से पीड़ित हैं।

**महाराष्ट्र अध्ययन में सामने आया कि कम बीयर पीने से बक्कल म्यूकोसा कैंसर और 9 ग्राम शराब से मुंह के कैंसर का खतरा 50% तक बढ़ जाता है**

महाराष्ट्र में सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी और होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि दिन में 2 ग्राम से कम बीयर पीने से बक्कल म्यूकोसा कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, जबकि दिन में 9 ग्राम शराब जो लगभग एक मानक ड्रिंक के बराबर है से मुंह के कैंसर का खतरा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ जाता है।

**भारत में शराब बक्कल म्यूकोसा कैंसर के 11.5%, तंबाकू मिश्रण से 62%, कुछ राज्यों में दर 14% तक है**

जब इसे चबाने वाले तंबाकू के साथ मिलाया जाता है, तो यह देश में ऐसे सभी मामलों में से 62 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हो सकता है। ओपन-एक्सेस जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में विस्तार से बताए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि भारत में सभी बक्कल म्यूकोसा कैंसर के 10 में से एक से ज्यादा मामले (लगभग 11.5 प्रतिशत) शराब के कारण होते हैं। मेघालय, असम और मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में इसके मरीजों की संख्या ज्यादा है। कहीं-कहीं तो इसकी दर 14 प्रतिशत तक है।

**अध्ययन: शराब मुंह की अंदरूनी परत कमजोर कर तंबाकू से कैंसर जोखिम बढ़ाती है**

ग्रेस सारा जॉर्ज के नेतृत्व वाली रिसर्च टीम ने बताया, "भले ही तंबाकू का इस्तेमाल लंबे समय से किया जाता रहा हो, लेकिन मुंह के कैंसर को बढ़ाने में शराब बड़ा कारक है। दरअसल, इथेनॉल मुंह की अंदरूनी परत में मौजूद फैट को प्रभावित कर सकता है; ये परत कमजोर हो जाती है, और नतीजतन ये तंबाकू उत्पादों में मौजूद अन्य कार्सिनोजेन के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाती है।"

**स्थानीय शराब में टॉक्सिन अधिक होने से मुंह का कैंसर बढ़ रहा है; हर साल लगभग 1.44 लाख नए मामले और 80 हजार मौतें हो रही हैं**

उन्होंने कहा, "स्थानीय रूप से बनी शराब में मेथनॉल और एसीटैल्डिहाइड जैसे टॉक्सिन की मिलावट ज्यादा पाई जाती है, जो इन ड्रिंक्स को ज्यादा खतरनाक बनाती है।" मुंह का कैंसर भारत में दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिसमें एक अनुमान के अनुसार हर साल 143,759 नए मामले सामने आते हैं और 79,979 लोगों की मौत होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार इस बीमारी की दर लगातार बढ़ रही है, और हर 100,000 भारतीय पुरुषों में से लगभग 15 इससे जूझ रहे हैं।

**भारत में मुंह का मुख्य कैंसर बक्कल म्यूकोसा है; 43% मरीज पांच साल से अधिक जीवित रहते हैं**

भारत में मुंह के कैंसर का मुख्य रूप गालों और होठों की मुलायम गुलाबी परत (बक्कल म्यूकोसा) का कैंसर है। पीड़ितों में से आधे से भी कम (43 प्रतिशत) पांच या उससे ज्यादा साल तक जीवित रहते हैं।अध्ययन में, शोधकताओं ने 2010 और 2021 के बीच पांच अलग-अलग अध्ययन केंद्रों से बक्कल म्यूकोसा कैंसर से पीड़ित 1,803 लोगों और बीमारी से मुक्त 1,903 यादृच्छिक रूप से चुने गए लोगों (कंट्रोल) की तुलना की। अधिकांश प्रतिभागियों की उम्र 35 से 54 वर्ष के बीच थी; लगभग आधे (लगभग 46 प्रतिशत) मामले 25 से 45 साल के लोगों में थे।

शराब पीने वालों में मुंह का कैंसर खतरा 68% अधिक; स्थानीय शराब पीने वालों में यह 87% तक बढ़ जाता है

जो लोग शराब नहीं पीते थे, उनकी तुलना में शराब पीने वालों में खतरा 68 प्रतिशत ज्यादा था। बीयर, व्हिस्की, वोदका, रम और ब्रीजर (फ्लेवर्ड अल्कोहलिक ड्रिंक्स) जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की शराब पीने वालों में इसकी दर 72 प्रतिशत थी, तो अपोंग, बांग्ला, चुल्ली, देसी दारू और महुआ जैसे स्थानीय रूप से बनी शराब पीने वालों में इसकी दर 87 फीसदी थी।

**अध्ययन: मुंह का कैंसर रोकने के लिए शराब और तंबाकू से पूरी तरह बचाव जरूरी है; कोई सुरक्षित सीमा नहीं है, इसलिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय आवश्यक हैं**

टीम ने कहा, "हमारे अध्ययन से पता चलता है कि मुंह के कैंसर से बचने के लिए शराब पीने की कोई सुरक्षित सीमा नहीं है। हमारे नतीजे बताते हैं कि शराब और तंबाकू के इस्तेमाल की रोकथाम के लिए पब्लिक हेल्थ एक्शन लेने की जरूरत है; इससे ही बक्कल म्यूकोसा कैंसर पर लगाम लगाई जा सकती है।(इनपुट-आईएएनएस)

# 25 दिसंबर को पीएम मोदी का लखनऊ दौरा,

## पूर्व पीएम वाजपेयी को समर्पित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का करेंगे उद्घाटन

समाज जागरण

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर पीएम मोदी गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम दोपहर करीब 2:30 बजे लखनऊ में बने भव्य 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस बात की जानकारी दी।



उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "देश की महान विभूतियों की विरासत के सम्मान और संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में कल दोपहर बाद करीब 2:30 बजे लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। यहां वाजपेयी जी के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की भव्य कांस्य प्रतिमाएं भी लगाई गई हैं। इसके साथ ही एक अत्याधुनिक संग्रहालय भी विकसित किया गया है, जहां राष्ट्र निर्माण में इन दूरदर्शी नेताओं के अमूल्य योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।"

राष्ट्र प्रेरणा स्थल' को एक राष्ट्रीय स्मारक और प्रेरणादायक परिसर के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थल स्वतंत्र भारत के महान नेताओं के जीवन, आदर्शों और नेतृत्व को सम्मान देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह परिसर लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और इसके निर्माण पर करीब 230 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसे एक स्थायी राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित किया गया है, जो नेतृत्व मूल्यों, राष्ट्रीय सेवा, सांस्कृतिक चेतना और जन-प्रेरणा को बढ़ावा देगा। इस परिसर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं हैं, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में योगदान का प्रतीक हैं। इसके साथ ही यहां कमल के आकार में बना एक आधुनिक संग्रहालय भी है, जो लगभग 98,000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। इस संग्रहालय में उन्नत डिजिटल और इमर्सिव तकनीक के माध्यम से भारत की राष्ट्रीय यात्रा और इन दूरदर्शी नेताओं की विरासत को प्रदर्शित किया गया है।

'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन निस्वार्थ नेतृत्व, सुशासन और राष्ट्र सेवा के आदर्शों को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## वायुसेना प्रमुख मिस्र के आधिकारिक दौरे पर

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मिस्र के आधिकारिक दौरे पर हैं। वह यहां मिस्र की वायुसेना के कमांडर अब्देल रहमान सकर के निमंत्रण पर पहुंचे हैं। यह दौरा भारत और मिस्र की वायु सेनाओं के बीच आपसी सहयोग, रणनीतिक साझेदारी और सैन्य क्षमताओं के आदान-प्रदान को और मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। अपने इस आधिकारिक मिस्र दौरे के पहले दिन एयर चीफ मार्शल सिंह को मिस्र की वायुसेना की संचालन क्षमताओं, मौजूदा मिशनों तथा रणनीतिक तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान उन्हें मिस्र के एयर डिफेंस और ऑपरेशनल स्ट्रक्चर से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी भी दी गई।

# बिहार ने रचा क्रिकेट इतिहास, 'लिस्ट ए' का बनाया सबसे बड़ा स्कोर

समाज जागरण

बिहार क्रिकेट टीम ने रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में इतिहास रच दिया है। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 574 रन बनाए। यह लिस्ट ए क्रिकेट इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

**बिहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का किया फैसला**

बिहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी, कप्तान साकिबुल गनी और आयुष लोहारुका की शतकीय पारियों की बदौलत टीम ने यह रिकॉर्ड कायम किया।

**वैभव सूर्यवंशी ने महज 36 गेंदों में किया अपना शतक पूरा**

पारी की शुरूआत करने उतरे वैभव सूर्यवंशी ने महज 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 84 गेंदों पर 15 छक्कों और 16 चौकों की मदद से 190 रन की विस्फोटक पारी खेली। वैभव के पास दोहरा शतक पूरा करने का अवसर था, लेकिन वह 27वें ओवर की चौथी गेंद पर आउट हो गए।

**बिहार ने 6 विकेट पर 574 रन बनाकर लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर किया अपने नाम**

कप्तान साकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन बनाए। वहीं आयुष लोहारुका ने 56 गेंदों पर 8 छक्कों और 11 चौकों की सहायता से 116 रन की पारी खेली।




इसके अलावा पीयूष सिंह ने 66 गेंदों पर 77 रन और मंगल महरोर ने 43 गेंदों पर 33 रन का योगदान दिया। इन शानदार पारियों की बदौलत बिहार ने 6 विकेट पर 574 रन बनाकर लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर अपने नाम कर लिया।

**इससे पहले लिस्ट ए क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर तमिलनाडु के नाम था**

इससे पहले लिस्ट ए क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर तमिलनाडु के नाम था, जिसने 2022 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 2 विकेट पर 506 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने 2022 में नीदरलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 498 रन बनाए थे। सरे ने 2007 में ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ 4 विकेट पर 496 रन बनाए थे। इस नए रिकॉर्ड के साथ सरे अब चौथे और इंग्लैंड पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2018 में 6 विकेट पर 481 रन भी बनाए थे। (इनपुट: आईएएनएस)

# आधुनिक हथियार व रिमोट कंट्रोल गन से लैस स्वदेशी पोत तटरक्षक बल में शामिल

समाज जागरण

भारतीय तटरक्षक बल ने पहला स्वदेशी नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' (यार्ड 1267) अपने बेड़े में शामिल किया है। यह पोत आधुनिक हथियारों से लैस है। इन आधुनिक हथियारों में 30 मिमी सीआरएन -91 गन और दो 12.7 मिमी रिमोट कंट्रोल गन शामिल हैं।




पोत में कई उन्नत तकनीक लगाई गई हैं। यह जहाज इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसमें उच्च क्षमता वाली बाहरी अग्निशमन प्रणाली भी मौजूद है। बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह दो पोतों की परियोजना का पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना है। यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम है। साथ ही यह गाढ़े तेल से प्रदूषक निकालने के काम को भी अंजाम दे सकता है। यह जहाज समुद्र में दूषित पानी से तेल अलग करने और समुद्र में व्यापक प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाने में भी सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'समुद्र प्रताप' के निर्माण ने आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूत किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 'समुद्र प्रताप' भारतीय तटरक्षक का सबसे बड़ा पोत है। इसे विशेष रूप से समुद्री प्रदूषण नियंत्रण और आपदा प्रतिक्रिया के लिए तैयार किया गया है। तटरक्षक बल में तैनात किए गए इस जहाज की लंबाई 114.5 मीटर और चौड़ाई 16.5 मीटर है। यह पोत भारतीय तटरक्षक का पहला जहाज है जिसमें डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम (डीपी-1) लगा है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण हैं। ऑयल फिंगर प्रिंटिंग मशीन, रासायनिक पदार्थों का पता लगाने वाला जाइरो-स्टेबलाइज्ड डिटेक्टर और प्रदूषण विश्लेषण की प्रयोगशाला सुविधा इस जहाज में शामिल हैं। भारतीय तटरक्षक बल का 'समुद्र प्रताप' गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित है। पोत के शामिल होने के अवसर पर डीआईजी वी. के. परमार, आईसीजी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, गोवा शिपयार्ड के सीएमडी ब्रजेश कुमार उपाध्याय और दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि 'समुद्र प्रताप' के शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है।

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही भारतीय नौसेना में 'अंजदीप' नामक एक आधुनिक एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट भी शामिल किया गया है। नौसेना को सौंपा गया यह तीसरा एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट है। यह नौसैनिक जहाज पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। सोमवार को चेन्नई में यह नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना में शामिल हुआ था।

## अरावली बचाने को मोदी सरकार का बड़ा एक्शन,

### नई माइनिंग पर लगाया टोटल बैन, मगर कांग्रेस ने उठाए सवाल



नई दिल्ली : अरावली की पहाड़ियों को छलनी करने वालों पर केंद्र सरकार ने हंटर चला दिया है. सरकार ने पूरी अरावली रेंज में नए माइनिंग लीज देने पर 'कंप्लीट बैन' लगा दिया है. यह आदेश अवैध खनन और माफिया राज पर अब तक का सबसे कड़ा प्रहार है. पर्यावरण मंत्रालय ने राज्य सरकारों को दो टूक कह दिया है. अब अरावली के किसी भी हिस्से में खनन की नई मंजूरी नहीं मिलेगी. यह नियम पूरे लैंडस्केप पर समान रूप से लागू होगा. इसका मकसद अनियंत्रित खुदाई को हमेशा के लिए खत्म करना है. सरकार ने साफ कर दिया है कि पर्यावरण और गिरते जलस्तर से कोई समझौता नहीं होगा. अब अरावली में खनन माफिया के लिए 'नए खेल' की कोई गुंजाइश नहीं बची है.

इस फैसले के बीच राजनीति भी गरमा गई है. कांग्रेस ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं. पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि सरकार अरावली की 'परिभाषा' बदलकर लोगों को गुमराह कर रही है. एक तरफ सरकार माइनिंग रोक रही है, तो दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि सरकार की नीतियां ही स्पष्ट नहीं हैं.

## वीर बाल दिवस पर अमित शाह का संबोधन: सिख दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास जारी

समाज जागरण

पंचकूला, 24 दिसंबर: वीर बाल दिवस के अवसर पर माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह ने पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में सिख दंगों के पीड़ितों और साहिबजादों के बलिदान पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में श्री शाह ने कहा, "हमारी सरकार ने सिख दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया है। सिख दंगों के दोषियों की बंद पड़ी फाइलों को दोबारा खोला गया और दोषियों को जेल भेजा गया।"

उन्होंने हरियाणा सरकार की पहल की भी सराहना की और कहा कि "हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी द्वारा सिख दंगों के पीड़ित परिवारों को चिन्हित कर उन्हें नौकरी देने का काम किया गया। इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद।"

कार्यक्रम में साहिबजादों के बलिदान पर आधारित कॉफी टेबल बुक और हरियाणा सरकार द्वारा तैयार किया गया विजन डॉक्यूमेंट 2047 भी जारी किया गया।

मंत्री श्री शाह के इस संबोधन से कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों और अधिकारियों में उत्साह और प्रेरणा का माहौल देखा गया।

# 'हमास चीफ इस्माइल हानिया की मौत से चंद घंटे पहले मिला था', गडकरी ने खुद किया बड़ा खुलासा

समाज जागरण

मिडिल ईस्ट की राजनीति में भूचाल लाने वाली एक घटना, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया था, वह थी हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या. तेहरान में एक बेहद सुरक्षित माने जाने वाले आर्मी कैंपस में उन्हें उड़ा दिया गया था. अब इस घटना के महीनों बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है. गडकरी ने बताया कि अपनी हत्या से महज कुछ घंटे पहले इस्माइल हानिया उनके साथ ही था.

एक बुक लॉन्च के दौरान नितिन गडकरी ने उस रात की पूरी कहानी बयां की, जब वे ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए तेहरान में थे. गडकरी ने उस घटनाक्रम को याद किया जिसने उन्हें हाल के वर्षों की सबसे हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हत्याओं में से एक के बेहद करीब लाकर खड़ा कर दिया था. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुरोध पर वे ईरान गए थे. पीएम मोदी ने उनसे ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने को कहा था. यह एक कूटनीतिक दौरा था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि वहां का माहौल कुछ ही घंटों में इतना भयानक रूप ले लेगा. गडकरी ने बताया कि समारोह से पहले, वे तेहरान के एक आलीशान पांच सितारा होटल में मौजूद थे. वहां का माहौल काफी अनौपचारिक था. दुनिया भर के कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति चाय और कॉफी पर चर्चा कर रहे थे.



**वह आखिरी मुलाकात**

उस शाम को याद करते हुए गडकरी ने कहा, वहां विभिन्न देशों के सभी राष्ट्राध्यक्ष मौजूद थे, लेकिन एक व्यक्ति जो राष्ट्राध्यक्ष नहीं था, वह भी वहां था... हमास नेता इस्माइल हानिया. मैं उससे वहीं मिला था. मैंने उसे राष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश के साथ शपथ ग्रहण समारोह में जाते हुए देखा था. वह वहां मौजूद बाकी गणमान्य लोगों की तरह ही सामान्य दिख रहा था.

# मी लार्ड ! अरावली की भी सुनें




सुप्रीम कोर्ट  को क्या हो गया है? सुप्रीम कोर्ट पहाड़ से भी ज्यादा सुप्रीम हो गया है और ये तय करने लगा है कि पहाड़ की कद-काठी क्या होगी ? सुप्रीम कोर्ट के अरावली पहाड़ियों की परिभाषा बदलने के बाद लगभग पूरे उत्तर भारत में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं.

आप जानते हैं कि अरावली पर्वत श्रंखला भारत की 7 पर्वत श्रंखलाओं में से एक है जो दुनिया की सबसे पुरानी भूगर्भीय संरचनाओं में से एक है, जो राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और राजधानी दिल्ली तक फैली हुई है.

केंद्र सरकार की सिफारिशों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस परिभाषा को स्वीकार किया है, उसके अनुसार आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर (328 फीट) ऊँचे जमीन के हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा.सुप्रीम कोर्ट नेकहा है कि दो या उससे ज्यादा ऐसी पहाड़ियाँ, जो 500 मीटर के दायरे के अंदर हों और उनके बीच जमीन भी मौजूद हो, तब उन्हें अरावली श्रृंखला का हिस्सा माना जाएगा.

मै कानून का मामूली छात्र रहा हूँ  इसलिए दावे के साथ कह सकता हूँ कि हमारे किसी कानून में किसी भी पहाड़ की कद काठी नापने का कोई फामूर्ला नहीं दिया गया है. पहाड़ प्रकृति की संरचना है. दुनिया की कोई अदालत किसी नदी, किसी पहाड, किसी समंदर का आकार तय नहीं कर सकता लेकिन हमारे यहां अदालत नाम की ही नहीं काम की भी सुप्रीम है.

कुछ भी कर सकता है.माननीय अदालत को समझना चाहिए कि अरावली अपनी पैरवी करने अदालत नही आ सकती. आ सकती तो कहती कि-'मी लार्ड !मेरा कद आपका दिया हुआ नहीं है.'इसलिए मुझे संरक्षण दो उत्खनन करने वालों को नहीं.

हिंदुस्तान अकेला देश है जहाँ मनुष्य पहाडों, नदियों और जंगलों का ददुश्मन है. राजसत्ता के संरक्षण में भारत में प्रकृति के हर उपहार का बेरहमी से दोहन किया जा रहा है. सरकार इनपहाडों, जंगलों और नदियों की निगेबान बनने के बजाय उनकी बबार्दी के अभियान में शामिल है. और दुर्भाग्य ये है कि अब देश की सबसे बडी अदालत भी इसमें शामिल हो गई है

मैने दुनिया के तमाम देशों में नदियों, पहाड़ो और जंगलों की परवरिश करते हुए समाज, सरकार और कानून को देखा है. किंतु भारत अकेला ऐसा देश है जहाँ नदियों, जंगलों और पहाडों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है. सरकारें जंगलों को एक रुपये की लीज पर जंगल दे रही है. गंगा जैसी नदियाँ जहरीली हो गई हैं हिमालय को खोखला कर दिया गया है और सुप्रीम कोर्ट मूकदर्शक है.

प्तविशेषज्ञों का कहना है कि छोटी-छोटी झाड़ियों से ढँकी पहाड़ियाँ भी रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल रीचार्ज करने और स्थानीय लोगों के रोजगार में अहम योगदान देती हैं., "अरावली को सिर्फ.ऊँचाई से नहीं बल्कि उसके पर्यावरणीय, भूगर्भीय और जलवायु संबंधी महत्व से परिभाषित किया जाना चाहिए." अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहाड़ों और पहाड़ी प्रणालियों की पहचान उस काम से होती, जो उनके होने से संभव होते हैं न कि ऊँचाई के किसी मनमाने पैमाने से.

मेरी पक्की धारणा है कि"जमीन का कोई भी हिस्सा जो भूगर्भीय रूप से अरावली का हिस्सा है और पर्यावरण संरक्षण या रेगिस्तान बनने से रोकने में अहम भूमिका निभाता है, उसे अरावली माना जाना चाहिए, चाहे उसकी ऊँचाई कितनी भी हो.

हकीकत ये है कि  अरावली पर बेनकाब हुई है सरकार.हकीकत ये भी है कि अदानी को बिहार में पावर प्लांट के लिए 'एक रुपए में एक हजार एकड़' जमीन दे दी गई है ,गुजरात में पाकिस्तान सीमा के पास अदानी के किस प्रोजेक्ट पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं.

स्थानीय कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि सरकार अरावली क्षेत्रों को वैज्ञानिक मानकों से परिभाषित करे, जिसमें उसका भूगोल, पर्यावरण, वन्यजीव संपर्क और जलवायु संघर्ष क्षमता शामिल हो.वैसे अदालत की नई परिभाषा से खनन, निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान होने का खतरा बढ़ जाएगा.

संतोष की बात  है कि विपक्षी दलों ने भी इस मामले में अपनी आवाज तेज कर दी है. उनका कहना है कि नई परिभाषा से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है.समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अरावली की रक्षा को 'दिल्ली का अस्तित्व बचाने से अलग नहीं किया जा सकता.'राजस्थान कांग्रेस के नेता टीका राम जुल्ली ने अरावली को राज्य की 'जीवनरेखा' बताया और कहा कि अगर अरावली न होती तो 'दिल्ली तक का पूरा इलाका रेगिस्तान बन गया होता.'केंद्र सरकार इन चिंताओं को कम गंभीर दिखाने की कोशिश कर रही है.

एक बयान में कहा गया कि नई परिभाषा का मकसद नियमों को मजबूत करना और एकरूपता लाना है.बयान में यह भी कहा गया है कि खनन को सभी राज्यों में समान रूप से नियंत्रित करने के लिए एक स्पष्ट और वस्तुनिष्ठ परिभाषा जरूरी थी.इसमें जोड़ा गया है कि नई परिभाषा पूरे पहाड़ी तंत्र को शामिल करती है , जिसमें ढलानें, आसपास की जमीन और बीच के इलाके शामिल हैं ताकि पहाड़ी समूहों और उनके आपसी संबंधों की सुरक्षा हो सके.मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि 'अभेद्य' क्षेत्रों, जैसे कि संरक्षित जंगल, पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र और आर्द्रभूमि में खनन पर पूरी तरह रोक है.

हालाँकि इसका अपवाद कुछ विशेष, रणनीतिक और परमाणु खनिज हो सकते हैं, जिसकी अनुमति कानूनन दी गई हो.पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि 1,47,000 वर्ग किलोमीटर में फैली अरावली श्रृंखला का सिर्फ.लगभग 2 फीसदी हिस्सा ही संभावित रूप से खनन के लिए इस्तेमाल हो सकता है और वह भी विस्तृत अध्ययन और आधिकारिक मंजूरी के बाद.हालाँकि, विरोध कर रहे कई समूहों ने कहा है कि प्रदर्शन जारी रहेंगे और वे अदालत की नई परिभाषा को चुनौती देने के लिए कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं.

@  राकेश अचल

# दिल्ली से लखनऊ लोकसभा हंगामे और विधानसभा शांति का रहस्य

उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज समाप्त हो गया। पूरे सत्र में शांति और संयम का परिचय देखने को मिला। हल्की-फुल्की नोकझोंक जरूर हुई, लेकिन ऐसा कोई हंगामा नहीं हुआ कि सदन की कार्यवाही ठप हो जाए। इसके विपरीत, लोकसभा का शीतकालीन सत्र हंगामों की भेंट चढ़ गया था। विपक्ष के शोरगुल के कारण अधिकांश दिन सदन की कार्यवाही धाराशायी रही। सवाल उठता है कि दिल्ली से लखनऊ तक यह इतना बड़ा अंतर क्यों? क्या उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी विपक्षी पार्टियां कमजोर होने से शांति बनी रही? उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शरूआत 19 नवंबर 2025 को हुई थी और यह 24 दिसंबर तक चला। स्पीकर सतीश महाना के नेतृत्व में सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सत्र में 98 फीसदी कार्यवाही सुचारू रूप से चली। केवल दो-तीन अवसरों पर विपक्ष ने वॉकआउट किया, लेकिन कोई बड़ा हंगामा नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी (सपा), जो मुख्य विपक्षी दल है, ने विधानसभा बजट, महंगाई और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर बहस की मांग की, लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से हिस्सेदारी निभाई। कांग्रेस, बसपा और अन्य छोटे दल भी संयम बरते। सत्र में 12 विधेयक पारित हुए, जिनमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा (संशोधन) विधेयक और बजट संबंधी प्रस्ताव शामिल थे। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, सत्र की उत्पादकता 85 फीसदी से अधिक रही, जो पिछले पांच वर्षों के औसत से बेहतर है।

इसकी तुलना लोकसभा के शीतकालीन सत्र से करें तो चित्र बिल्कुल उलट है। लोकसभा का सत्र 21 नवंबर से 24 दिसंबर तक निर्धारित था, लेकिन हंगामों ने इसे बर्बाद कर दिया। लोकसभा सचिवालय के आंकड़ों के मुताबिक, 22 बैठकों में से 18 दिन कार्यवाही 5 बजे से पहले स्थगित हो गई। औसत उत्पादकता मात्र 12 फीसदी रही। विपक्ष ने अडानी विवाद, मणिपुर हिंसा और संसदीय समिति रिपोर्टों पर लगातार हंगामा किया। कांग्रेस और सपा ने संयुक्त रूप से स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तक की धमकी दी। 10 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित रही, जब विपक्ष सभापति की कुर्सी के पास धरना दे रहा था। राज्यसभा में भी स्थिति ऐसी ही रही, जहां 15 फीसदी से कम कार्यवाही हो सकी। इस अंतर का प्रमुख कारण राजनीतिक शक्ति संतुलन है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाजपा के पास 273 सीटें हैं, सहयोगी दलों समेत बहुमत 300 से अधिक का। सपा के पास 111, बसपा के 17 और कांग्रेस के मात्र 2 विधायक हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 41 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया, जबकि सपा का 32 फीसदी। यह कमजोरी विपक्ष को आक्रामक हंगामा करने से रोकती है। सपा नेता अखिलेश यादव ने सत्र के दौरान कहा, हम मुद्दों पर बहस चाहते हैं, न कि हंगामा। इसके विपरीत, लोकसभा में स्थिति अलग है। यहां भाजपा के 240 सदस्य हैं, एनडीए समेत 293। लेकिन विपक्ष का इंडिया गठबंधन मजबूत है। कांग्रेस 99, सपा 37, तृणमूल 22 और अन्य के साथ कुल 234 सांसद हैं। 2024 लोकसभा चुनावों में एनडीए को 43 फीसदी वोट मिले, लेकिन विपक्ष ने 41 प्रतिशत हासिल कर सरकार को अल्पमत साबित किया। यह संख्या बल विपक्ष को हंगामा करने का हौसला देता है।

दूसरा कारण क्षेत्रीय राजनीति का प्रभाव है। उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा जातिगत समीकरणों पर निर्भर हैं। यादव-मुस्लिम गठजोड़ सपा का आधार है, लेकिन 2024 लोकसभा चुनावों में सपा ने 37 सीटें जीतीं, फिर भी विधानसभा में कमजोर बनी। सपा विधायक आनंद भदौरिया ने कहा कि विधानसभा चुनावी माहौल था, विधानसभा में विकास के मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। दिल्ली में सपा के राम गोपाल यादव जैसे नेता राष्ट्रीय मुद्दों पर आक्रामक रहते हैं, लेकिन लखनऊ में स्थानीय दबाव उन्हें संयमित रखता है। कांग्रेस की स्थिति और स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश में उसके 2 विधायक हैं, जबकि लोकसभा में 99 सांसद। प्रियंका गांधी की सक्रियता राष्ट्रीय स्तर पर है, लेकिन राज्य स्तर पर कांग्रेस का कोई वजूद नहीं। लोकसभा में राहुल गांधी की ह्लसंविधान बचाओह्व रणनीति ने विपक्ष को एकजुट किया, जो विधानसभा में संभव नहीं।

तीसरा पहलू स्पीकर की भूमिका और सदन संस्कृति का है। उत्तर प्रदेश में स्पीकर सतीश महाना ने विपक्ष को पर्याप्त समय दिया। सत्र में विपक्ष को 25 प्रतिशत प्रश्नकाल मिला। इसके उलट, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला पर विपक्ष ने पक्षपात का आरोप लगाया। नियम 184 के तहत बहस रोकने के फैसले विवादास्पद रहे। राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव कहते हैं, लोकसभा में अल्पमत सरकार होने से विपक्ष आक्रामक है, जबकि यूपी में भाजपा का पूर्ण बहुमत शांति सुनिश्चित करता है। ऐतिहासिक आंकड़े भी यही बताते हैं। 2017-2022 में यूपी विधानसभा की औसत उत्पादकता 70 फीसदी रही, जबकि लोकसभा 2024 में 45 फीसदी से नीचे।

चौथा कारण मीडिया और जनता का दबाव है। लखनऊ में स्थानीय मीडिया सदन की कार्यवाही पर फोकस करता है, हंगामा राष्ट्रीय सुर्खियां नहीं बनाता। दिल्ली में टीवी चैनल हंगामे को लाइव दिखाते हैं, जो विपक्ष को प्रोत्साहित करता है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड ने लोकसभा हंगामे को ईंधन दिया। यूपी में ऐसा नहीं। इसके अलावा, आगामी 2027 यूपी विधानसभा चुनाव विपक्ष को संयम बरतने को मजबूर करते हैं, ताकि विकास विरोधी टैग न लगे।

बहरहाल, यह विरोधाभास भारतीय लोकतंत्र की विविधता दशार्ता है। जहां संख्या बल मजबूत हो, शांति बनी रहती है, जहां संतुलन नाजुक, हंगामा अपरिहार्य। यदि लोकसभा में विपक्ष यूपी जितना कमजोर होता, शायद सत्र सुचारू चलता। लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में यह संतुलन सरकार को सतर्क रखता है। भविष्य में राज्यसभा चुनाव और 2027 यूपी चुनाव इस गतिशीलता को बदल सकते हैं। फिलहाल, लखनऊ की शांति दिल्ली के लिए सबक है। संख्या के साथ संयम ही लोकतंत्र की जीत है।



अजय कुमार

# सुशासन दिवस

सुशासन दिवस प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को पूरे भारत में मनाया जाता है। असल में 25 दिसम्बर हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस है, जो उन्हें हमेशा के लिये आदर और सम्मान देने के लिये सुशासन दिवस के रूप में घोषित किया गया है। भारत सरकार द्वारा यह घोषित किया गया है कि '25 दिसम्बर' (सुशासन दिवस) को पूरे दिन काम किया जायेगा।

**इतिहास**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म दिवस 2014 में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हर साल पूरे भारत में 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी थी। अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाना भारतीय लोगों के लिये बहुत सम्मान की बात है। अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस की पहली घोषणा भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा की गई थी। सुशासन दिवस की घोषणा "ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन के आधार पर की गयी है। ये एक कार्यक्रम है जो सभी सरकारी अधिकारियों को बैठक और संचार के लिये आमंत्रित करके बाद में मुख्य समारोह में शामिल होकर मनाया जाता है। यहाँ एक दिन की लंबी प्रदर्शनी का आयोजन करके और सरकारी अधिकारियों को भाग लेने के साथ ही ई-गवर्नेंस और प्रदर्शनी के बारे में कुछ सुझाव देने के लिये आमंत्रित करके मनाया जाता है। संयोग से भारत में सुशासन दिवस की घोषणा 25 दिसम्बर क्रिसमस उत्सव (एक राजपत्रित अवकाश) से मेल खाती है, हालांकि सुशासन दिवस पर पूरे दिन काम करने की घोषणा की गयी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 90वें जन्मदिन पर ये घोषणा की गयी थी।

**कैसे मनाते हैं?**

राजग सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय की जयंती पर हर साल 25 दिसंबर को 'सुशासन दिवस' मनाने की घोषणा की है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके को मनाने का संदेश भेजा गया। स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी कई गतिविधियों में भाग लेते हैं, जैसेः निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद, समूह चर्चा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, खेल आदि। विद्यार्थीयों की सुगमता के लिए प्रतियोगिताओं की ऑनलाइन व्यवस्था भी की गयी है, जैसेः ऑनलाइन निबंध लेखन, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, आदि। ये घोषणा की गयी कि के दो दिन (25-26 दिसम्बर) चलने वाले समारोह के दौरान सभी विद्यार्थी गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। इस बात कि भी पुष्टि की गयी कि 25 दिसम्बर को ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तो विद्यालयों का खुलना आवश्यक नहीं है। विद्यार्थी चाहे तो प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और नहीं भी, क्योंकि ऑनलाइन प्रतियोगिता स्वैच्छिक है। ये विद्याथीर्यों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये बाध्य करने का समारोह नहीं है। विद्याथीर्यों का भाग लेना या न लेना उनकी अपनी इच्छा पर निर्भर करता है। छात्र अपने घरों या अन्य स्थानों से जहां वो इंटरनेट प्रयोग कर सकते हैं, प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।



**उद्देश्य**

अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में बहुत-से उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये घोषित किया गया है-

सरकारी प्रक्रिया को व्यावहारिक बनाकर देश में एक "खुला और जवाबदेह प्रशासन" प्रदान करने के लिए।

देश में एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन मुहैया कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में लोगों को जागरूक बनाने के लिए मनाया जाता है।

यह भारत में आम नागरिकों के कल्याण और भलाई को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

सरकार के कामकाज के मानकीकरण के साथ-साथ यह भारतीय लोगों के लिए एक अत्यधिक प्रभावी और जवाबदेह शासन के लिए मनाया जाता है।

यह भारत में सुशासन के एक मिशन को पूरा करने के लिए अच्छी और प्रभावी नीतियों को लागू करने के लिए मनाया जाता है।

यह सरकारी अधिकारियों को आंतरिक प्रक्रियाओं और उनके काम के लिये प्रतिबद्ध करने के लिये मनाया जाता है।

सुशासन के माध्यम से देश में वृद्धि और विकास को बढ़ाने के लिए।

नागरिकों को सरकार के करीब लाकर सुशासन की प्रक्रिया में उन्हें सक्रिय भागीदार बनाने के लिए।

# तुलसी पूजन दिवस: दैनिक आराधना से पर्यावरण रक्षा तक

भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अत्यंत विशिष्ट और बहुआयामी रहा है। वह केवल एक औषधीय पौधा या घर के आंगन की शोभा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और जीवन-दर्शन का जीवंत प्रतीक है। तुलसी को ह्यवृंदाह्व और ह्यहरिप्रियाह्व के रूप में साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। विष्णु और श्रीकृष्ण की प्रिय होने के कारण इसका पूजन भारतीय जनमानस में आध्यात्मिक शांति, सुख-समृद्धि और नकारात्मक शक्तियों के शमन का माध्यम रहा है। घर के मध्य या आंगन में स्थापित तुलसी चौरा केवल पूजा का स्थान नहीं होता, बल्कि वह परिवार के नैतिक और मानसिक अनुशासन का केंद्र बन जाता है। प्रातःकाल तुलसी के सम्मुख दीप प्रज्वलन, जल अर्पण और परिक्रमा मनुष्य को प्रकृति और परम चेतना से जोड़ने का एक सहज उपाय है।

तुलसी पूजन दिवस का महत्व इसी सांस्कृतिक दृष्टि से और अधिक स्पष्ट होता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि भारतीय परंपरा में प्रकृति और ईश्वर को कभी अलग नहीं माना गया। वृक्षों, नदियों, पर्वतों और वनस्पतियों में देवत्व की कल्पना दरअसल मनुष्य को प्रकृति के प्रति कृतज्ञ और उत्तरदायी बनाने का एक सूक्ष्म तरीका रहा है। जब हम तुलसी की पूजा करते हैं, तो वह मात्र कर्मकांड नहीं रह जाता, बल्कि जीवनदायिनी प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने की चेतना बन जाता है। यह आध्यात्मिक पक्ष व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ता है और यह बोध कराता है कि उसकी पहचान उन वैदिक परंपराओं में निहित है, जिन्होंने सहस्त्राब्दियों तक मानव और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखा है।

धार्मिक आस्था के साथ-साथ तुलसी पूजन दिवस का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वास्थ्य और आयुर्वेद से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेद में तुलसी को ह्यअमृततुल्यह्व माना गया है और उसे ह्यऔषधियों की रानीह्व कहा गया है। तुलसी के पत्ते श्वसन तंत्र, पाचन, प्रतिरक्षा प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। आज जब आधुनिक जीवनशैली, प्रदूषण और तनाव के कारण मनुष्य अनेक रोगों से ग्रस्त है, तब तुलसी का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। घर में तुलसी का पौधा होना मानो एक प्राकृतिक औषधालय का होना है, जहाँ बिना किसी दुष्प्रभाव के स्वास्थ्य संरक्षण संभव है।

तुलसी पूजन दिवस का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को इस प्राचीन औषधीय ज्ञान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी है। आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ यदि हम अपनी पारंपरिक जड़ी-बूटियों के विज्ञान को समझें और अपनाएं, तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता संभव है। तुलसी के पत्तों का नियमित सेवन मानसिक शांति प्रदान करता है और शरीर को शुद्ध करता है। ह्लहर घर तुलसी, स्वस्थ घरह्व का संकल्प इस बात का प्रतीक है कि भारतीय समाज फिर से अपने आयुर्वेदिक ज्ञान को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह आंदोलन तुलसी को केवल पूजा का विषय न बनाकर दैनिक जीवन की आवश्यकता के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है।

तुलसी पूजन दिवस का आधुनिक स्वरूप वर्ष 2014 के बाद सामने आया, जब इसे 25 दिसंबर को एक संगठित सांस्कृतिक अभियान के रूप में मनाने का आह्वान किया गया। इस तिथि का चयन प्रतीकात्मक महत्व रखता है। जिस दिन विश्व का एक बड़ा हिस्सा क्रिसमस को उपभोक्तावादी और बाजार-आधारित उत्सव के रूप में मनाता है, उसी दिन तुलसी पूजन के माध्यम से एक वैकल्पिक उत्सव दृष्टि प्रस्तुत की गई। यह संदेश स्पष्ट है कि उत्सव केवल उपहारों, सजावट और उपभोग तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे आत्मसंयम, प्रकृति-संरक्षण और आंतरिक संतुलन का भी माध्यम हो सकते हैं। यह किसी अन्य संस्कृति के विरोध का प्रयास नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक दृष्टि को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का एक तरीका है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से तुलसी पूजन दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वायु प्रदूषण और घटता हरित क्षेत्र आज की सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। ऐसे समय में तुलसी जैसे छोटे पौधे का महत्व असाधारण हो जाता है। तुलसी वातावरण को शुद्ध करने, ऑक्सीजन उत्सर्जन और कीटाणुनाशक गुणों के लिए जानी जाती है। इस दिवस पर होने वाले सामूहिक पौधारोपण अभियान शहरी जीवन में हरियाली लौटाने की प्रेरणा देते हैं। बालकनी, छत या घर के छोटे से कोने में लगाया गया तुलसी का पौधा एक ह्यमिनी ग्रीन जोनह्व का निर्माण करता है। जब एक बच्चा अपने माता-पिता के साथ तुलसी का पौधा लगाता है, तो वह केवल एक पौधा नहीं रोपता, बल्कि अपने भीतर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना भी विकसित करता है। ह्लएक पौधाङ्मएक परिवारङ्मएक संस्कारह्व का विचार इस उत्सव की आत्मा है। यह हमें सिखाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल नीतियों और सम्मेलनों से नहीं, बल्कि हर नागरिक के छोटे-छोटे प्रयासों से संभव है। तुलसी पूजन दिवस इस व्यक्तिगत जिम्मेदारी को सामूहिक चेतना में बदलने का कार्य करता है।

सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी तुलसी पूजन दिवस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। तेजी से बढ़ते पश्चिमीकरण और उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों के बीच भारतीय युवाओं का अपनी परंपराओं से दूर होना एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में तुलसी पूजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का अवसर मिलता है। यह दिवस यह सिखाता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि संतुलन में रहकर ही समाज को सशक्त बना सकते हैं। घर में तुलसी के बहाने होने वाली दैनिक पूजा, ध्यान और मंत्र-जप मानसिक तनाव को कम करते हैं और पारिवारिक सामंजस्य को बढ़ाते हैं। सामूहिक भजन-कीर्तन और पारिवारिक सहभागिता व्यक्ति को एकाकीपन से बाहर निकालकर समाज से जोड़ती है। अंततः तुलसी पूजन दिवस केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय समाज के आत्ममंथन और पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह हमें यह सोचने पर विवश करता है कि हम किस प्रकार के उत्सव चाहते हैं– केवल उपभोग पर आधारित या जीवन और प्रकृति के प्रति संवेदनशील। 25 दिसंबर को तुलसी पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि संस्कृति स्थिर नहीं होती; वह समय के साथ संवाद करती है और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालती है। यदि यह दिवस हमें अधिक संयमित, अधिक संवेदनशील और अधिक प्रकृति-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है, तो इसका महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय और मानवीय स्तर पर भी अत्यंत व्यापक और स्थायी हो जाता है।

महेन्द्र तिवारी

# जिंदगी एक जंग है

ज़िन्दगी एक जंग है इस जंग में,
हार कर भी हौसला खोना नहीं।
मुशिबतें सैकड़ो आएगी जीवन मे,
जिसे देखकर कभी घबराना नही।
जख़्म तुम्हारे तन पर हो या मन पर,
जंग-ए-मैदान से पीछे मुड़ना नहीं।
हार कर भी जंग में जो जूझता है,
जीत उसके ही चरण को चूमता है।
इतिहास गवाह है वीर शहीदों की,
प्राण गवाएं पर पीठ दिखलाया नही।
आज नमन करते है उनको सभी,
जिसने कभी रणभूमि से भागा नही।
जिंदगी एक जंग है इस जंग में,
सर कटा देना पर झुकने देना नही।
गिर जाते है ताज झुकी हुई सर से,
उस ताज को सर से गिरने देना नही।
भाग जाते है मैदाने जंग से जो कभी,
कायर कहते है उन्हें आजीवन सभी।
जीवन संघर्ष है हार कभी जाना नही,
एक दिन टूटेगी मजबूत दीवारें सभी।
जिंदगी एक जंग है जीत जरूर होगी,
बेड़ियां टूटेगी जब इंकलाब तेज होगी।
जिंदगी की जंग में पीठ दिखलाना नही,
हार कर भी तुम कभी हार मान जाना नही।
हौसले बुलंद कर वक्त का इतंजार करो,
जीत जरूर होगी वक्त का इंतजार करो।



वेद प्रकाश

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला  सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण: बंदियों के सुधार और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लिया गया जायजा

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 24 दिसंबर, 2025: जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के जीवन में सकारात्मक सुधार लाने और कारागार व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से माननीय जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव और जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कारागार का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण से पूर्व दोनों अधिकारियों ने जनपद न्यायाधीश कार्यालय कक्ष में मॉनिटरिंग सेल की बैठक में कारागार की समग्र व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार परिसर में कार्यालय भवन, स्वच्छता इकाई, प्रशिक्षण केंद्र, पुस्तकालय, सांस्कृतिक कक्ष, वर्मी कंपोस्ट निर्माण इकाई, औषधि वाटिका, मधुमक्खी पालन इकाई और जैविक खेती (पपीता, मशरूम, स्ट्रॉबेरी सहित अन्य सब्जियां) से संबंधित कार्यक्रमों का गहन अवलोकन किया। जेल अधीक्षक ने बंदियों के सुधारात्मक, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।



जनपद न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बंदियों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनके अनुभव, कौशल विकास और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। न्यायाधीश ने बंदियों को रोजगारपरक कौशल अर्जित करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारियों ने पुस्तकालय, आर्ट एवं डांस रूम, संगीत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और सैलून कक्ष का भी अवलोकन किया। बंदियों द्वारा प्रस्तुत सिलाई, चित्रकला, गायन, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को देखकर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे बंदियों के मानसिक, रचनात्मक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत प्रभावी बताया।

निरीक्षण में कारागार की समग्र सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, आपातकालीन प्रबंधन और कर्मियों की कार्यप्रणाली का भी गहन परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सतत निगरानी, तकनीकी उन्नयन और संवेदनशील कार्यशैली कारागार व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और मानवीय बना रही है।

जिला न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने कारागार प्रशासन द्वारा संचालित सुधारात्मक गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना की और निर्देश दिए कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास हेतु निरंतर और प्रभावी प्रयास जारी रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम होना चाहिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मयंक पाठक, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय रवि सागर, एडिशनल कमिश्नर मुख्यालय अजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, जिला कारागार अधीक्षक बृजेश कुमार, जेलर राजेश कुमार मौर्य, संजय कुमार शाही सहित अन्य प्रशिक्षण अधिकारी और कारागार कर्मी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर के सौजन्य से।

## ट्रेनर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य समापन, 30 प्रतिभागियों को मिला प्रभावी प्रशिक्षण का व्यावहारिक ज्ञान

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 24 दिसंबर 2025:जिला ग्राम्य विकास संस्थान, दादरी (गौतमबुद्धनगर) में आयोजित 03 दिवसीय ट्रेनर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल एवं भव्य समापन आज जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 22-12-2025 से प्रारम्भ हुआ था, जिसमें कुल 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने की बारीकियों, एक अच्छे प्रशिक्षक के आवश्यक गुणों तथा प्रभावी प्रशिक्षण तकनीकों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इस योग्य बनाया गया कि वे न केवल अच्छे प्रशिक्षक बन सकें, बल्कि गुणवत्ता युक्त एवं परिणामोन्मुख प्रशिक्षण भी प्रदान कर सकें। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रशिक्षक होपेन्द्र सिंह, डॉ. विजय पाल सिंह एवं श्रेयांश चौधरी की विशेष सहभागिता रही। सभी वातार्कारों ने अपने अनुभवों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक, उपयोगी एवं व्यवहारिक बनाया।



प्रशिक्षण सत्रों में वातार्कारों द्वारा प्रशिक्षण के चार स्तरों की आवश्यकता एवं अवधारणा, प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षक की भूमिका, प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के कार्य एवं दायित्व, सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु लर्निंग यूनिट का निर्माण, गतिविधियों के माध्यम से विषय की समझ विकसित करना, लेक्चर/भाषण तैयार कर प्रशिक्षण देना तथा समूह कार्य के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने का अभ्यास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

व्यावहारिक अभ्यास, समूह गतिविधियों एवं सहभागितापूर्ण सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रशिक्षण कौशल का विकास हुआ। समापन अवसर पर डॉ. प्रियंका शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक प्रभावी प्रशिक्षक वही होता है, जो सीखने की प्रक्रिया को सरल, रुचिकर एवं सहभागी बनाता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने हेतु शुभकामनाएं दीं।

यह तीन दिवसीय ट्रेनर ओरिएंटेशन कार्यक्रम क्षमता निर्माण एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सफल पहल सिद्ध हुआ। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## पुलिस व आरएएफ का संयुक्त फ्लैग मार्च आयोजित कर असामाजिक तत्वों को दिया कड़ा संदेश

**समाज जागरण**

लोनी, 24 दिसंबर: क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को थाना लोनी क्षेत्र में पुलिस तथा आरएएफ 108 बटालियन ने संयुक्त रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य स्थानीय लोगों में सुरक्षा व विश्वास की भावना मजबूती प्रदान करना था।



पुलिस उपायुक्त व वरिष्ठ अधिकारीगण की मौजूदगी में आयोजित यह फ्लैग मार्च थाना लोनी क्षेत्र के अली विहार, लोनी तिराहा, मुर्गी मार्केट व गली सब्बल फैक्ट्री मार्ग सहित विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने जनता से संवाद करते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया।

अधिकारियों ने बताया कि फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया है कि कानून व्यवस्था के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि पुलिस हर स्थिति में उनके साथ है।

इस मौके पर थाना प्रभारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षकगण पुलिस कर्मियों के अलावा आरएएफ 108 बटालियन के मौजूद रहे।

## लोनी रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**समाज जागरण**

लोनी, 24 दिसंबर: बुधवार तड़के लोनी थाना अंतर्गत दिल्ली-सहारनपुर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलने पर मय हमराह मौके पर पहुंचे लोनी थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने मृतक की पहचान करने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए गाजियाबाद मोर्चरी भिजवा दिया है. जो मृतक की शिनाख्त एवं उसकी मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास में जुटी है।

## श्यामलता मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे उत्सव



**समाज जागरण**

लोनी, 24 दिसंबर: श्यामलता मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार के दिन क्रिसमस डे कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में क्रिसमस के आनंद भरे गीत और कविताएँ प्रस्तुत करते हुए सभी आगंतुओ का मन मोह लिया।

दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुये इस कार्यक्रम के इस मौके पर

प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने अपशिष्ट (अनुपयोगी) सामग्री से सुंदर क्रिसमस ट्री बनाकर ना कि अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया बल्कि क्रिसमस के महत्व से जुड़ी कहानियाँ सुनाकर खूब वाह वाही भी लूटी। वहीं वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों ने क्रिसमस ट्री को मुग्धता रूप देकर उत्सव को और भी चार चांद लगा दिए थे।

अंत में विद्यालय के प्रभारी श्री अमित भारद्वाज एवं श्री कमल किशोर के मार्गदर्शन में यह रंगीन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. जो प्रेम, आनंद और एकता के संदेश साक्षी बना। इस अवसर समस्त स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएं, अभिभावक व अन्य गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप बुकिंग कन्फर्म कृषकों के लिए अवशेष अंश जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 24 दिसंबर, 2025: प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सोलर पंप स्थापना हेतु कृषकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं बुकिंग विभागीय पोर्टल के माध्यम से कराई गई थी। जिन कृषकों द्वारा सोलर पंप हेतु की गई बुकिंग को कन्फर्म कर दिया गया है, उनके लिए अवशेष कृषक अंश जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। संबंधित कृषक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से चालान प्रिंट कर निर्धारित समयावधि के भीतर अवशेष धनराशि अनिवार्य रूप से जमा करा लें।

उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि सोलर पंप हेतु कृषकों के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन, पारदर्शी एवं विभागीय पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाती है। टोकन कन्फर्म होने के पश्चात कृषि विभाग द्वारा पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के मोबाइल नंबर पर संदेश प्रेषित किया जाता है। इसके उपरांत कृषकों द्वारा चालान जनरेट करने के बाद ही ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से धनराशि जमा की जाती है।

उन्होंने कृषक भाइयों से अपील की कि यदि किसी प्रकार का भ्रामक फोन कॉल प्राप्त हो, जिसमें धनराशि जमा करने के लिए कहा जाए, तो ऐसे किसी भी कॉल पर विश्वास न करें और धनराशि जमा न करें। इस संबंध में तत्काल कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय को सूचित करें, जिससे संबंधित के विरुद्ध साइबर सेल में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# बांग्लादेश में हिंदूओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने काटा हंगामा

**समाज जागरण**

लोनी, 24 दिसंबर: विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल जिला कार्यकताओं ने सोमवार को लोनी तिराहे पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट करते हुए जमकर हंगामा कांटा। प्रदर्शन के दौरान संगठन के कार्यकताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही कथित हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त की।




विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला मंत्री अजय ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कथित रूप से जिहादी तत्वों की गतिविधियां बढ़ी हैं और हिंदू समुदाय के लोगों के उत्पीड़न उत्पीड़न की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं। जिला मंत्री का आरोप है कि मेमनसिंह जिले के भालुका क्षेत्र में एक हिंदू श्रमिक दीपू दास की ईशनिंदा के कथित आरोप में हत्या कर दी गई, जिसकी घटना से समाज में रोष है।

जबकि श्री राजेश्वरी नन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और इसे रोकने में स्थानीय प्रशासन असफल दिखाई दिया।

वहीं जिला धर्म प्रसार प्रमुख हरदीप सिंह का आरोप है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है और प्रशासनिक निष्क्रियता से हिंसक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है।

प्रदर्शनकारी विहिप-बजरंग दल कार्यकताओं ने मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो. इसके साथ ही संगठन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किए जाने की मांग भी की हैं।

प्रदर्शन करियों में मुख्य रूप से श्री राजेश्वरी नन्द सरस्वती महाराज (अग्नि अखाड़ा), जिला मंत्री अजय, ज़िला उपाध्यक्ष धनलाल द्विवेदी, ज़िला धर्म प्रसार प्रमुख हरदीप सिंह सहित अमित, हरदीप, दीपक, राजेश, अंकित नागर, सोनू, रविन्द्र, मुकेश, अजीत अभिषेक व विपिन आदि के अलावा प्रखंड एवं खंड स्तर के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नोएडा में अंतरराज्यीय चोरों की गिरफ्तारी: चोरी का माल, वाहन और अवैध शस्त्र बरामद

**समाज जागरण**

नोएडा, 24 दिसंबर: थाना फेस-1 नोएडा क्षेत्र में बंद दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले दो अंतरराज्यीय चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी किया गया सामान, घटना में प्रयुक्त वाहन और अवैध शस्त्र भी बरामद किए हैं।




पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी नियमित रूप से विभिन्न राज्यों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में लिप्त थे। पुलिस ने उनके कब्जे से बरामद सामग्री को अग्रिम जांच और मामले की छानबीन के लिए अपने कब्जे में लिया है।

थाना फेस-1 के अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और दुकानदारों को सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

पुलिस ने बताया कि आरोपी अब कोर्ट में पेश किए जाएंगे और उनके खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की सतर्क और त्वरित कार्रवाई से नोएडा क्षेत्र में अपराध पर कड़ा संदेश जाएगा। यह गिरफ्तारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सतर्कता और अंतरराज्यीय समन्वय की एक सफल पहल के रूप में देखी जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप जलाकर दी अटल जी को श्रद्धांजलि

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**बुधवार को लोकभवन में अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर पुण्य स्मृतियों को किया नमन**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 24 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर बुधवार को लोकभवन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी पुण्य स्मृतियों को नमन किया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के माध्यम से न केवल प्रदेश बल्कि देश भर में उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और सार्वजनिक जीवन में उनकी मर्यादित राजनीतिक शैली को स्मरण किया जा रहा है। लोकभवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भी अटल जी के जीवन और कृतित्व को केंद्र में रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**पूरा देश करेगा अटल जी की स्मृतियों को याद**

गुरुवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विभिन्न स्मरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से अटल जी के विचारों, नीतियों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। संगोष्ठियों, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उनकी विरासत को सम्मानपूर्वक स्मरण किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में संवाद, सहमति और राष्ट्रहित के संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान देश ने राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक सुधारों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए। उनकी कवि संवेदना और राजनेता के रूप में दूरदर्शिता आज भी सार्वजनिक जीवन में आदर्श के रूप में देखी जाती है।

## नोएडा पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान, ऑनलाइन ठगी से बचाव की दी जानकारी

नोएडा। पुलिस आयुक्त नोएडा के निर्देशन एवं डीसीपी साइबर सुरक्षा के पर्यवेक्षण में साइबर सेल टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, विभिन्न कार्यस्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित लोगों को वर्तमान समय में बढ़ रहे ऑनलाइन ठगी के मामलों, OTP फ्रॉड, फेक लिंक, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया हैकिंग सहित अन्य साइबर अपराधों के तरीकों की जानकारी दी गई।<

# टीएमयू में एनएमसी के निर्देश पर बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन पर वर्कशॉप

**समाज जागरण**

नेशनल मेडिकल काउंसिल- एनएमसी के दिशानिर्देशों पर तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर- टीएमएमससीआरसी के मेडिकल एजुकेशन यूनिट- एमईयू की ओर से बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन- बीसीएमई पर तीन-दिनी वर्कशॉप में आइस ब्रेकिंग और ग्रुप डायनामिक्स, सीखने की प्रक्रिया, सीखने के डोमेन और सीखने के सिद्धांत, लक्ष्य, भूमिकाएं और योग्यताएं आदि की ट्रेनिंग दी गई। सीबीएमई में टीचिंग लर्निंग मेथड्स- टीएलएम, असेसमेंट का परिचय, इंटरनल असेसमेंट और फॉर्मेटिव असेसमेंट, एईटीसीओएम कॉन्सेप्ट और कंडक्ट, कॉन्सेप्ट और कंडक्ट, प्रभावी क्लिनिकल और प्रैक्टिकल स्किल टीचिंग, उद्देश्यों और दक्षताओं के लिए टीएलएम को अलाइन करना, असेसमेंट प्लानिंग, लेसन प्लान लिखना, असेसमेंट प्लानिंग और क्वालिटी एश्योरेंस, सही निबंध प्रश्न, छोटे उत्तर वाले प्रश्न और एमसीक्यू लिखना, दक्षता, उद्देश्यों और सीखने के साथ असेसमेंट का मिलान, क्लिनिकल और प्रैक्टिकल स्किल्स का असेसमेंट, एकेडमिक ग्रोथ और नेटवर्किंग, दक्षता और टीएलएम के साथ असेसमेंट को अलाइन करना, मेंटरिंग, और दक्षताओं के आधार पर एक चरण के लिए शेड्यूल का ड्राफ्ट तैयार करना भी बताया। वर्कशॉप के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स भी वितरित किए गए।

बीसीएमई रीजनल सेंटर- एसआरएमएसआईएमएस, बरेली के तहत मेडिकल फैकल्टीज को नए एमबीबीएस करिकुलम में हुए बदलावों के बारे में जागरूक करना रहा। साथ ही ट्रेनर्स को फैसिलिटेटर के रूप में प्रशिक्षित करना था। वर्कशॉप में एनएमसी ऑब्जर्वर एसआरएमएसआईएमएस, बरेली के एमईयू-कोऑर्डिनेटर और आरसी कन्वीनर डॉ. जसविंदर सिंह की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। वर्कशॉप में टीएमयू मेडिकल एजुकेशन और करिकुलम कमेटी के सदस्यों- प्रिंसिपल डॉ. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल एवम् फामाकोलॉजी के एचओडी और एमईयू कोऑर्डिनेटर प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, रेडियोडायग्नोसिस के सीनियर प्रोफेसर प्रो. राजुल रस्तोगी, पैथोलॉजी की एचओडी डॉ. सीमा अवस्थी, डॉ. आशुतोष कुमार, कम्युनिटी मेडिसिन की प्रोफेसर डॉ. साधना सिंह, रेडियोडायग्नोसिस की डॉ. श्रुति चंदक, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. सुधीर सिंह, एनेस्थिसियोलॉजी की डॉ. पायल जैन, पैथोलॉजी के डॉ. अर्नव कुमार रॉय चौधरी, डॉ. प्राची सिंह, डॉ. फैजा सामिन को 2015 से रीजनल सेंटर/नोडल सेंटर द्वारा संशोधित बेसिक कोर्स वर्कशॉप और एईटीसीओएम ट्रेनिंग/बीसीएमई के लिए प्रशिक्षित किया गया है। फेज वन में विभागों से 2 प्रतिभागी; फेज सेकेंड में विभागों से 4 प्रतिभागी और फेज थर्ड में विभागों से 24 प्रतिभागियों का चयन किया गया। वर्कशॉप में नए कॉन्सेप्ट जैसे- इलेक्टिव, अर्ली क्लिनिकल एक्सपोजर और स्किल असेसमेंट पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# विपक्ष हर मुद्दे को केवल वोट बैंक के नजरिए से देखता है, चाहे किसान हों या दलित- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 24 दिसंबर। यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष को किसानों के मुद्दे पर आइना दिखाया। उन्होंने बताया कि किस तरह पूर्व की सरकारों में किसानों की अनदेखी की गई। किसानों को सिर्फ वोटबैंक की तरह देखा गया, उनके उत्थान के लिए कोई विशेष कार्य नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज खेती को बाजार, तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ने का मजबूत तंत्र तैयार हो चुका है। एक्सप्रेस-वे, लॉजिस्टिक पार्क और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण किसानों की उपज अब राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार तक आसानी से पहुंच रही है। एग्रीकल्चर वैल्यू चेन को मजबूती देने के लिए स्टोरेज, प्रोसेसिंग सेंटर और कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है, जिससे इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश भी बढ़ा है।

20 प्वाइंट में मुख्यमंत्री के भाषण के प्रमुख अंश इस प्रकार हैंझ

1. अन्नदाता किसान हमारे लिए वोट नहीं, वह सम्मान का पात्र है।

2. यूपी के पास उपजाऊ जमीन और प्रचुर जल संसाधन होने के बावजूद पहले किसानों को आधुनिक तकनीक और बेहतर बीज नहीं दिए गए।

3. किसान दिवस के अवसर पर किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती पर विधान भवन के सामने आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष की गैरमौजूदगी दुर्भाग्यपूर्ण रही।

4. सीएम ने कहाझ विपक्ष हर मुद्दे को केवल वोट बैंक के नजरिए से देखता है, चाहे किसान हों या दलित। इसी वजह से उनके हितों में वास्तविक काम नहीं हुआ। किसानों के बारे में विपक्ष का आचरण यही है।

5. मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क के लिए जमीन आवंटन का काम प्रारंभ किया। आपके समय में क्या होता था? उस दौरान लागत ज्यादा थी, उत्पादन कम था, बाजार नहीं था, किसान तबाह था, परेशान था। बिचौलियों के द्वारा लाभ ले लिया जाता था।

6. आज किसान सुरक्षित हैं। किसान को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यूपी आज देश के अंदर गन्ना उत्पादन का नंबर एक का राज्य है।

7. आपके समय में चीनी मिलें बिकती थीं, बंद होती थीं। वर्षों-वर्षों गन्ना मूल्य बकाया रहता था, किसान तरसता था। अब यह स्थिति नहीं है। अन्नदाता किसान हमारे लिए वोट नहीं, वह सम्मान का पात्र हैं।

8. अन्नदाता को नई तकनीक के साथ आच्छादित किया जा रहा है।

9. 22 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई की सुविधा दी गई है। विपक्ष ने 8 प्रतिशत कृषि विकास की दर रखी थी। अब यह बढ़कर 18 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

# देवेंद्र गुप्ता 'मोनू' के अप्रवासी सदस्य चुने जाने पर किया गया सम्मान

## वार्ष्णेय समाज में खुशी की लहर, चंदौसी का नाम किया रोशन

**समाज जागरण**

चंदौसी। श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की एक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय, चंदौसी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने की। इस अवसर पर श्री वार्ष्णेय कॉलेज, अलीगढ़ की प्रबंध समिति में देवेंद्र गुप्ता मोनू के अप्रवासी सदस्य पद पर निर्वाचित होने पर उन्हें शाल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि देवेंद्र गुप्ता मोनू ने अलीगढ़ वार्ष्णेय कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव में अप्रवासी सदस्य पद पर प्रचंड मतों से विजय प्राप्त कर चंदौसी नगर का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि वार्ष्णेय समाज सदैव शिक्षा और समाज की उन्नति में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। आने वाले समय में पूरे देश के वार्ष्णेय समाज का एक भव्य सम्मेलन चंदौसी में आयोजित किए जाने की भी योजना है।

मयंक वार्ष्णेय चिंकल ने कहा कि यह चंदौसी नगर के लिए गर्व का विषय है कि अब अलीगढ़ वार्ष्णेय कॉलेज की प्रबंध समिति में चंदौसी का प्रतिनिधित्व होगा।

इस अवसर पर लक्की वार्ष्णेय, निक्कू वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, कार्तिक वार्ष्णेय, वर्ण वार्ष्णेय, अमित चौधरी, मनतेश वार्ष्णेय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पलिया आगमन पर नेपाल के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह का भव्य स्वागत

## भाजपा नेता रवि गुप्ता के नेतृत्व में हुआ सम्मान, सीमा क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह का पलिया आगमन क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय रहा। नेपाल के मुख्यमंत्री अपने डेलिगेशन के साथ भारत भ्रमण के दौरान दिल्ली, हरिद्वार सहित अन्य स्थानों पर देश की कई प्रमुख हस्तियों से मुलाकात कर नेपाल लौट रहे थे। प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें बनबसा बॉर्डर से लौटना था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी, पलिया जिला बनाओ मंच के संयोजक रवि गुप्ता के निमंत्रण पर उन्होंने गौरीफंटा सीमा मार्ग से नेपाल लौटने का निर्णय लिया।



पलिया पहुंचने पर भाजपा नेता रवि गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ नेपाल के मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शाह का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र ओढ़ाया गया तथा उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। यह स्वागत समस्त भारतीयों, उत्तर प्रदेश, लखीमपुर जनपद, पलिया विधानसभा की जनता एवं भारतीय जनता पार्टी परिवार की ओर से किया गया।

अपने संबोधन में नेपाल के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह ने भाजपा नेता रवि गुप्ता की मांग पर आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में नेपाल में किसी भी भारतीय नागरिक को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और न ही नेपाल की धरती पर किसी भी भारत विरोधी गतिविधि को अंजाम देने दिया जाएगा। इस अवसर पर रवि गुप्ता ने भारतझ नेपाल सीमा पर निवास करने वाली जनता की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर शीघ्र समाधान का भरोसा दिया गया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेपाल में कार्य देखने वाले श्री हरकेश्वर जी, श्री मोहनराज जोशी जी, मुख्यमंत्री के डेलिगेशन के सदस्य सहित अनुज स्वरूप शुक्ला, देवराज गर्ग, एडवोकेट विजय वाजपेई, राघव हिंदू, विशाल गुप्ता, आकाश बाजपेई, सतीश श्रीवास्तव, डॉ. संजू विश्वास, अंशुल गुप्ता, राम प्रकाश भास्कर, कमल नाग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पलिया विधानसभा एवं लखीमपुर जनपदवासियों के लिए यह विशेष गर्व की बात रही कि नेपाल के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह भाजपा नेता रवि गुप्ता के अभिन्न मित्र हैं, जिससे भारतझनेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश का पुतला जलाया

## हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बसढ़िया चौराहे पर प्रदर्शन

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में गुरुवार को लखीमपुर खीरी के बसढ़िया चौराहे पर हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया और बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों पर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। आरोप लगाया गया कि कई मामलों में हिंदू युवकों को अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किया गया, जिससे हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसी के विरोध में हिंदू संगठनों के लोग सड़कों पर उतर आए और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान बसढ़िया चौराहे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही। कार्यक्रम में अमित अवस्थी, हर्षित मिश्रा मासूम, सोम पांडेय, पवन, सचिन, भानू, अर्पित, आशुतोष मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी गई।

# चोरों ने 100 मीटर के दायरे में पांच चोरी की वारदातों को दिया अंजाम

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर नगर के हल्दौर रोड पर पिछले कुछ दिनों में अज्ञात चोरों ने 100 मीटर के दायरे में पांच चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। इन घटनाओं में ई-रिक्शा शोरूम, सरिया -सीमेंट की दुकान, स्टेशनरी की स्टेशनरी की दुकान और ट्रैक्टरों से सामान चोरी हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही -है। जानकारी के अनुसार गांव नहेड़ा निवासी फुरकान अहमद का हल्दौर रोड पर एक ई-रिक्शा शोरूम का गोदाम है। पुलिस सरिया सीमेंट और स्टेशनरी की दुकान में हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए जब फुरकान के शोरूम के गोदाम पर पहुंची, तो गोदाम का दरवाजा खुला मिला। - सूचना पर फुरकान अहमद मौके पर पहुंचे और गोदाम के अंदर से स्कूटी की 11 लिथियम



बैटरियां तथा कुछ गिफ्ट चोरी होने का पता चला। चोरी हुए सामान की कीमत करीब चालीस हजाररुपये बताई गई है। चोर छत के रास्ते से शोरूम के गोदाम में घुसे थे। इससे कुछ ही दूरी पर कुलवीर चौधरी की सरिया सीमेंट

और उनके भाई कुलदीप की स्टेशनरी की दुकान में भी चोरी हुई थी। अज्ञात चोरों ने इन दुकानों से करीब की दुकान पांच हजार रुपये नकद और चार चांदी के सिक्के चुरा लिए थे। पुलिस इन्हीं चोरियों की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी, जब उन्हें ई-रिक्शा शोरूम के गोदाम का दरवाजा खुला मिला। हल्दौर रोड पर हुई अन्य चोरियों में जहीन अंसारी की चौखट विंडो की टाल पर खड़ी ई-रिक्शा से एक बैटरी, प्रकाश हॉस्पिटल के पास खड़े एक ट्रैक्टर से बैटरी और उससे आगे एक प्रधान के घर के सामने खड़े दो ट्रैक्टरों से बैटरियां चोरी होने की घटनाएं भी शामिल हैं। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि इन सभी मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है।

# एसडीएम ने किया रेन बसेरों का निरीक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद बढ़ती ठंड के मद्देनजर नगर पालिका परिषद की ओर से बनाए गए रेन बसेरो का उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त पाया। मंगलवार की रात एसडीएम शैलेन्द्र कुमार ने रोड़वेज बस स्टैंड और संतोषी माता मंदिर के निकट बनाए गए दोनों रेन बसेरो का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नगर पालिका अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने व्यवस्थाएं ठीक पाई। इस मौके पर नगर पालिका परिषद सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, आकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।



# एस.एम. कॉलेज चंदौसी के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन

## अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 11 पदक जीतकर बढ़ाया कॉलेज का मान

**समाज जागरण**

चंदौसी। अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता में एस.एम. कॉलेज चंदौसी के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रजत एवं कांस्य पदक अर्जित कर अपने परिश्रम, अनुशासन और खेल कौशल का प्रभावी परिचय दिया।



यह प्रतियोगिता गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एस.एम. कॉलेज चंदौसी के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों और निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। पुरुष वर्ग में एस.एम. कॉलेज चंदौसी की टीम ने रिले दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम में अवनीश कुमार (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), सचिन (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), सचिन शर्मा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) एवं सौरभ (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) शामिल रहे। महिला वर्ग में कॉलेज की छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 110 मीटर बाधा दौड़ में रश्मि (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने रजत पदक, गोला फेंक में प्रतिभा सिंह (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने रजत पदक तथा ऊंची कूद प्रतियोगिता में भी रजत पदक प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 24 दिसंबर 2025 को एस.एम. कॉलेज चंदौसी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. जितेंद्र कुमार, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. सुरभि यादव, डॉ. विशेष कुमार पाण्डेय, अजीत सिंह, एकता भारती, वीर सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

क्रीड़ा प्रभारी प्रो. दीप कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं का खेलों के प्रति रुझान निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# लखीमपुर होकर चलेगी आला हजरत एक्सप्रेस

## दिल्ली होते हुए भुज तक का होगा सीधा रेल संपर्क, रेलवे बोर्ड को भेजा गया प्रस्ताव

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर जिले के यात्रियों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही आला हजरत एक्सप्रेस लखीमपुर के रास्ते होकर चलाई जा सकती है। उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे ने संयुक्त रूप से रेलवे बोर्ड को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें भुज से बरेली के बीच चलने वाली दैनिक आला हजरत एक्सप्रेस का विस्तार लखनऊ से वाया सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत होकर करने का सुझाव दिया गया है।



प्रस्ताव के अनुसार यह ट्रेन लखनऊ से चलकर सीतापुर, लखीमपुर, गोला, मैलानी, पूरनपुर और पीलीभीत होते हुए बरेली पहुंचेगी, जहां से रिवर्सल लेकर दिल्ली के रास्ते भुज तक जाएगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार नई समय सारिणी में यह ट्रेन प्रतिदिन रात्रि 10 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर रात 12 बजे सीतापुर, 12:50 बजे लखीमपुर, 1:20 बजे गोला, 2:00 बजे मैलानी, 2:50 बजे पूरनपुर, सुबह 4 बजे पीलीभीत पहुंचते हुए 5:50 बजे बरेली पहुंचेगी। इसके बाद 6:30 बजे बरेली से रवाना होकर रामपुर, मुरादाबाद, दिल्ली, रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, अजमेर, मारवाड़, पालनपुर के रास्ते भुज तक का सफर तय करेगी।

रेलवे अधिकारियों को उम्मीद है कि रेलवे बोर्ड जल्द ही इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर देगा। इस योजना के लागू होने से लखीमपुर से दिल्ली की यात्रा और अधिक सुगम हो जाएगी, साथ ही जिला राजस्थान और गुजरात से भी सीधे रेल मार्ग से जुड़ जाएगा।

आला हजरत एक्सप्रेस के लखीमपुर होकर चलने से क्षेत्र के यात्रियों, व्यापारियों और तीर्थ यात्रियों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

# हिंदू संगठनों ने किया पुतला दहन, लगाए विरोधी नारे

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बसढ़िया चौराहे पर प्रदर्शन

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में सोमवार को लखीमपुर खीरी के बसढ़िया चौराहे पर हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश का पुतला दहन करते हुए विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के साथ गंभीर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। आरोप लगाया गया कि कई मामलों में हिंदू युवकों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और जिंदा जलाने जैसी घटनाएं भी हुईं, जिससे देशभर के हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है। हिंदू संगठनों से जुड़े लोग हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे और बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद चौराहे पर बांग्लादेश का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, हालांकि स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही।

इस विरोध प्रदर्शन में अमित अवस्थी, हर्षित मिश्रा मासूम, सोम पांडेय, पवन, सचिन, भानू, अर्पित, आशुतोष मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप करे और बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। प्रशासन द्वारा मौके पर निगरानी रखी गई और किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

# मरहुमीन परिवारों से मिले नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद , गांव सराय आलम निवासी कारी इकबाल तथा राहतपुर निवासी हाजी बाबू, एहतेशाम और कारी सलाहुद्दीन का एक दर्दनाक सड़क हादसे में इंतकाल हो गया। यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

इस दुखद मौके पर नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चंद्रशेखर आजाद मरहूमीन के परिजनों से मिले और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया और कहा कि पार्टी और वे स्वयं इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।



इस मौके पर उनके साथ पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया, जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, भीम आर्मी ज़िला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, फहीम एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद, पूर्व प्रधान साबू मकरानी,भागुवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल हई, ज़िला पंचायत सदस्य इस्तेखार, पूर्व प्रधान यूनुस शाहनवाज उर्फ नानू, राहतपुर के ग्राम प्रधान मुस्तुफा, पूर्व प्रधान माजिद सहित पार्टी व समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मरहूमीन के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और इस दुख की घड़ी में साथ निभाने का भरोसा दिलाया।

# पंचायत सहायकों ने सीखा पंचायत प्रोफाइल अपडेट करना

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पी एफ एम एस, ई ग्राम स्वराज के साथ गवर्नमेंट ई मार्केटिंग पोर्टल का संबंध विषय पर विकास खंड नहटौर के सचिवों,पंचायत सहायकों एवं ग्राम प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। डीपीआरसी अमरोहा के सीनियर फैकल्टी सतेन्द्र शर्मा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत सहायकों, प्रधानों एवं सचिवों को पीएफएमएस पोर्टल, ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदारी करने की प्रक्रिया को समझाना है, जिससे कि वह ग्राम पंचायत के कार्यों को आसानी से कर सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षक विपिन,जितेन्द्र कुमार द्वारा ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर एडमिन आई डी के माध्यम से कौन-कौन से कार्य किए जा सकते हैं इसको विस्तार से समझाया एवं इसके साथ ही लाइव प्रेक्टिकल करके भी दिखाया। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर पंचायत सहायक बहुत ही खुश हुए। प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम द्वारा ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर पंचायत प्रोफाइल, प्लानिंग एवं नियोजन, अकाउंटिंग तथा ऑडिट आदि कार्य आसानी के साथ किए जाते हैं। पहले यह सभी कार्य अलग-अलग सॉफ्टवेयर पर किए जाते थे अब यह सभी कार्य ई ग्राम स्वराज पर किए जाते हैं।



प्रशिक्षण में सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेन्द्र शर्मा,प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम,जितेन्द्र कुमार, ममता सैनी,प्रिरियल,खुशबू,विपिन व पंचायत सहायक एवं सचिव मौजूद रहे।

# लखीमपुर-ढकेरवा मार्ग पर बस पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल

## सूचना पर डीएम-एसपी पहुंचे जिला अस्पताल, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

मंगलवार देर शाम लखीमपुरझढकेरवा मार्ग पर शारदानगर रोड स्थित मुरादनगर के पास उस समय बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब सवारियों से भरी एक बस क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में बस में



सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष ट्रांसपोर्ट्स की बस लखीमपुर से ढकेरवा की ओर जा रही थी। शारदानगर रोड पर आगे निकलने की होड़ के दौरान बस चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

घायलों को तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों में माया पत्नी पंचम (उम्र 55 वर्ष), निवासी परमेश्वरी पूर्वा रमियाबेहड़ पड़ुआ; साफीकुन पत्नी जबीर (उम्र 35 वर्ष), निवासी बुद्धि पूर्वा निघासन; तथा चुन्नूलाल पुत्र पुत्तू, निवासी खरवइया नंबर-2 निघासन शामिल हैं। अन्य घायलों को भी प्राथमिक उपचार दिया गया।

हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को सभी घायलों का समुचित और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन की तत्परता से घायलों को समय पर इलाज मिल सका। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने शीघ्र सामान्य करा दिया।

# सीएम युवा उद्यमी योजना में लापरवाही पर डीएम सख्त

## एचडीएफसी बैंक से हटाए जाएंगे शासकीय खाते, कार्रवाई के निर्देश

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कड़ा रुख अपनाया है। बेरोजगार, शिक्षित एवं तकनीकी दक्ष युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की इस महत्वाकांक्षी योजना में एचडीएफसी बैंक की अत्यंत धीमी प्रगति को डीएम ने शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करार दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 46 प्रकरणों में अब तक मात्र 5 प्रकरणों में ही प्रगति हुई है, जो किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। जबकि जनपद के अन्य बैंक इस योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने पुलिस अधीक्षक तथा उत्तर एवं दक्षिण खीरी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि उनके विभागों के सभी शासकीय खाते, जो वर्तमान में एचडीएफसी बैंक में संचालित हैं, उन्हें किसी अन्य शासकीय बैंक में स्थानांतरित किया जाए। विशेष रूप से वन विभाग से जुड़े प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट के खातों को भी एचडीएफसी बैंक से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी आदेशित किया गया है कि एचडीएफसी बैंक में संचालित सभी शासकीय खातों का शीघ्र अन्य बैंक में स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की प्राथमिक योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। युवाओं के रोजगार से जुड़ी योजनाओं में यदि कोई बैंक या संस्था अपेक्षित सहयोग नहीं करती है, तो उसके विरुद्ध कठोर प्रशासनिक निर्णय लिए जाएंगे।

प्रशासन के इस सख्त कदम से जिले में सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# तेल का अवैध कारोबार, छापामारी के दौरान भारी मात्रा में डीजल व पैट्रोल बरामद

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसीलदार नजीबाबाद, पूर्ति अधिकारी व पुलिस टीम ने आदर्शनगर क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारकर सैकड़ों लीटर तैल बरामद किया। मकान मालिक मौके से फरार हो गया। बीती रात तहसीलदार संतोष यादव, पूर्ति अधिकारी व मंडी चौकी उपनिरीक्षक नक्षत्रपाल ने मुखबिर की सूचना पर आदर्शनगर स्थित ए/13 में हरिश्चंद के मकान पर छापा मारा। जहां उन्हे प्लास्टिक की कैंन व बाल्टियों में सैकेडों लीटर तैल बरामद किया। मकान मालिक मौके से फरार हो गया। बताते चले कि इससे पूर्व भी आदर्शनगर क्षेत्र में टेंकरों से तेल चोरी हो रहा था। जिसका संज्ञान लेते हुए प्रशासन की ओर से कार्रवाई की गई है। इस संबंध में तहसीलदार नजीबाबाद संतोष यादव को फोन किया गया मगर उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।



# भाइयों से मिलने जा रही महिला की रोडवेज बस में मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा रोडवेज बस में सफर कर रही वृद्ध महिला की सफर के दौरान मृत्य हो गई। बस को सहसपुर पुलिस चौकी के सामने रोककर पुलिस के द्वारा एम्बुलेंस करा कर उसके घर को भेजा गया बस में नगीना से अपने पुत्रों से मिलने जा रही महिला की मौत हो गई। महिला को पुलिस ने एम्बुलेंस से नगीना पहुंचा गया। महिला के साथ उसकी पुत्री पुष्पा पत्नी संदीप कुमार ने बताया कि उनकी 70 वर्षीय मां भगवंती बहुत दिन से अपने भाई जो सुरानांगला निवासी हैं जाने की ज़िद कर रही थी। आज वो है और उनकी भाभी उनको लेकर सुरानांगला जा रही थी रास्ते में अचानक उनकी मां ने बोलना बंद कर दिया। उन्होंने सहसपुर पुलिस चौकी के सामने बस रुकवाकर पुलिस की मौजूदगी में व एंबुलेंस करके नगीना को भेज दिया गया। भगवंती ग्राम तरुनवाला नगीना ह निवासी थी और अपने भाईयों से मिलने के लिए सुरानांगला जा रही थी। भाई से मिलने की चाह अधूरी रह गई।



# शिशुओं के शमशान पर अवैध अतिक्रमण व जलभराव, आक्रोश, प्रदर्शन कर निस्तारण की मांग

**समाज जागरण**

कैराना। शिशुओं के श्मशान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण व जलभराव से लोगो में रोष व्याप्त है। लोगो ने आक्रोश व्यक्त करते हुए हुक्मरानों से समस्या के निराकरण की मांग की है।कस्बे के मोहल्ला अफगानान शिव मंदिर के निकट बच्चों का श्मशान स्थित हैं। श्मशान की भूमि में आसपास बने मकानों से निकलने वाला गंदा पानी भरा हुआ है। वहीं, कुछ लोगो ने शमशान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण भी कर रखा है। बुधवार को मोहल्ले के कुछ लोग एक मृत शिशु के अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पर पहुंचे। जहां पर जलभराव व अवैध अतिक्रमण के चलते लोगो में आक्रोश व्याप्त हो



गया। उन्होंने मौके पर ही विरोध-प्रदर्शन करते हुए समस्या के निराकरण की मांग की। साथ ही, समस्या का शीघ्र समाधान न होने पर उच्चाधिकारियों को शिकायत करने की बात कही है। इस दौरान संदीप, अनुज, सतपाल, बाबूराम, बिरजू, राजकुमार, मांगेराम, रणवीर, प्रमोद, अंकित, प्रवीण, अमित, अनुज, प्रदीप, रोहित, पंकज, पप्पू, सुंदर, हीरा, संजय, सन्नी आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के ऑनलाइन कोर्स में सफलता से उत्साहित हुए विद्यार्थी

**समाज जागरण कैराना।**

कस्बे के झाड़खेड़ी रोड पर स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा स्किल इंडिया डिजिटल हब ( एस आईडीएच) के माध्यम से संचालित एक ऑनलाइन स्किलिंग कोर्स में सफलतापूर्वक भाग लिया, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके कौशल विकास को नई दिशा मिली है। विद्यार्थियों ने इस कोर्स के माध्यम से डिजिटल कौशल, व्यावहारिक ज्ञान और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कोर्स भारत सरकार की स्किल इंडिया पहल के अंतर्गत संचालित किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को भविष्य के लिए सक्षम बनाना है। विद्यालय प्रशासन




ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कोर्स विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कहा कि ऐसे अवसर विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने में सहायक होते हैं। वहीं, प्रधानाचार्य का कहना है कि एकेडमी भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के कौशल आधारित कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करती रहेगी।

# कृष्णा नदी किनारे चला विशेष सफाई अभियान, स्वच्छता को लेकर हुई बैठक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला गंगा समिति शामली एवं जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सोनू कुमार के निदेर्शानुसार नगर पंचायत थानाभवन द्वारा कृष्णा नदी के किनारे विशेष सफाई अभियान एवं स्वच्छता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नदी को स्वच्छ बनाए रखना, नालों-नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करना तथा जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छ



गंगा अभियान को और सशक्त बनाना रहा। इस दौरान कृष्णा नदी के तट पर फैले कूड़ा-कचरे की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही नालों एवं नालियों से निकलने वाले गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से रोकने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए नियमित निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्वच्छता बैठक में स्थानीय नागरिकों को नदी को प्रदूषण मुक्त रखने, कूड़ा-कचरा नदी में न डालने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छ गंगा शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने गंगा सहित अन्य नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी, जिला गंगा समिति के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# बीएसएम विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल प्रांगण में बुधवार को क्रिसमस का पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और क्रिसमस ट्री से सजाया गया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधाना चार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा प्रभु यीशु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए मोमबत्तियां जलाकर की गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रार्थना गीत और जिंगल बेल्स की मधुर धुन से सभी का मन मोह लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य, गायन और नाटक प्रस्तुत किए। विशेष रूप से क्रिसमस



के महत्व और सांता क्लॉज की कहानी पर आधारित नाटक ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। सांता क्लॉज की झलक से बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने बच्चों को उपहार और चॉकलेट वितरित की। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि क्रिसमस केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, शांति और मानवता का संदेश है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से भी जोड़ना है। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय परिवार के साथ सामूहिक प्रार्थना की गई तथा सभी को उपहार और मिठाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल में कबड्डी चैंपियनशिप का भव्य समापन

**समाज जागरण**

शामली। क्षेत्र के ग्राम कसमपुर स्थित ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व मास्टर ब्रह्म सिंह की 93 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप-4 का समापन समारोह बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम अरविंद चौहान, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अब्दुल राव वारिस एवं रालोद प्रदेश सचिव विजय कौशिक रहे। समारोह की शुरूआत विद्यालय परिसर स्थित यज्ञशाला में विधिवत हवन-यज्ञ से हुई। हवन के उपरांत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं परिजनों द्वारा स्वर्गीय ब्रह्म सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों और उप स्थित जनसमूह को संबोधित किया। डीएम अरविंद चौहान ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम



भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में बालिका वर्ग में ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल कसमपुर और कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ ने 31-23 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं बालक वर्ग के फाइनल में ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल कसमपुर और जय पार्वती ग्लोबल स्कूल रामाला के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल कसमपुर ने 65-40 के अंतर से विजय प्राप्त की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 11 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 5100 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष चौधरी ने किया। इस अवसर पर जरूरतमंद व गरीब लोगों को कंबल भी वितरित किए गए। मौके पर विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र, धर्मवीर सिंह, संजीव मास्टर, तेजिंद्र, योगेंद्र , मास्टर नेपाल, नीरज प्रधान, बिल्लू प्रधान, अमित कुमार जसाला आदि मौजूद रहे।

# श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को जर्सी वितरित

**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्राओं के लिए जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपिका संगल, सभासद निशिकांत संगल तथा विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन ने छात्राओं को जर्सियां वितरित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्या लय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं को जर्सी वितरित की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि दीपिका संगल ने कहा कि सफलता के लिए केवल संसाधन ही पर्याप्त नहीं होते, बल्कि लक्ष्य के प्रति निरंतर लगन, परिश्रम और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य रुचिता ढाका ने कहा कि इस प्रकार के सहयोगात्मक कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# पीजी पाठ्यक्रम पूर्ण कर लौटे चिकित्सक ने लगाए गंभीर आरोप

## सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू पर दो लाख की रिश्वत मांगने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पीजी (डीएनबी) पाठ्यक्रम पूर्ण कर शामली में तैनात किए गए एक चिकित्सक ने सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू पर चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। चिकित्सक का रोते हुए वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से डॉक्टरों के शोषण में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डॉ. विजेन्द्र पूर्व में शामली सीएचसी में तैनात थे, जिन्हे वर्ष 2022 में पीजी पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु अनुमति प्रदान की गई थी, जिसके क्रम में उस समय उन्हें सीएमओ बागपत के अधीन से कार्यमुक्त किया गया था। इसके बाद शासन स्तर से उनका स्थानांतरण सीएचसी झिझाना के अंतर्गत किया गया। पीजी पाठ्यक्रम की अवधि पूर्ण होने पर



16 दिसंबर 2025 को उन्हें सीएमओ शामली के अधीन योगदान के लिए कार्यमुक्त किया गया, जिसके क्रम में 17 दिसंबर 2025 को उन्होंने अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की। सीएमओ शामली द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. विजेन्द्र की तैनाती प्रथम संदर्भन इकाई, सीएचसी शामली में चिकित्सा अधिकारी के पद पर की गई और उन्हें चिकित्सा अधीक्षक के समक्ष तत्काल योगदान करने के निर्देश दिए गए। इसी बीच बुधवार को चिकित्सक सीएचसी शामली के बाहर भावुक होकर रोते हुए नजर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू विजयपाल ने उन्हें सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक बैठाए रखा और सीएचसी अधीक्षक बनाए जाने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग की। चिकित्सक ने संबंधित बाबू पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सीएचओ की सह पर भी अवैध वसूली की जाती है। चिकित्सक ने वीडियो के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित बाबू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उसकी संपत्ति की जांच कराने की मांग की है।

**इन्होंने कहा**

चिकित्सक द्वारा लगाए जा रहे आरोप असत्य और निराधार है। किसी प्रकार का कोई पैसा नही मांगा गया है। वहां इस प्रकार का कोई मेटर नही है। जिस बाबू पर आरोप लगाए जा रहे है, उसका उक्त पटल से कोई संबंध नही है। मामले की जांच कराई जायेगी। डा. अनिल कुमार, सीएमओ

# नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शामली के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन, तीन पदक जीते

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर से आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एयर राइफल वर्ग में दो स्वर्ण सहित कुल तीन पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है।



शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज ग्राम कुड़ाना निवासी उत्सव मलिक ने 627.8 स्कोर के साथ उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं ग्राम मादलपुर निवासी पियूष शर्मा ने एयर राइफल वर्ग में 626.4 स्कोर के साथ सीनियर टीम वर्ग में रजत पदक एवं जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरा गौरव हासिल किया। इससे पूर्व ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने .22 राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा शामली राइफल क्लब के आठ खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई कर चुके हैं, जिनका चयन ट्रायल जनवरी माह में भोपाल में ही आयोजित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ियों के क्लब आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

# तृतीय चरण के छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का शुभारंभ

**समाज जागरण**

शामली। बुधवार को शहर कोतवाली मे पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने तृतीय चरण के छात्र पुलिस अनु भवात्मक अधिगम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पुलिसिंग कार्य से रूबरू कराना है। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजी शासनकाल से लेकर वर्तमान समय तक की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दंडात्मक पुलिसिंग से आगे बढ़कर सुधारात्मक एवं सहयोगात्मक पुलिसिंग की ओर जाना विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन व धैर्य के महत्व को समझाते हुए नशे और अन्य व्यसनों से दूर रहने की अपील की। साथ ही कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर देश के विकास में योगदान देना चाहिए,



क्योंकि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है। इस दौरान छात्रों को यातायात सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नियमों के पालन और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। एएसपी सुमित शुक्ला ने स्पेल 3.0 कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों और पुलिस के बीच की झिझक को कम करना है, ताकि छात्र एक अच्छे नागरिक के रूप में अपने दायित्वों को समझ सकें। उन्होंने छात्रों को थानों में आकर पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने और खुले मन से नई जानकारियां ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. अर्शी खान ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 50 छात्र-छात्राओं को अलग-अलग पांच थानों में 120 घंटे अथवा 30 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जहां वे पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों से सीधा संवाद करेंगे। इस अवसर पर डॉ. मुकेश कन्नौजिया, डॉ. नारायण सिंह, इंस्पेक्टर संजीव भटनागर, इंस्पेक्टर सीमा सहित उपस्थित रहे।

# 32 गांवों से जुड़े मामले को लेकर एमएलसी ने की सीएम योगी से मुलाकात

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कैराना क्षेत्र के 32 गांवों से जुड़े लगभग 60 हजार बीघा वन विभाग की भूमि प्रकरण को लेकर एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री को पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक जानकारी दी। बताया कि उक्त 32 गांवों के किसान पिछले लगभग 50 वर्षों से अधिक समय से इस भूमि पर खेती करते आ रहे हैं। ऐसे में यदि बिना किसी स्पष्ट कारण के किसानों से यह जमीन ली जाती है, तो यह उनके साथ घोर अन्याय होगा। उन्होंने मांग की कि किसानों के हितों की रक्षा करते हुए मामले का निष्पक्ष समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए



तत्काल प्रमुख सचिव, वन विभाग को निर्देश दिए कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं विधि-सम्मत जांच कर ही आगे की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट न हो जाए, तब तक प्रशासन द्वारा किसानों के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई न की जाए। मनीष चौहान ने बताया कि वह स्वयं भी प्रमुख सचिव, वन विभाग से मिलकर पूरे प्रकरण से उन्हें अवगत करा चुके हैं। मनीष वे किसी भी स्थिति में किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और किसानों की इस लड़ाई को हर स्तर तक लड़ेंगे। इस दौरान सुनील प्रधान डोकपुरा, विक्रम प्रधान पठेढ़, भोगी माजरा के प्रधान परीक्षित, गुरलाल प्रधान चौतरा सहित अन्य ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब शामली क्राउन आधिकारिक यात्रा संपन्न

**समाज जागरण**

शामली। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएम जेएफ डॉ. विनय सिसोदिया ने लायंस क्लब शामली क्राउन में अपनी आधिकारिक यात्रा सम्पन्न की। इस अवसर पर क्लब द्वारा अग्रसेन पार्क में पांचवां रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कड़ाके की ठंड को देखते हुए 150 जरूरतमंद व असहाय परिवारों को रजाइयां वितरित की गईं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब द्वारा संचालित सम्मान रसोई का निरीक्षण कर स्वयं सेवा प्रदान की और इसकी सराहना की। उन्होंने विद्यालयों में स्थापित सेनेटरी पैड डिस्पेंसर एवं उनकी नियमित रिफिलिंग व्यवस्था को बालिकाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता की दिशा में




सराहनीय पहल बताया। अपने संबोधन में डॉ. विनय सिसोदिया ने कहा कि क्लब समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाने का सराहनीय कार्य है। क्लब अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल क्लब की विभिन्न सेवा योजनाओं की जानकारी दी। रजाई वितरण कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने स्वयं जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित कीं। इस मौके पर चेयरमैन अरविन्द संगल, आईआईए चेयरमैन विशाल गुप्ता, आशीष गोयल, तरुण जैन आदि मौजूद रहे।

# पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार मां,बेटा घायल

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बाइक सवार मां,बेटे को पिकअप गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया और बाइक सवार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ अस्पताल रेफर किया है। मेरठ जनपद के गांव खनोदा निवासी मनीष पुत्र राजन अपनी मां रामेश्वरी वह भाई मोनू के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे में एक निजी डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आ रहे थे। मनीष ने बताया कि उसके भाई मोनू की दिमागी हालत ठीक नहीं है। जिसकी वह दवाई लेने के लिए बाइक पर सवार होकर आए थे। बाइक सवार जैसे ही कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंचे तो शामली की ओर से आए पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया है। और घायल बाइक सवार मनीष को छुट्टी दे दी। दूसरी और मोहल्ला खेल निवासी दानिश कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड स्थित अपनी दुकान से सामान लेने के लिए गया था जहां पर अज्ञात गाड़ी सवार ने टक्कर मार दी हादसे में दानिश घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।खबर लिखें जाने तक पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।





# स्कूल से घर लौट रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़, एक गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।**

स्कूल से छुट्टी के बाद साइकिलों पर सवार होकर घर लौट रही कई छात्राओं के साथ आधा दर्जन से अधिक युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। छात्राओं के शोर मचाने पर खेतों पर कार्य कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और मौके से एक युवक को बाइक सहित पकड़ लिया, जबकि कुछ युवक मौके से फरार हो गए।

किसानों ने युवक को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित छात्रा के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आधा दर्जन से अधिक छात्रा गांव गंगेरू के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती है। मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद सभी छात्राएं अपनी अपनी साइकिलों पर सवार होकर अपने गांव लौट रही थी। जैसे ही साइकिल सवार छात्राएं गांव के बाहर पहुंची तो आरोप है

कि कई मोटर साइकिलो पर सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक युवकों ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्राओं के द्वारा शोर मचाने पर खेतों पर कार्य कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। किसानों को आता देख कई युवक अपनी अपनी बाइको पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। किसानों ने मौके से एक युवक को बाइक सहित दबोच लिया और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित छात्रा के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि छात्रा के पिता की तहरीर मिली है।

मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेजे जा रहा है, अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# व्यापारी नेता अंकुर शर्मा को दी गई धमकी को लेकर व्यापारियों ने रोष व्यक्त किया

**समाज जागरण बागपत।**
कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में अंकुर शर्मा के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों ने बैठक की, जिसमें उन्होंने व्यापार संघ के महामंत्री अंकुर शर्मा को दी गई धमकी को लेकर रोष व्यक्त किया। व्यापार संघ के महामंत्री अंकुर शर्मा ने बताया कि कस्बे के रहने वाले दबंग व्यक्ति अवनीश ने उन्हें जान से मारने की



धमकी दी है। वह शराबी किस्म का व्यक्ति है और इससे पहले भी वह कस्बे के रहने वाले एक व्यक्ति का सिर फोड़ चुका है। उसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है। अंकुर शर्मा को अंदेशा है कि वह उनके साथ भी किसी भी समय कोई भी षड्यंत्र रच सकता है।व्यापारियों ने प्रशासन से दबंग व्यक्ति के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर पीयूष गुप्ता मोहन शर्मा अशोक गोयल राजीव गोयल प्रवीण कुमार सोनू कुमार योगेश कुमार आदि सभी व्यापारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने प्रशासन को दी चेतावनी

**समाज जागरण बागपत।**
इंडस्ट्री एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन व बड़ौत व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ योगेश जिंदल व नगर अध्यक्ष अंकुर जैन ने व्यापारियों के साथ बैठक की।इसमें व्यापारियों की समस्याओं को पूरी जोर-जोर के साथ उठाया गया।



बैठक के बाद डॉक्टर योगेश जिंदल व अंकुर जैन नगर में घूमे। उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों को प्रशासन द्वारा नाजायज तरीके से परेशान किया गया तो इसको लेकर वह विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में मनोज जैन, अश्वनी जैन, अनस कुरैशी, अय्यूब मास्टर, दानिश कुरैशी, मुकेश शर्मा, मोनू जैन, बाबू कश्यप, घोलू जैन, मोहित जैन, नवीन जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# अफ्रीका के कैमरून में फसे धीरज जैन को भारत वापस लाने की मांग

**समाज जागरण बड़ौत।**
तहसील में पहुंचकर जियो और जीने दो चैरिटेबिल ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव प्रसिद्ध समाजसेवी हेमचंद जैन ट्रस्टी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल तहसील परिसर में एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देने पहुंचा मौके पर एसडीएम



नहीं मिल पाई तो उन्होंने तहसील परिसर में कानूनगो को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उनको सौंपा। ज्ञापन में अफ्रीका के कैमरून में फसे धीरज जैन को भारत वापस लाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों ने बताया कि अफ्रीका ने धीरज जैन को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेज दिया है। उन पर लगे सभी आरोप गलत है। उन्होंने विदेश मंत्री से धीरज जैन को भारत लाने की भी मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हेमचंद जैन, फरमान कुरैशी, प्रवीण जैन, सुधीर जैन, कालूराम जैन, गौरव जैन, रामनिवास जैन, कालूराम, राकेश जैन आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर शराब पी रहे दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में शराब पीकर घर के बाहर उत्पात मचा रहे युवकों का विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर एक महिला और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी दिनेश ने बताया कि गांव के ही चार लोग पीड़ित के घर के बाहर खड़े होकर शराब पी रहे थे और उत्पात मचा रहे थे। आरोप है कि जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी तमंचे व डंडे लेकर पीड़ित के घर में घुस गए और उसकी पत्नी गुड्डी व पुत्र सन्नी के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में दोनों मां,बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायलअपनी पत्नी व पुत्र को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है। और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# देवमुनि सिंह जिलाध्यक्ष, राकेश सोनकर जिला मंत्री निर्विरोध चुने गए

### चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**
सोनभद्र। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ का चुनाव बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान देवमुनि सिंह जिलाध्यक्ष व राकेश सोनकर जिला मंत्री निर्विरोध चुने गए। यह चुनाव अधोहस्ताक्षरी स्तर से नामित अधिकारी डॉ० प्रेमनाथ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/निर्वाचन अधिकारी सोनभद्र की



अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी परिसर में आयोजित किया गया। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण शाखा सोनभद्र के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में द्विवार्षिक चुनाव एवं अधिवेशन महा संघ के जिला अध्यक्ष राजाराम दुबे के देखरेख में कराया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला अध्यक्ष पद पर देवमुनि सिंह तथा जिला मंत्री पद पर राकेश सोनकर का निर्विरोध चयन किया गया।

# कोणार्क विद्यापीठ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण बागपत।**
कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा एवं सविता धामा द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय ध्वज फहराकर किया गया। खेलों के औपचारिक शुभारंभ से पहले विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छोटे बच्चों ने मनमोहक नृत्य पेश किया, वहीं वरिष्ठ वर्ग के छात्रों ने देश-भक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। एथलेटिक्स के धावको ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करके सभी दर्शकों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों द्वारा किया गया भव्य मार्च पास्ट रहा। बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाकर चलते छात्रों ने अनुशासन की अद्भुत मिसाल पेश की। खिलाड़ियों ने खेल भावना की शपथ ली और खेल मशाल को मैदान के चारों ओर घुमाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में खेल केवल



जीत-हार के लिए नहीं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना सीखने के लिए जरूरी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि कोणार्क विद्यापीठ हमेशा से ही शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर जोर देता रहा है। उद्घाटन दिवस पर 100, 200, 400 मी रिले रेस जैसी स्पधाएं आयोजित की गई, जिनमें खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। आजाद हाउस से 400 मीटर रिले रेस में दीप वशिष्ठ केशव त्यागी आर्यन चौधरी एवं पुनीत विजेता रहे । छात्राओं के वर्ग में आजाद हाउस से ही 400 मीटर रिले रेस में इसिका नैन, कनिष्का , तनीषा नैन एवं अनुषा नैन ने रेस जीती। विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रबंधक अंकित धामा रामचंद्र शर्मा शक्ति राजदान नलिनी शर्मा सविता शर्मा शालु जैन रमा तेवतिया, शशि, गुलशन चौहान, वरुण वर्मा दुष्यंत त्यागी मंजू गुप्ता पायल चौहान रितु तेवतिया नीतीश पाराशर राहुल कुमार सुमित तेवतिया अजीत सिंह अभिषेक शर्मा विपिन धामा शालिनी शर्मा मोनिका शर्मा मोनिका कौशिक शुभम जैन नरेश कुमार मेघा धामा पूजा कुमारी अंजू खोखर मोनिका पाल मंजू रानी रीना शर्मा विन्नी शर्मा सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने दीप प्रज्वलित करके तुलसी की पूजा की और तुलसी की परिक्रमा की। तुलसी पूजा के शुभ अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने स्कूल में बच्चों के साथ तुलसी पूजन किया व तुलसी के महत्व और गुणवत्ता के बारे में बताया। हिन्दू धर्म में तुलसी के पौधे को विशेष महत्व दिया जाता है और इनकी पूजा अन्य देवी देवताओं की तरह की जाती है। भगवान विष्णु को तुलसी अत्यधिक प्रिय है कहा जाता है कि बिना तुलसी के प्रभु छप्पन भोग भी स्वीकार नहीं करते। तुलसी का प्रयोग अनेक



दवाइयों में किया जाता हैं जैसे खांसी, जुखाम , मलेरिया आदि। माइग्रेन, शूगर व कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों में भी तुलसी कारगर हैं। तुलसी पूजन पर कृष्ण बने शिवाय पांचाल ने सभी का मन मोह लिया व सौरवी , वेदांशी, नायरा , आविष्का जैन, अवनी ने तुलसी जी की आरती की और स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती कोमल शर्मा व अन्य अध्यापिकाओं नीतू पांडे, रेखा शर्मा , दीपा शर्मा, राधिका कौशिक , दीपा चौहान, पायल धामा, खुशी धामा, आरजू ढाका, ईशा यादव, सारिका रस्तोगी, विदुषी धामा, अंजली पंवार आदि का सहयोग रहा।

# क्रिसमस दिवस की पूर्व संध्या पर हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।**
आदर्श पब्लिक स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रैंप वॉक का आयोजन किया गया। इसके बाद विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। रैंप वॉक में बच्चे मस्ती करते हुए नजर आए। स्कूल के प्रांगण में बच्चों ने अपने हाथों से क्रिसमस ट्री बनाया तथा उसे छोटे-छोटे उपहारों से सजाया बच्चों ने स्नोमैन का मॉडल भी बनाया जो देखने में बर्फ का प्रतीत हो रहा था। बच्चों ने खुश होकर क्रिसमस ट्री और स्नोमैन के साथ अपने फोटो खिंचवाऐ। छोटे-छोटे बच्चों ने डांस प्रोग्राम की प्रस्तुति भी दी। जिंगल बैल पर थिरकते नन्हे मुन्ने बच्चों को देखकर सभी का मन भाव विभोर हो गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य कोमल शर्मा ने सबको



शुभकामना देते हुए बताया कि सेंटा का वास्तविक नाम संत निकोलस है। संत निकोलस जरूरतमंदों और बीमारों की सहायता किया करते थे। वो अपनी पहचान छुपाने के लिए ही उन्होंने सेंटा का रूप रखा, ताकि वो बिना किसी की नजरों में आए जरूरतमंदों की सहायता कर सकें। उनकी इसी लोक कल्याण की भावना को आधार बनाकर ही उनकी याद रखने के लिए हर साल लोग संता सेंटा का रूप रख कर लोगों को उपहार बांटते है। इस अवसर पर सेंटा बनकर आये वेदांत धामा और अवयुक्त कौशिक ने बच्चों को गिफ्ट बांटे।इस प्रोग्राम को सफल बनाने में सारिका रस्तोगी, अंजलि पवार , रेखा शर्मा , नीतू पांडे , राधिका कौशिक , दीपा शर्मा , दीपा चौहान , इशा यादव , खुशी धामा , आरजू ढाका , विदुषी धामा , पायल धामा आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

# मिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ सफल आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**
मिस्ट हॉस्पिटल बालटाना द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वास फाउंडेशन के सहयोग से मिस्ट हॉस्पिटल परिसर फर्नीचर मार्केट शिव मंदिर के पास बालटाना में आयोजित हुआ। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहा। इस रक्तदान शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपात स्थितियों के लिए रक्त की उपलब्धता




सुनिश्चित करना रहा। मिस्ट हॉस्पिटल के संचालक सतनाम सिंह एवं सुखदेव सिंह ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिस्ट हॉस्पिटल भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस सफल आयोजन के लिए विश्वास फाउंडेशन तथा प्रेस क्लब जीरकपुर का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# यू जी सी निदेशों की अवहेलना कर गलत फीस रोके बैठी गलगोटिया यूनिवर्सिटी : डॉ संदीप शर्मा

**समाज जागरण बागपत।**
सेक्रिट्री विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं यू जी सी की फी निवारण सेल के स्पष्ट हस्तक्षेप के बावजूद गलगोटिया विश्वविद्यालय द्वारा अतिरिक्त पी एच डी शुल्क की पूर्ण वापसी न किया जाना गंभीर चिंता का विषय बन गया है। विश्व विद्यालय ने न तो कोई सुधारात्मक कदम उठाया, न ही किसी प्रकार का स्पष्टीकरण दिया और न ही शेष रुपये दस हजार की वैधानिक वापसी की, जिससे यू जी सी की नियामक सत्ता को खुली चुनौती मिलती प्रतीत होती है। डॉ संदीप कुमार शर्मा विधि विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक प्राध्यापक विधि ने बताया कि विश्वविद्यालय का यह आचरण यू जी सी पी एच डी रेगुलेशन 2022 का जानबूझकर उल्लंघन, वैधानिक प्राधिकरणों के समक्ष भ्रामक प्रस्तुतीकरण, शोधार्थी का आर्थिक शोषण तथा आई जी



आर एस एवं पी जी पोर्टल जैसे शिकायत निवारण मंचों के दुरुपयोग के समान है। उन्होंने उल्लेख किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में आयशा जैन बनाम अमिटी विश्वविद्यालय प्रकरण में स्पष्ट किया है कि निजी विश्व विद्यालयों द्वारा अवैध रूप से वसूली गई फीस को पूर्ण रूप से लौटाया जाना अनिवार्य है और इसे किसी भी गुडविल या अन्य बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता। डॉ शर्मा ने यू जी सी से मांग की है कि गलगोटिया विश्वविद्यालय के विरुद्ध उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, शेष रुपये दस हजार की तत्काल डिजिटल वापसी ब्याज व प्रतिकर सहित सुनिश्चित की जाए तथा विश्वविद्यालय पर कठोर नियामक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने देशभर के निजी विश्व विद्यालयों के लिए फीस पारदर्शिता, समयबद्ध डिजिटल रिफंड और सेलेक्टिव गुडविल रिफंड पर प्रतिबंध संबंधी राष्ट्रीय परामर्श जारी करने की भी मांग की। डॉ शर्मा ने चेतावनी दी कि समय रहते कठोर कार्रवाई न होने पर यह प्रवृत्ति उच्च शिक्षा व्यवस्था में शोधार्थियों के शोषण को संस्थागत रूप दे सकती है और यू जी सी की साख को गंभीर क्षति पहुँचा सकती है।

# शिविर में 112 नेत्र रोगियों की जांच कराई

**समाज जागरण**
बागपत। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 52वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में संस्थापक स्वर्गीय विशंभर दयाल अग्रवाल एवं पंडित श्याम बिहारी मिश्रा पूर्व सांसद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि आज से 52 वर्ष पूर्व गंगा के पावन तट पर बनारस में लाल विशंभर दयाल अग्रवाल एवं पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने अपने सहयोगियों के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना की जिससे आज संपूर्ण उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारतवर्ष के व्यापारी एक सूत्र में बांधकर अपनी समस्याओं के प्रति जागरुक होकर सरकार से अपनी जायज मांगे



मनवाने में समर्थ है। वर्तमान में प्रांतीय अध्यक्ष पंडित मुकुंद बिहारी मिश्रा के नेतृत्व में व्यापारी अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक है। इस पावन अवसर पर लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र में डॉक्टर ज्ञान सिंह ने 112 नेत्र रोगियों की जांच की और रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित कर लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली भेजा गया। सभी रोगियों को निशुल्क दवाई प्रदान की गई। 18 रोगियों को चश्मा प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, नगर मंत्री सचिन सिंघल, नगर उपाध्यक्ष राजकुमार गोयल, डॉक्टर रामलाल, मनोज मित्तल, एवं सिमरन ने सहयोग किया।

# मौसम के उतार-चढ़ाव से बढ़ी बीमारियां, सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
नगर के सरकारी अस्पताल में बुधवार को मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। बीते कई दिनों से लगातार मौसम में हो रहे बदला,कभी तेज धूप तो कभी ठंड और कोहरे,के कारण मौसमी बीमारियों में इजाफा हुआ है। सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी, वायरल संक्रमण सहित अन्य रोगों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। बुधवार को अस्पताल में एचआरपी डे ,हाई रिस्क प्रेग्नेंसी डे,के तहत गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपनी नियमित जांच कराई। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक दवाइयां व परामर्श दिया गया। इसके साथ ही अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों ने भी अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज




कराया।सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी मरीजों का उपचार किया।
इस दौरान डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि, मौसम में लगातार बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लोगों को चाहिए कि वह मौसम के अनुसार कपड़े पहनें, ठंड से बचाव करें, साफ पानी पिएं और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में आकर जांच कराएं। गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए और समय-समय पर जांच अवश्य करानी चाहिए। इस दौरान अस्पताल में भारी संख्या में मरीजों की भीड़ दिखाई दे।

# सालाना जलसे को लेकर सीओ ओर थाना प्रभारी ने किया मदरसे का दौरा

-जलसे में हजरत मौलाना महमूद मदनी सहित सैकड़ो उलेमा होते हैं शामिल
-31 दिसंबर को होगा सालाना जलसे का आयोजन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में होने वाले सालाना जलसे को लेकर सीओ कैराना ने थाना प्रभारी निरीक्षक ने मदरसे में पहुंचकर उलेमाओं से जानकारी हासिल की। इस दौरान मदरसे के स्टाफ सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। क्षेत्र के गांव गली दौलत में मदरसा जामिया बदरुल उलूम स्थित है। मदरसे में आस पास के जनपदों सहित क्षेत्र के सैकड़ो छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। मदरसे में 31 दिसंबर को सालाना जलसे का आयोजन किया जाएगा। जलसे में हजरत मौलाना महमूद मदनी सहित सैकड़ो उलेमा-ए-इकराम के शिरकत करने के साथ-साथ ही हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय



के लोग शामिल होते हैं। बुधवार को सालाना जलसे को लेकर सीओ कैराना हेमंत कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मदरसा जामिया बदरुल उलूम पहुंचकर हजरत मौलाना आकिल साहब से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने हजरत मौलाना आकिल साहब से सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य जानकारी हासिल की। हजरत मौलाना आकिल साहब ने जानकारी देते हुए

बताया कि जलसे में हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। जलसे में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती है। जलसे में कुरान हिफ्ज करने वाले छात्र-छात्राओं की दस्तार बंदी की जाती है साथ ही देश में अमनों अमान के लिए दुआ होती है। इस दौरान मदरसे के स्टाफ से ही ग्रामीण मौजूद रहै।

# सरकार की मत्स्य योजना महज कागजों पर, ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत, लाभार्थी के लिए अभिशाप

**अनिल कुमार अग्रहरी/**
**समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में संचालित मातासुकेता केज कल्चर मछली पालन योजना अब भ्रष्टाचार और घोर अनियमितताओं का पर्याय बनती जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी मत्स्य पालन योजना, जिसका उद्देश्य मछुआरा समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना था, आज विभागीय लापरवाही और ठेकेदारों की मिलीभगत के चलते सवालों के घेरे में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के अंतर्गत बिना लाभार्थियों को मौके पर बुलाए, विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में ठेकेदारों को ही बुलाकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। गंभीर आरोप यह हैं कि लाभार्थियों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठा निशान लगवाकर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया। इस पूरे प्रकरण में वास्तविक लाभार्थी योजना से पूरी तरह बाहर रखे गए। कई किसानों को तो पता भी नहीं है कि हमारे नाम से जो कैसे पास हुआ है वह लगाया कहां गया। शिकायतकर्ता द्वारा जब इस मामले की लिखित शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गई तो जिम्मेदार अधिकारियों ने यह कहकर शिकायत को नकार दिया कि आप लाभार्थी नहीं हैं, इसलिए आपको शिकायत करने का कोई अधिकार नहीं है।

यह जवाब न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाता है, बल्कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। बताया जा रहा है कि माता सुकेता मत्स्य योजना के अंतर्गत सोनभद्र में घोर लापरवाही, बंदरबांट और नियमों के खुले उल्लंघन के नए-नए तरीके अपनाए गए। योजना की मूल भावना को ताक पर रखकर ठेकेदारों और कुछ विभागीय कर्मियों द्वारा लाभ उठाने का प्रयास किया गया है। स्थानीय लोगों और मछुआरा समुदाय में इस पूरे प्रकरण को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। लोगों की मांग है प्रत्येक केज की जांच लाभार्थी और शिकायत कर्ता को मौके पर बुला कर उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो, तथा वास्तविक लाभार्थियों को उनका हक दिलाया जाए। जानकारी के अनुसार 90000 का केज कंपनी दे रही है और लाभार्थी के खाते से लगभग 130000 तक वसूल ली जा रही है। यदि समय रहते मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो यह योजना भी अन्य सरकारी योजनाओं की तरह कागजों में ही सफल और जमीनी स्तर पर विफल साबित होगी।

# कार्यक्रम में बहल खंड के हस्त दस्तकारों को दी गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भारत सरकार की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की शाखा एमएसएमई के द्वारा किया गया एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल)**



बहल। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मंगलवार को भारत सरकार की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की शाखा एमएसएमई के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहल खंड के हस्त दस्तकारों को पीएमवी योजना के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने हस्त दस्तकारों को गुणवत्ता के साथ उपयोगी वस्तुओं की मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अपना हुनर पेश करने की जरूरत पर बल दिया। यह कार्यक्रम अंपायर रेस्टोरेंट के प्रांगण में आयोजित किया गया और इसमें एमएसएमई योजना के विशेषज्ञों ने भाग लिया और योजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित हस्त दस्तकारों को दी। जिला एमएसएमई विकास कार्यालय की सहायक निर्देशिका रचना त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्य से प्रारूप रेखा के बारे में विस्तृत से बताया उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत मिलने वाले अवसर टूल्कीट, प्रशिक्षण, सटाइफंड तथा 1 लाख रुपए तक के वित्तीय सहायता के उपरांत डिजिटल मार्केटिंग द्वारा आनलाइन बिक्री, ब्रांड निर्माण तथा क्यूआर कोड से भुगतान व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की पेशकश की। जिला एमएसएमई के राजवीर डीआरपी ने डिजिटल भुगतान, इंसैटिव के बारे में बताया डोमेन एक्सपर्ट शंकर धूपर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और प्रतिभागी को मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सीबीएलयू के प्रमोद मलिक ने बौद्धिक संपदा अधिकार कापीराइट, ट्रेडमार्क, लोगो, ब्रांड बिल्डिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लीड बैंक पीएनबी प्रबंधक कार्यालय के विजय कुमार ने योजना के तहत वित्तीय सहायता हासिल करने के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर यंग प्रोफेशनल शाखा एमएसएमई की हसीना भाटी, संदीप, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी, जिला महासचिव डा.विजेंद्र कस्बा ने विशेष रूप में कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई।

# टायर पंचर दुकान का एयर टैंक फटा, दो युवकों की मौके पर मौत, दो किशोर गंभीर घायल

## घायल किशोर बच्चों की पहचान सुमित व राहुल है जिनका हिसार के अस्पताल में इलाज चल रहा है

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल। बहल के मंढ़ोलीकलां गांव में मंगलवार सुबह टायर पंचर की दुकान के एयर टैंक फट जाने से हुए धमाके से अफरा तफरी मत गई और इस हादसे में पड़ोसी बाइक मैकेनिक ऋषि व रेडीमेड कपड़ा दुकानदार बिजेंद्र की मौत हो गई। एयर टैंक इस तरह से फटा की वह टुकड़ों टुकड़ों में बिखर गया और एक पल में दुकान से खून का नाला बह निकला तथा हादसे में दुकान की छत में छेद निकल गये व क्षतिग्रस्त हो एक हिस्सा गिर पड़ा। इस हादसे में स्कूल जा रहे दो अन्य किशोर बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनका हिसार के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान सुमित व राहुल है और अपनी स्कूल में जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाल। घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और इस हादसे में प्राण गवाने वाले दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ऋषि अविवाहित था और बाइक मैकेनिक का काम करता था। ऋषि के पड़ोसी टायर पंचर मिस्त्री की दुकान में हवा टैंक फटने से यह हादसा हुआ है और हादसे के वक्त मृतक विजेंद्र किसी काम से ऋषि के पास आया हुआ था। हवा टैंक इस कदर फटा कि गांव के लोग सहमे के सहमें रह गए और अपरा तफरी मच गई। कुछ देर सहमें रहने के बाद आसपास के लोग बचाव के लिए आगे आए लेकिन तब तक बाइक मैकेनिक ऋषि व रेडीमेड कपड़ा दुकानदार बिजेंदर लहू लोहान होकर के मौत के आगोश में जा चुके थे। इस हादसे के बाद गांव में मातम छा गया और मृतक दोनों युवकों के शवों पर पुलिस कार्रवाई उपरांत पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। लोहारू अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर लाश परियोजनाओं को सौंप दी गई। पुलिस ने मृतक ऋषि के भाई देवीलाल के बयान पर इत्तेफाकिया कार्रवाई की है। मामले की जांच अधिकारी एएसआई सोमवीर सिंह ने ने बताया कि सुबह करीब 8:45 बजे इस हादसे की पुलिस को सूचना मिली थी और तुरंत हादसा साल पहुंचकर स्थिति को संभाला।

# छोटे व बड़े हादसों से बचने के लिए वाहन चालक रहे सावधान

**– हर शहर व सड़क पर मिल सकती है यह समस्या : अशोक भारद्वाज**

**– सावधान! विकास कार्यों के चलते सड़कों पर गड्ढे, खुदाई और अवरोध बने हुए हैं : भारद्वाज**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। दिन हो या रात, कोहरा हो या अंधेरा–वाहन चालकों को हर स्थिति में अत्यधिक सावधानी और सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सड़कों पर अचानक सामने आने वाली समस्याएं किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के तत्वावधान में चलाए जा



रहे सड़क सुरक्षा एवं हिट एंड रन सड़क कानून जागरूकता अभियान के तहत भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने वाहन चालकों से विशेष अपील की है।

अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान में भिवानी शहर के अनेक मुख्य मार्गों पर सीवरेज और वाटर सप्लाई से संबंधित कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों के चलते सड़कों पर गड्ढे, खुदाई और अवरोध बने हुए हैं, जो विशेषकर रात के समय या घने कोहरे में वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को चाहिए कि वे अपने वाहनों को धीमी गति से चलाएं और पूरी सतर्कता के साथ सड़क पर ध्यान केंद्रित रखें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय डिपर, फॉग लाइट और हेडलाइट का सही तरीके से प्रयोग अवश्य करें। इससे न केवल सामने की स्थिति स्पष्ट दिखाई देती है, बल्कि अन्य वाहन चालकों को भी संकेत मिल जाता है। इसके साथ ही अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं, ताकि अंधेरे या कोहरे में वाहन दूर से ही नजर आ सके। शराब के नशे में वाहन चलाना जानलेवा साबित हो सकता है, इसलिए इससे पूरी तरह परहेज करें।

समिति अध्यक्ष अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि ऐसी समस्याएं केवल भिवानी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि किसी भी शहर या गांव की सड़कों पर देखने को मिल सकती हैं। चाहे मुख्य मार्ग हो, हाईवे हो या फिर गांव की सड़क–हर जगह वाहन चलाते समय सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। इससे न केवल चालक स्वयं सुरक्षित रहता है, बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

उन्होंने संबंधित विभागों, जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से भी अनुरोध किया कि जहां-जहां सड़क पर निर्माण या मरम्मत कार्य चल रहा है, वहां पर्याप्त रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड या संकेतक लगाए जाएं। इससे वाहन चालक समय रहते स्थिति को समझकर सतर्क हो सकें और संभावित हादसों से बचाव हो सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही व नव्या भी उनके साथ रही, जिन्होंने रात्रि को कई स्थानों की प्रयोग्राफ लिए हैं , जिनके जरिए वाहन चालकों व आम जन को अनेक सूत्रों के जरिए सजग किया जा रहा है।

# हनुमान जी ने हर परिस्थिति में प्रभु श्रीराम की आज्ञा को सर्वोपरि माना : श्री महंत

**– सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता : हरिओम भारद्वाज**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में श्रीश्री 1008 परमहंस बाबा जहरगिरि महाराज की पावन स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय हनुमते कथा के चौथे दिन आश्रम परिसर भक्तिमय




वातावरण से सराबोर रहा। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा भक्तों ने भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद उठाया ।

हनुमते कथा के चौथे दिन कथा व्यास, मानस मर्मज्ञ हरिओम भारद्वाज (महाकाल नगरी उज्जैन) ने भगवान श्रीराम और उनके परम भक्त हनुमान जी के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हनुमान जी केवल बल, बुद्धि और विद्या के प्रतीक ही नहीं हैं, बल्कि वे सेवा, समर्पण और विनम्रता की जीवंत मिसाल हैं। हनुमान जी का संपूर्ण जीवन भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित रहा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता।

इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर एवं अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी की भक्ति अनन्य और निष्काम थी। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी फल की इच्छा नहीं की, बल्कि हर परिस्थिति में प्रभु श्रीराम की आज्ञा को सर्वोपरि माना। यही कारण है कि हनुमान जी आज भी कलियुग में सबसे अधिक पूजे जाने वाले देवताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा कि यदि मानव जीवन में हनुमान जी के आदर्शों को अपनाया जाए तो जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है।

कथा के दौरान हनुमान जी के लंका दहन, संजीवनी बूटी लाने और श्रीराम-रावण युद्ध में उनकी भूमिका जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भजनों और जयकारों से पूरा आश्रम परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# भारत विकास परिषद से 90 हजार परिवार सदस्य जुड़कर कर रहे हैं जन हित कार्यों में सहयोग : मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता

## बीआरसीएम ज्ञान कुंज बहल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भारत विकास परिषद शाखा बहल गुरु वंदन छात्र अभिनंदन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत विकास परिषद की शाखा - बहल द्वारा "गुरु वंदन - छात्र अभिनंदन " कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में सर्वप्रथम बीआरसीएम ज्ञान कुंज बहल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें बीआरसीएम ज्ञान कुंज के अलावा विवेकानंद बाल विद्यालय सेकेंडरी स्कूल बहल के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं भी सम्मिलित हुई । भारत विकास परिषद की प्रथानुसार कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके एवं पुष्प अर्पित करके किया गया ।धर्मेंद्र शास्त्री द्वारा मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता , प्रांतीय अध्यक्ष, हरियाणा पश्चिम का परिचय कराया एवं अध्यक्ष अमर जीत चौधरी द्वारा उनको पुष्प गुच्छ भेंट किया गया । विशिष्ट अतिथि जतिन शयोराण प्रांतीय सह संयोजक का सचिव राकेश बंसल द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । इस अवसर पर बी आर सी एम ज्ञान कुंज की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत राष्ट्र गान वंदे मातरम् का समस्त उपस्थित सज्जनों ने खड़े होकर गायन किया । सचिव राकेश बंसल ने भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय कराया एवं शाखा बहल के द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला । इसके पश्चात बी आर सी एम ज्ञान कुंज की छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर संगीतमय स्वागत गीत गाकर समस्त पधारे हुए सज्जनों का स्वागत किया । इस अवसर पर पू. प्रांतीय संयोजक डॉ. एन पी गौड़, द्वारा बाल संस्कार के अंतर्गत जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए नित्य जीवन में घटित होने वाली छोटी छोटी बातों पर प्रकाश डाला और कहा कि हमारी जरा सी जागरूकता इनके संरक्षण में अपना बड़ा योगदान दे सकती है । "गुरु वंदन -छात्र अभिनंदन " विषय पर बोलते हुए उन्होंने गुरुओं की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी और छात्रों से भी अपने गुरुओं को उचित मान सम्मान देने का आग्रह किया । विद्यार्थी देव दीक्षित द्वारा बहुत ही सुंदर वीर रस की कविता का पाठ किया गया । कार्यक्रम में मेधावी छात्र - छात्राओं को एवं उनके समर्पित गुरुओं को उपहार एवं प्रशंसापत्र देकर प्रोत्साहित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता जी ने भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे अनेकों समाज हित के कार्यों को बताया और बताया कि इस समय लगभग 90000 परिवार सदस्य भारत विकास परिषद से जुड़ कर जन हित कार्यों में सहयोग कर रहे हैं । उपाध्यक्ष सुशील केडिया द्वारा छात्र - छात्राओं व उपस्थित सज्जनों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण , वृक्षारोपण एवं गुरुओं को पूरा सम्मान देने की शपथ दिलाई गई । शाखा बहल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष अमरजीत चौधरी द्वारा किया गया । अंत में राष्ट्र गान गाकर कार्यक्रम की समाप्ति की गई । इस अवसर पर महेंद्र साबू , सुरेश गर्ग पातवानिया, सतीश मित्तल , डॉ. सुनील भांभू , रितेश कुमार लाखलान , सागर केडिया , प्रिंसिपल ज्ञान कुंज राजेश झांझरिया अपने स्टाफ के साथ तथा प्रिंसिपल अभयसिंह यादव विवेकानंद स्कूल स्टाफ के साथ , राजेश अग्रवाल, वित्त सचिव कुलदीप गोयल आदि उपस्थित थे ।

# पंचकूला, वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की गाथा और विजन डॉक्यूमेंट 2047 का विमोचन

वीर बाल दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित विशेष कार्यक्रम में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने साहिबजादों के बलिदान की गाथा पर आधारित कॉफी टेबल बुक और हरियाणा सरकार द्वारा तैयार किया गया विजन डॉक्यूमेंट 2047 का विधिवत विमोचन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान न केवल सिख समुदाय के लिए बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बलिदान की इस गाथा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

साथ ही, मंत्री ने 1984 के सिख दंगों में शहीद हुए व्यक्तियों के परिवारों के सदस्यों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। यह कदम पीड़ित परिवारों के कल्याण और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

हरियाणा सरकार के अधिकारियों ने बताया कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 राज्य के दीर्घकालिक विकास और युवाओं के सशक्तिकरण के रोडमैप के रूप में तैयार किया गया है।

# नाबालिग लड़की के अपहरण, पाक्सो और एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले में आरोपित किसान नेता रवि आजाद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**- गिरफ्तार के तुरंत बाद गिरफ्तार किसान नेता को सायं 5 बजे बाद लोहारू न्यायालय लाकर पेश किया गया है। जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है**

**- इस मामले में इससे पहले भी आरोपित तीन युवाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 24 दिसंबर। नाबालिग लड़की के अपहरण, पाक्सो और एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले में आरोपित किसान नेता रवि आजाद को लंबी पूछताछ के बाद बुधवार सायं को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि आजाद को डीएसपी, सिवानी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और करीब 4-5 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद रवि आजाद को पुलिस ने गिरफ्तार करने की पुष्टि की। गिरफ्तार के तुरंत बाद गिरफ्तार किसान नेता को सायं 5 बजे बाद लोहारू न्यायालय लाकर पेश किया गया है। जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। इस मामले में इससे पहले भी आरोपित तीन युवाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। बहल पुलिस थाने में किसान नेता रवि आजाद सहित तीन अन्य युवकों के खिलाफ 12 दिसंबर को पीड़िता नाबालिग लड़की के पिता ने शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण,पाक्सो और एससी-एसटी एक्ट व छेड़छाड़ की धाराओं सहित अन्य धाराओं के तहत



मामला दर्ज किया था। मामले की जांच को लेकर एसआईटी का गठन किया गया था

जिसमें जांच व कार्रवाई का जिम्मा डीएसपी सिवानी आर्यन चौधरी, बहल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार, जिला महिला पुलिस निरीक्षक सरोज सहित बहल थाने के कई जांच अधिकारियों को शामिल किया गया था। पुलिस ने 17 दिसंबर को एसआईटी का गठन किया था और शनिवार को इस मामले में आरोपित मोहित नमित वासी सिधनवा, विकास वासी गोकलपुरा को 19, दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। इन आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद से ही पुलिस किसान नेता रवि आजाद को गिरफ्तार करने को लेकर गंभीर लग रही थी और बुधवार को आरोपित रवि आजाद को लंबी पूछताछ के बाद डीएसपी एवं एसआईटी प्रभारी आर्यन चौधरी के सिवानी स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और आखिरकार मामले में आरोपित रवि आजाद को गिरफ्तार कर ही लिया गया। यहां बता दें कि 8 दिसंबर की रात को किसान नेता रवि आजाद की इनोवा गाड़ी इस मामले में आरोपित युवक शादी में ले जाने के लिए मांग कर लेकर गए थे। जिसमें सामने आया था कि उस वक्त रवि आजाद इस गाड़ी में सवार नहीं था। लेकिन पिकअप और इनोवा की दुर्घटना को लेकर एक एफआईआर बहल पुलिस थाना में 10, दिसंबर को पीकअप चालक अनिल वासी हरियावास ने दर्ज करवाई थी। प्राथमिक में बताया गया था कि इनोवा गाड़ी में तीन युवक थे और वह गांव के स्टेडियम के पास एक लड़की को जबरन बैठाने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर पिकअप लेकर पहुंचे चालक अनिल के पहुंचने पर बताया अनुसार लड़की गली में जाकर छूप गई थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया था और जब पिकअप चालक अनिल ने अपने द्वारा कराई एफआईआर को झूठ लाते हुए वापस लेने की बात भी सामने आई थी। इस मामले में जब 12 दिसंबर को नाबालिक लड़की सामने आई तो एक और एफआईआर पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज कर दी। जिसमें किसान नेता रवि आजाद व तीन अन्य को आरोपित किया गया था। मामला नाबालिग लड़की के अपहरण,पाक्सो और एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में दर्ज कर ली गई। दर्ज एफआईआर को लेकर किसान नेता आरोपित रवि आजाद ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया था। इसको लेकर 15, दिसंबर को श्योराण खाप की सर्व जातीय सतगामा कन्नी ने आरोपित किसान नेता रवि आजाद के आग्रह पर महापंचायत गोपालवास के चबूतरे पर न्याय महापंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें हरियाणा राजस्थान पंजाब की विभिन्न खाप पंचायत की प्रतिनिधियों और विभिन्न किसान संगठनों ने शामिल होकर रवि का पक्ष जाना था और पीड़ित पक्ष महापंचायत में शामिल नहीं हुआ था महापंचायत में रवि को निर्दोष माना गया था। उधर पीड़ित पक्ष की ओर से भी अनुसूचित जाति के सामाजिक संगठनों ने जांच कर आरोपितों को गिरफ्तार करने की लगातार मांग कर रहे थे।

# लोहारू विधानसभा के 8 गांवों में पेयजल परियोजनाओं को 21 करोड़ की मंजूरी: जेपी दलाल

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेंद्र जावला बहल )**



बहल- सिवानी,,24 दिसंबर। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके अनुरोध पर लोहारू विधानसभा क्षेत्र के 8 गांव में पेयजल आपूर्ति को सुगम एवं सुचारू बनाने के लिए करीब 21 करोड रुपए की विकास परियोजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि इन गांवो में टेंडर अलॉट करके शीघ्र कार्य शुरू करवाया जाएगा।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि गांव ढाणी बल्हारा में 91 लाख रुपए की लागत से
डीआई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। जिससे गांव के लोगों के घरों में स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। गांव ढाणी रामजस में दो करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से वॉटर वर्क्स को अपग्रेड कर बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा तथा ढाणी मीठी में पाइपलाइन बिछाई जाएगी। गांव गैंडावास में दो करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से वाटर बॉक्स को अपग्रेड किया जाएगा और गांव में पाइपलाइन बिछाई जाएगी। लोहारू के झुप्पा कलां गांव में 41 गांव के जल घर को भरने के लिए बेरला पंप हाउस पर 5 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से पम्प आदि मशीनरी बदली जाएगी। गांव कासनी कला गांव में वाटर वर्क्स को अपग्रेड करने तथा गांव में जल आपूर्ति के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा और पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य पर दो करोड़ 45 लाख रुपए की लागत आएगी। गांव नलोई में एक एडिशनल टैंक का निर्माण करवाया जाएगा और गांव में पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस के लिए 5 करोड़ 20 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। सिवानी कैनाल के पंप हाउस नंबर पांच पर विभिन्न गांव की जलापूर्ति के लिए पंपिंग मशीनरी बदली जाएगी। जिसमें सिवानी कैनाल से रॉ वॉटर विभिन्न गांव के जल घरों में कैनाल के पंप हाउस नंबर पांच पर मीठी , मतानी,मोरका, मंडोली खुर्द, सिवाच और गरवा गांव के जल घरों को भरने के लिए पंप हाउस की मशीनरी बदली जाएगी। जिसके लिए एक करोड़ 35 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बहल क्षेत्र के गांव अमीनपुर ढाणी केहरा में लोगों को घर-घर पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी और बूस्टिंग स्टेशन को दुरुस्त किया जाएगा

# समाज सेवा की अमिट प्रेरणा: स्वर्गीय श्रीमती संतोष रानी की पुण्य स्मृति में मातृछाया दिवस एवं 22वाँ विशाल रक्तदान शिविर एवं मेडिकल जाँच शिविरे

**अश्विनी वालिया**

कुरूक्षेत्र, समाज सेवा, करुणा और मानवता की सशक्त मिसाल रहीं स्वर्गीय श्रीमती संतोष रानी जी की पुण्य स्मृति में आगामी 2 जनवरी 2026 को मातृछाया दिवस श्रद्धा, संवेदना और सेवा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 22वाँ विशाल रक्तदान शिविर एवं 17वा मेडिकल जाँच शिविर जिसमे दवाइयां भी निशुल्क दी जाएंगी का आयोजन किया जा रहा है, जो उनके निस्वार्थ समाजसेवी जीवन को सच्ची श्रद्धांजलि है।

स्वर्गीय श्रीमती संतोष रानी जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। गरीबों की



सहायता, बीमारों की सेवा, महिलाओं के उत्थान और सामाजिक एकता को मजबूत करना उनके जीवन का मूल मंत्र रहा। वे मानती थीं कि ह्लसेवा ही मानवता की सबसे बड़ी पहचान है, और उन्होंने अपने कर्मों से इस विचार को जीवंत रखा।

इस अवसर पर समाजसेवी विवेक अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय संतोष रानी जी की स्मृति में मनाया जाने वाला मातृछाया दिवस आज एक प्रेरणादायी सामाजिक अभियान का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से न केवल जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।

विवेक अरोड़ा ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इस पुण्य अवसर पर रक्तदान कर मानव सेवा में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से सैकड़ों लोगों की जान बचाई जा चुकी है और इस वर्ष आयोजित होने वाला 22वाँ रक्तदान शिविर इस सेवा परंपरा को और आगे बढ़ाएगा।

यह सेवा कार्यक्रम मेहरचंद मेहँदिरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं डिस्पेंसरी, कीर्ति नगर, रेलवे अंडरपास में आयोजित किया जाएगा` मेडिकल जाँच केम्प में डॉ पवन बंसल बीएस मल्टी अस्पताल की टीम द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों की व्यापक भागीदारी रहने की उम्मीद है। अंत में आयोजकों ने बताया कि स्वर्गीय श्रीमती संतोष रानी जी की पुण्य स्मृति में आयोजित यह मातृछाया दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को मानवीय मूल्यों, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने वाला प्रेरणास्रोत है।

# परीक्षा केंद्र की मांग को लेकर एनएसयूआई का हल्लाबोल: ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में तालाबंदी सदृश प्रदर्शन

**समाज जागरण**

कटनी। जिले के शासकीय महा विद्यालय ढीमरखेड़ा में मंगलवार को छात्र सुविधाओं को लेकर एन एस यूआई ने उग्र प्रदर्शन किया। छात्र नेता अवध यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने महा विद्यालय परिसर के भीतर ही डेरा डाल दिया और कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि सप्लीमेंट्री (ATKT) परीक्षाओं के लिए स्थानीय स्तर पर ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता अवध यादव ने महाविद्यालय प्रशासन और विश्व विद्यालय प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र एक ग्रामीण अंचल है। यहाँ अध्ययनरत अधिकांश छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं।





वर्तमान व्यवस्था के तहत, इन छात्रों को सप्लीमेंट्री परीक्षा देने के लिए करीब 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय स्थित तिलक महाविद्यालय जाना पड़ता है। एक तो परीक्षा का मानसिक दबाव और ऊपर से इतनी लंबी दूरी का सफर, छात्राओं के लिए यह न केवल थकाने वाला है बल्कि असुरक्षित और आर्थिक बोझ डालने वाला भी है। प्रशासन की इस उदासीनता का खामियाजा गरीब छात्र भुगत रहे हैं। प्रदर्शन के अंत में एन एसयू आई कार्यकताओं ने महा विद्यालय के प्राचार्य के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए ढीमरखेड़ा महा विद्यालय को ही आगामी सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के लिए केंद्र घोषित किया जाए। छात्रों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया और परीक्षा केंद्र की व्यवस्था नहीं बदली गई, तो एनएसयूआई चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# **विकास सर की पहल से छात्राओं के सपनों को मिली उड़ान

## शैक्षणिक भ्रमण ने जगाया आत्मविश्वास, उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ी जागरूकता**

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।जब मार्गदर्शक संवेदनशील हो और उद्देश्य बेटियों का उज्ज्वल भविष्य हो, तब शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहती, बल्कि प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। इसी भावना के साथ विकास सर के निवेदन पर माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती की छात्राओं का एक प्रेरणादायी शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ, जिसने बालिकाओं के मन में उच्च शिक्षा को लेकर नई आशा और आत्मविश्वास का संचार किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्व विद्यालय, अमरकंटक का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रोफेसर डॉ. विकास सिंह ने छात्राओं के साथ शैक्षणिक संवाद स्थापित करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व, भविष्य की संभावनाओं और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। भ्रमण के दौरान विश्व विद्यालय परिसर में मौजूद औषधीय पौधों की जानकारी गार्ड के माध्यम से दी गई, जहां पौधों की उपयोगिता एवं मानव जीवन में उनके महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। यह जानकारी छात्राओं के लिए प्रकृति, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश बनी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद भी शैक्षणिक संवाद का हिस्सा बने। वहीं विश्वविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन सुविधाओं एवं उच्च शिक्षा से जुड़े अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं के मन से उच्च शिक्षा को लेकर झिझक दूर हुई और आगे पढ़ने की स्पष्ट दिशा मिली। छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। खेल गतिविधियों के अंतर्गत छात्राओं ने स्पोर्ट्स क्लब में कबड्डी खेलकर ऊर्जा, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। इस दौरान संस्था की शिक्षिकाएं सविता प्रजापति, शैल शर्मा, एस. स्वाति राव एवं विद्या राठौर ने भी छात्राओं को ज्ञान, संस्कार एवं आत्मविश्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा कीं, जिससे बालिकाओं को मानसिक एवं बौद्धिक संबल मिला। कुल मिलाकर यह शैक्षणिक भ्रमण केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को दिशा देने वाला अनुभव बन गया, जो लंबे समय तक उनके जीवन में प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# शहडोल में चरमराई यातायात व्यवस्था, बाणगंगा बाईपास पर लगा लंबा जाम, प्रभारी के निलंबन की उठ चुकी मांग

**समाज जागरण**

शहडोल। शहर की यातायात व्यव स्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। जगह-जगह लग रहे जाम के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार शाम बाणगंगा बाईपास तिराहे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई। काफी देर तक जाम हटवाने कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। हालात बिगड़ते देख स्थानीय युवाओं ने खुद मोर्चा संभाला और यातायात सुचारु कराया। इस दौरान लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली। इधर,



यातायात थाना प्रभारी संजय जाय सवाल को निलंबित करने की मांग तेज हो गई है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम ने बीते दिनों आरोप लगाया था कि शहर की यातायात व्यवस्था को संभालने में यातायात प्रभारी विफल हो रहे है, जिसके चलते आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और आमजन परेशान हो रहे हैं

# पं. टी.पी. शुक्ला महाविद्यालय वेंकटनगर द्वारा ग्राम कदमसरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

**समाज जागरण**

ग्राम पंचायत की साफ सफाई से शुरू हुआ ठरर का सात दिवसीय विशेष शिविर पं. टी.पी. शुक्ला महा विद्यालय वेंकटनगर द्वारा ग्राम कदमसरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमे सर्व प्रथम ठरर स्वयं सेवक/सेविकाओं ने वर्ष 2025-26 में ग्राम कदमसरा के पंचायत भवन में बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात पंचायत भवन/परिसर की साफ सफाई की गई। इस वर्ष ठरर विशेष शिविर का प्रमुख लक्ष्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जायेगा जैसे पर्यावरण संरक्षण, साफ सफाई, जागरूकता रैली एवम नाट्य का प्रस्तुतिकरण।




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री योगेन्द्र त्रिपाठी सर, सरपंच श्री दिव्यांशु सिंह श्याम, सचिव श्री रावेन्द्र सिंह परिहार, महाविद्यालय संचालक श्री मनीष शुक्ला, निर्देशक श्री डॉ. अनुज शुक्ला, महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती डॉ दीपा शुक्ला, विद्यालय स्किल वे हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्या श्रीमती अलका गुप्ता महाविद्यालय एवम विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवम ठरर के सभी स्वयं सेवक/सेविकाओं की उपस्थिति में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

# जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष ने गरीबों, असहायों को कम्बल का किया वितरण

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जनपद में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों, कमजोर वर्ग को राहत दिलाने के लिये तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम सरायदली में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सरायदली, बेनीपुर, ईश्वरपुर, रामपुर व टेकार के 200 ग्रामीणों को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह द्वारा कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल प्राप्त होने पर ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया गया कि शासन से गरीबों एवं असहाय लोगों को शीत लहर से बचाव हेतु कम्बल प्राप्त हुए हैं जिन्हें



पात्र व्यक्तियों में बाटा जा रहा है। यदि कंबल आवश्यकता से कम होंगे तो पुनः मांग पत्र भेजकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी नैन्सी सिंह को निर्देशित किया कि अन्य ग्रामों में इसी प्रकार से कम्बल का वितरण कराया जाये जिससे गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कम्बल प्राप्त हो सके। इसी प्रकार डीएम के निर्देश के क्रम में नायब तहसीलदार दिनेश चन्द्र तिवारी द्वारा रजवाड़ी चौराहा पहुंचकर आस पास के ग्राम नेवादा कला, कोइलिया, रजवाड़ी, शिवराजपुर व कटाता आदि ग्रामों के गरीबों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक त्रिभुवन मिश्रा, आशाराम लेखपाल, गयाशंकर रंजीत सरोज आदि उपस्थित रहे।

# मजदूर संघ जिंदाबाद का नारा लगाते लगाते,नेताओं की सूखा गला संगठन चल रहा दस्तावेजों में ?

**समाज जागरण**

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई का अंदाज ही जुदा है मामला ताप विद्युत गृह में सक्रिय संगठन मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ का है जो भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त कर श्रमिक हितैषी, उद्योग हितैषी का ढोंग कर श्रमिकों के खिलाफ कार्य करते हैं?जैसे एक कहावत है कि एक घर डाइन भी छोड़ देती है,ठीक उसी प्रकार ये ठेकेदारों के हित में नहीं बोलते,ये जहां भी पदस्थ होते हैं वहां के श्रमिकों के अधिकारों हनन तीव्रता से शुरू हो जाता है,न उन्हें समय से वेतन,न वेतन पर्ची और न ही एरियस मिलता है,अगर ये अधिकारियों/ठेकेदारों से लड़कर लाभ दिलायेंगें




तो इन नेताओं को समय से डियुटी करनी और मेहनत भी करनी पड़ेगी,और ये नेतागिरी इसी लिए कर रहे कि इन्हें काम न करना पड़े,हाथ में ग्रीस,आइल न लगे और सुबह शाम एक एक घंटे साइड में उपस्थित होकर अतिकाल का भी आनन्द लेते रहे,ठेका मजदूर से क्या लेना-देना,कुछ इसी तरह की हरकते अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अंतर्गत सेवायें सर्किल में हो रही है जहां पर केंद्रीय कार्यसमिति के पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार पाटकर पदस्थ हैं,ये महोदय जहां पदस्थ वहां आसपास मजदूरों का भारी शोषण ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहा है और इन जनाब को पता ही नहीं है,इनकी पदस्थापना डोजर सेक्शन में है और ये जहां बैठते वहां श्रमिकों को समय से वेतन,वेतन पर्ची नहीं मिलता साथ ही बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का एरियर आज तक दिला पाए हैं,साथ ही सीएचपी आपरेशन,और मेंटीनेंस में भी बड़े हुए वेतन का एरियर नहीं दिला पाए,मेंटीनेंस सेक्शन के श्रमिकों को जब एरियर की राशि नहीं तब उन्होंने आर सी स्कूल के खेल शिक्षक से बात की और वे पांच सौ रुपए प्रति मजदूर से लेकर आना भुगतान करना दिया लेकिन आपरेशन कार्य में लगे श्रमिकों का अभी भी एरियर का भुगतान नहीं हो सका जिसमें ठेका मजदूर संघ शाखा चचाई के सचिव द्वारा अपने भुगतान हेतु सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है,कोयला सफाईकर्मीयों का जब से ठेका हुआ है उन्हें किसी भी महीने समय से वेतन नहीं मिला,वेतन पर्ची में हस्ताक्षर के बगैर देयकों को पास किया जाता है लेकिन पेमेंट स्लिप नहीं दे रहे,मजदूर संघ के इन्हीं कारनामों के कारण जब केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा जब ज्ञापन आदि का कार्यक्रम होता है तो श्रमिक कार्यक्रम से दूरी बना लेते हैं और संघ के लोगों को अपनी अधिक संख्या बताने के लिए नगरपालिका के सफाईकर्मी,आटो चालकों को इकठ्ठा कर अपने को दस्तावेजों में रखे हैं

# लोकल मजदूरों का शोषण कर मजदूरों को छल रही नीलकंठ कंपनी

## दुर्घटना होने पर सहायता की जगह नौकरी से हटाया, वापस रखने में घटा दी सैलरी

**समाज जागरण**

अनूपपुर अनूपपुर जिले के आमाडांड में स्तिथ कोल माइंस में कोयला उत्पादन करने के लिए एसईसीएल प्रशासन द्वारा प्राइवेट कंपनी नीलकंठ को मीनिंग का ठेका दिया, नीलकंठ कंपनी द्वारा लोकल मजदूरों का लगातार शोषण किया जा रहा है, भारत सरकार एवं श्रम विभाग द्वारा तय किए गए श्रमिकों के मानदेय भी श्रमिकों को नहीं मिल रहे हैं। इसके साथ-साथ मजदूरों को मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ स्वच्छ संबंधित अन्य सुविधाएं भी नीलकंठ द्वारा नहीं प्रदान की जा रही है। ठीक ऐसा ही आमाडांड ओसीपी क्षेत्र में कार्यरत एक श्रमिक के साथ हुई गंभीर दुर्घटना के बाद मुआवजा और वेतन भुगतान को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित श्रमिक राकेश कुमार द्विवेदी, जो नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं, ने आरोप लगाया है ड्यूटी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद ठीक होने पर पहले तो नौकरी नहीं दिया जा रहा था जब बड़ी मस्कत से नौकरी दी गई तो नीलकंठ कंपनी के उच्च कर्मचारियों के द्वारा पूर्व में पदस्थ पद की जगह रिजाइनिंग दी गई और पेमेंट भी लगभग 7 हजार रुपये कम कर दी गई, इसके बाद श्रम विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए शिकायत करने पर दोबारा नौकरी से बिना किसी नोटिस के निकाल दिया गया।

### घायल श्रमिक को सहायता के बजाय मिला निष्कासन

श्रमिक ने परियोजना अधिकारी और आमाडांड सब एरिया मैनेजर को लिखे गए शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि ड्यूटी के दौरान रात के समय घर से कार्यस्थल जाते वक्त उनकी गाड़ी से जंगली जानवर टकरा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। मेडिकल जांच में हड्डी टूटने की पुष्टि हुई, जिसके बाद ऑपरेशन कराना पड़ा। पीड़ित के अनुसार, दुर्घटना की जानकारी कंपनी के एचआर कार्यालय को दी गई, लेकिन पावती देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद परिजनों द्वारा आमाडांड परियोजना कार्यालय में लिखित आवेदन दिया गया, पहले कार्य में रखने से मना किया गया और उसके बाद करीब 7 महीने बाद उन्हें दोबारा रीजॉइनिंग दी गई, जबकि दुर्घटना होने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर भी कंपनी को सूचना दी गई थी लेकिन उसके बाद भी उक्त पद पर न रखते हुए रिजाइनिंग कर कर षड्यंत्र तरीके से मजदूर का शोषण कर उसे कम मजदूरी में रखा गया। पीड़ित श्रमिक ने अब परियोजना प्रबंधन और श्रम विभाग से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मुआवजा एवं पुरानी जॉइनिंग के आधार पर वेतन भुगतान की मांग की है।

### भूमि अधिग्रहण के बाद मजदूर का हो रहा शोषण

पीड़ित ने बताया कि कंपनी द्वारा पुश्तैनी भूमि अधिग्रहण कर ली गई है जिसके आवाज में मुआवजा तो मिला है लेकिन नौकरी नहीं दी गई थी, नौकरी के नाम पर एसईसीएल द्वारा नीलकंठ कंपनी में प्राइवेट नौकरी दी गई, दुर्घटना होने के बाद नौकरी से हटा दिया गया दोबारा री जोइनिंग देकर मजदूरों का शोषण और मजदूरों के साथ छल किया जा रहा है कम पैसे में मजदूरों से काम करा कर कंपनी लोकल मजदूरों के नाम पर नौकरी देने का चल कर रही है और नौकरी के नाम पर लगातार मजदूरों का शोषण किया जा रहा है एसईसीएल कॉलरी प्रबंधन अगर उक्त मामले में ध्यान नहीं देता है तो ऐसे ही मजदूरों का लगातार शोषण होता रहेगा।

### लवकुश के इशारों पर नाच रही नीलकंठ कंपनी

एसईसीएल में कार्य करने वाले लवकुश नामक कर्मचारी के इशारों में नीलकंठ कंपनी की बागडोर चल रही है। खाने को तो नीलकंठ ने एक एचआर , और दो कार्यवाहक जीएम रखे हुए हैं लेकिन लव कुश के इशारों पर मजदूरों के शोषण की कार्यवाही नाम मात्र के जीएम द्वारा की जाती है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लव कुश के इशारे में ही लोकल मजदूरों का शोषण हो रहा है और उन्हें अपने की गई मजदूरी का भुगतान में पूर्णरूपेण नहीं मिलता है, कुल मिलाकर लवकुश के कारण लोकल मजदूरों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, लोकल जन प्रतिनिधि और एसईसीएल के अधिकारियों और नीलकंठ के बीच लवकुश मध्यस्थता का कार्य कर रहे हैं।

# अटल जी के सपनों को प्रधानमंत्री मोदी कर रहे पूर्ण -- सांसद हिमाद्री सिंह जी

## जन्म शताब्दी वर्ष में अटल जी के विचारों को करें आत्मसात -- अध्यक्ष अमिता चपरा जी

**समाज जागरण**

शहडोल - भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल द्वारा अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय मे भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित "अटल स्मृति पर्व" में उनके राष्ट्रवादी चिंतन, सुशासन की सुदृढ़ परंपरा तथा जीवनी पर आधारित प्रिदर्शनी का शुभारम्भ शहडोल लोकसभा क्षेत्र की संसद श्रीमती हिमाद्री सिंह जी द्वारा फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ कर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ अटल जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया साथ ही अटल जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने की इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अनुपम अनुराग अवस्थी जी, सांसद प्रतिनिधि श्री प्रकाश जगवानी जी, जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष लोहानी जी एवं जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रभारी श्री मनोज गुप्ता जी, जिला



महामंत्री श्री अमित मिश्रा जी, पूर्व जिला महामंत्री श्री अनिल द्विवेदी जी एवं समस्त जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह जी ने कार्य कताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अटल जी के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। अटल जी का सपना था कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने और हम सभी इसी पुनीत कार्य में लगे हुए हैं। अटल जी को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, परमाणु परीक्षण और महान राजनेता, महान कवि, लेखक के रूप में सदैव याद किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अगुवाई में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। आजादी के महत्व और अटल जी की प्रेरणादाई जीवनी हम सभी को पढ़नी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे महान पुरुषों एवं शहीदों के जीवनी से प्रेरणा लेकर सदैव भारत को विश्व गुरु बनाने में जुटा हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि शहडोल जिले के 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर 25 दिसंबर को अटल जी जयंती मनाई जाएगी।

# हायर सेकेंडरी में साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण**

अमलाई ।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाई कॉलरी में पवन कुमार चीनी पार्षद वार्ड क्रमांक 7 एवं श्रीमती अर्चना यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 9 की उपस्थिति में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राचार्य वर्षा ठाकुर ,सत्य कुमार त्रिपाठी , लाल बहादुर नापित, जमील अहमद ,रश्मि गुप्ता, प्रमिला जांगड़े ,स्वाति दरियाव, अंकुश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# अटल जी की जयंती के पूर्व संध्या पर भाजपा ने किया साफ-सफाई और दीप प्रज्वलन

**समाज जागरण**

उमरिया (नौरोजाबाद)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म जयंती के पूर्व संध्या पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकताओं ने नौरोजाबाद के बस स्टैंड के पास



स्थित अटल जी की प्रतिमा और आस पास की साफ सफाई की गई और माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती 25 दिसंबर को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी जिला स्तर से लेकर मंडल और बूथ स्तर में उनकी स्मृति में कार्यक्रम किए जाएंगे। वहीं जहां अटल जी की प्रतिमा स्थापित है उन जगहों पर जयंती के एक दिन पूर्व ही साफ सफाई कर दीप प्रज्वलित किया गया है। इस दौरान बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिवनारायण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष सिंह, नगर पालिका चंदिया के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, जिला उपाध्यक्ष सुमित गौतम, जिला महामंत्री दीपक छतवानी, राममिलन यादव, मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, सतीलाल बैगा,शरद सिंह, दिलीप प्रजापति एवं भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार लेबर कोड को मजदूरों के हित में बता केंद्रीय मंत्री ने किया श्रमिक नेता राकेश मणि को सम्मानित

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड को मजदूरों के हित में बताते हुए 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के महासंघ कंसेंट की विशेष राष्ट्रीय बैठक में केन्द्रीय श्रम मंत्री डा. मनसुख मांडविया व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियांक कानूनगो द्वारा हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्हें कन्सेन्ट की 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के विशेष सम्मेलन कास्टी यूशन क्लब नई दिल्ली में उनके श्रमिक हितों में किये गये तमाम प्रयासों और संघर्षों के आधार पर केन्द्रीय श्रम मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी तरह से दूसरे सत्र में भी प्रियांक कानूनगो द्वारा चर्चित वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे को सॉल व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय श्रमिक संगठनो जो एनएफ आईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक



जायसवाल द्वारा लेबर व इम्प्लाईमेण्ट समिट 2025 का आयोजन कस्ट्टी यूशन क्लब नई दिल्ली में 16 दिसम्बर 2025 को किया गया था जिसमें देशभर के 16 श्रमिक संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री और पदाधिकारी के साथ-साथ स्वतंत्र संगठनों के भी तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे थे। इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि 4 लेबर कोड मजदूरों के हित में है। जिसे 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आत्म सात करना खुशी की बात है। श्रम मंत्री ने कहा कि तमाम विशेषताओं के साथ श्रमिक हितों में इसे मोदी सरकार ने लागू किया है। श्रम मंत्री ने यह भी भरोसा दिया कि केन्द्रीय श्रमिक संगठन अगर अन्य के संदर्भ में भी अपनी आपत्तियां व सुझाव देते हैं तो उस पर न केवल विचार किया जाएगा बल्कि उसे लागू भी किया जाएगा। वहीं सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार ने श्रमिकों के हित में बेहतर सम्भाव नाओं सहित चार लेबर कोड लागू किया है। हिन्द मजदूर किसान पंचायत उसका पूरजोर समर्थन करता है। लगातार श्रमिक संगठनों से सुझाव व वार्ता के लिए समय व तैयार रहने और सुझावो को स्वीकार करने की पहल के लिए श्रम मंत्री की जोरदार सराहना करते हुए श्रमिक नेता राकेश मणि ने आगे यह भी कहा कि बहुत से अप्रसंगिक कानून जो गुलामी के समय लादे गये थे उसे खत्म करने का कार्य किया गया है। राकेशमणि पाण्डेय ने श्रम मंत्री से यह भी मांग की कि टीचरों, डाक्टरों व इंजीनियरों को इसमें नहीं जोड़ा गया है जबकि राबसे ज्यादा इन्ही का शोषण होता है और इनके मालिकान सभी लगभग सांसद, विधायक, मंत्री राजपत्रित अधिकारी और बड़े पूंजीपति होते हैं। उन पर लगाम लगाने की जरूरत है। उन्होंने पहली बार प्लेफार्म वर्कर व गिग जैसे कर्मचारियों व संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों हेतु सरकार की घोषणाओं को स्वागत योग्य भी बताया। सम्मेलन में हिन्द मजदूर किसान पंचायत के साथ साथ सभी 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों बीएमएस, एनएफ आई टीयू , टीयू सीसी , एच एम के पी, आई एन टी यू सी , एन एल ओ , एफ एफ आर , ए आई बी ई यू, ई एस सी आई , एच एम के यू, के एल यू, एन एफ एफ डब्लू , बी आर एम जी एस यू, एफ एस यू आई सहित तमाम केन्द्रीय संगठनो के अध्यक्ष व मत्रियों ने अपने विचार रख भारत सरकार के 4 लेबर कोड का समर्थन भी किया।

## चलती बाइक से गिरकर अधेड़ गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के घनुवा खेडा गांव के समीप बाइक पर पीछे बैठा अधेड़ चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महरहा गांव निवासी धनी राम का 60 वर्षीय पुत्र सूर्य कुमार अपने बहनोई रजेंद्र कुमार के पुत्र शैलेन्द्र कुमार अपने भांजे के साथ बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के घनुवा खेडा गांव के समीप पहुंची तभी बाइक पर पीछे बैठा सूर्य कुमार चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसके भांजे शैलेन्द्र ने उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## मोपेड में छिपे सांप ने चालक को काटा, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बावनी इमली के समीप मोपेड सवार युवक को मोपेड में छिपे सांप ने काट लिया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बा निवासी भोला का 18 वर्षीय पुत्र अंश मोपेड बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए बिंदकी कस्बे आ रहा था। जब बाइक कोतवाली क्षेत्र के बावनी इमली के समीप पहुंची तभी मोपेड के अंदर छिपे सांप को इंजन से पहुंची गर्मी के चलते वह बाहर निकाला और मोपेड की हैंडल पकड़े युवक के हाथ में काटकर मोपेड से उतरकर जंगल में जाकर छिप गया। घटना की सूचना परिजनों को हुई तो तुरंत पर युवक को इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी बालक राम व पायलट जितेंद्र कुमार के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगांम थाना क्षेत्र के इशाकपुर गांव के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हरिराम का पुरवा गांव निवासी वंश गोपाल का 30 वर्षीय पुत्र लव कुश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के इशापुर गांव के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक लव कुश रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के मामा राकेश ने बताया भांजा किसी काम से खागा कोतवाली क्षेत्र जा रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई है।

## जैन मंदिर तिराहे पर अवैध बेसमेंट निर्माण पर प्रशासन की कार्रवाई

शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट ने की जांच, बिना अनुमति निर्माण कार्य तत्काल रुकवाया

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। शहर के व्यस्ततम जैन मंदिर तिराहे स्थित मार्केट में एक दुकान में अवैध रूप से बेसमेंट बनाए जाने का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित दुकान में बिना किसी स्वीकृति या अनुमति के बेसमेंट का निर्माण



कार्य कराया जा रहा था। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने के आदेश दिए। अधिकारियों ने निर्माण से जुड़े कागजात भी मौके पर तलब किए, लेकिन अनुमति से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित दुकानदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सक्षम प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आगे सीलिंग, जुमार्ना और विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से जैन मंदिर तिराहे और आसपास के व्यापारियों में हलचल मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि घनी आबादी वाले बाजार क्षेत्र में अवैध बेसमेंट निर्माण से सुरक्षा और यातायात दोनों को खतरा हो सकता है। प्रशासन ने मामले की रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

## मोहनलालगंज क्षेत्र अतरौली क्रॉसिंग के पास ट्रक और कार की जोरदार टक्करः 3 लोग घायल

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अतरौली क्रॉसिंग के पास पर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक संख्या UP 32 EN 8606 और कार संख्या UP 32 PM 3471 के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह ठप हो गया हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान बबलू तिवारी (35) पुत्र निवासी हरदोई, जो कार चला रहे थे, पीयूष पटेल (24) निवासी रायबरेली और भुवन चंद्र भगत (45) निवासी जानकीपुरम, लखनऊ के रूप में हुई है। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं।हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकालने में मदद की और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ लोगों ने निजी वाहनों से भी सहायता पहुंचाने का प्रयास किया।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रक और कार को कब्जे में लेकर सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू कराया गया।पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हादसे के सही कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। ट्रक चालक से भी पूछताछ की जा रही है।स्थानीय लोगों ने अतरौली क्रॉसिंग पर आए दिन होने वाले हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम और ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश का जलाया पुतला

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा में बजरंग दल के बैनर तले बांग्लादेश में हुए इस्लामिक हमले से मारे गए अल्पसंख्यक हिंदू दीपू चंद्र दास की हत्या पर बजरंग दल ने अपना आक्रोश प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया यह कार्यक्रम बजरंग दल के जिला संयोजक राजू सोनकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता प्रमुख शिवस्वरूप विश्वकर्मा ने कहा की बांग्लादेश को याद होना चाहिए की 1971 में भारत ने उसकी कितनी मदद की और वहीं बांग्लादेश आज हिंदू अल्पसंख्यकों का दुश्मन बन गया झूठा आरोप लगाकर दीपू चंद्र दास को ईस निंदा के करण पुलिस अभिरक्षा से खींच कर दीपू चंद्र दास के मित्र जो उसके साथ फैक्ट्री में काम करने वाले थे वह बेरहमी से दोस्त बिना किसी दोस्ती के फर्ज निभाएं पीट पीट कर भारी भीड़ के साथ निर्मम हत्या कर दी और उसे पेड़ पर लटका कर पेट्रोल डालकर आग लगाकर जला दिया यह अमानवीय घटना दुनिया में रहने वाले सभी हिंदू इस प्रकरण को कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा दीपू चंद्र चंद्र दास का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा सारा हिंदू समाज बांग्लादेश की सरकार से सामूहिक मांग करता है कि वहां पर



रहने वाला प्रत्येक अल्पसंख्यक हिंदू सुरक्षित रहे सरकार इसके लिए ठोस कानून बनाए साथ ही हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी ले जिन्होंने दीपू चंद्र दास की हत्या की उनके खिलाफ सख्त से सख्त कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें और सजा दिलाए जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्त न हो। आक्रोश प्रदर्शन के बाद पुतला दहन और हनुमान चालीसा पाठ पढ़ कर सभी इस्लामिक आतंकवाद मुर्दा बाद बजरंगदल जिंदा बाद कहते हुए विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विहिप प्रांत समरसता प्रमुख डाक्टर शिव स्वरुप विश्वकर्मा, विभाग मातृ शक्ति संयोजिका सुधा मिश्रा ,जिला अध्यक्ष डाक्टर अजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष नरेश चंद्र कश्यप, मातृ शक्ति जिला संयोजिका श्री मती मध्यम त्रिवेदी जिला संयोजक राजू सोनकर, सह संयोजक रितेश सोनी राहुल विश्वकर्मा, रोहित दीक्षित, जिला सह मंत्री सुनील सोनी सत्यप्रकाश दीनबंधु, जिला गोरक्षा प्रमुख श्रवण कुमार मौर्य जिला सत्संग प्रमुख राजेश गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल नगर कार्य अध्यक्ष राजेश साहू नगर उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, राजीव,दुर्गेश, बजरंग दल नायक संयोजक विकास मिश्रा सहसंयोजक अंबुज गुप्ता जिला छात्र संपर्क प्रमुख मनीष सैनी नगर उपाध्यक्ष आशीष पाल मातृ शक्ति विभाग संयोग का सुधा मिश्रा जिला संयुक्त का माध्यम त्रिपाठी आलोक त्रिपाठी राकेश सिंह दुर्गा शंकर राजेश सिंह बृजेश सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह आदि सैकड़ो मौजूद रहे।

## रामजी की आरती होकर दूसरे दिन रामकथा का शुभारम्भ!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! दूसरे दिन की रामकथा का शुभारम्भ ठीक 3 बजे रामजी की आरती और पूजन से किया! उन्होंने कहा भगवान गलत हो सकते है किंतु गुरु कभी गलत नहीं हो सकते।

यह उद्गार श्री राम चंद्र पालीवाल हॉल में चल रही नवदिवसीय रामकथा में कथा व्यास श्री प्रणवपुरी महाराज (महाकाल लोक पीठाधीश्वर उज्जैन )ने हनुमंती शैली में खड़े रहकर द्वितीय दिवस की कथा के दौरान कहे।।नारद मोह की कथा में पूज्य महाराज जी ने कहा शंकर भगवान जब माता पार्वती से कहते है कि भगवान के एक अवतार का कारण नारद जी के श्राप देने की वजह से हुआ तो माता पार्वती आश्चर्य चकित हो जाती है और सोचती है कि किस कारण से मेरे गुरु ने भगवान को शाप दिया। भगवान गलत हो सकते हैं किंतु गुरु जी कभी गलत नहीं हो सकते। नारद मोह की कथा से शिक्षा मिलती है कि कुछ प्राप्त हो जाय तो



उसका अभिमान नहीं करना चाहिए। महाराज जी ने शहर की माता बहिनों एवं भाई बहिनों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में रामकथा सुंनने के लिए पधारें। कथा के प्रमुख यजमान प्रमुख उद्योगपति हनुमान प्रसाद गर्ग एवं श्रीमती कमलेश गर्ग ,तथा यज्ञपति गौरव गोयल श्रीमती प्राची गोयल (गोयल कैटर्स) हैं। कथा 23 दिसंबरसे 31 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से रहेगी,, कथा का लाइव प्रशांरण संस्कार एवं शुभ चैनल पर भी किया जारहा हैं। बुधवार को प्रमुख रूप से अनिल उपाध्याय, डॉ देवेंद्र शास्त्री, हरिमोहन गुप्ता,सुनील टंडन, राजेश दुबे आदर्श श्याम सिंह यादव, अनूप चंद्र जैन एडवो ब्रजेश यादव, शंकर लाल शर्मा, धर्मेंद्र नाथ शर्मा, डॉ एस पी एस चौहान, लक्ष्मी कांत बंसल एस सी अग्रवाल, राकेश नवरंग, प्रवीन अग्रवाल सेवसादन,राजबर्धन सिंह, देवब्रत पांडेय,आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

## अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर अटल पार्क में दीप प्रज्वलन

### भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को किया नमन!

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार शाम फि रोजाबाद शहर स्थित अटल पार्क में भाजपा द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, महापौर कामिनी राठौर सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारियों और कार्य कताओं ने दीप प्रज्वलित कर अटल जी को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों की मिसाल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री



रहते हुए देश को विकास की नई दिशा दी और राजनीति में शुचिता व संवाद की परंपरा स्थापित की। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने भारत माता की जय और अटल जी अमर रहें के नारे लगाए। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति को नमन करते हुए उनकी जन्म जयंती को सेवा, सुशासन और समर्पण के रूप में मनाने का संकल्प लिया।

## गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करना आवश्यक : अश्वनी राजौरिया

### :- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर महिलाओं के बीच उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कोमल फाउंडेशन द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो ( बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार की नोएडा शाखा के सहयोग से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बजरंग पैलेस, टापा कलां बौद्ध आश्रम रोड स्थित महिला समूह के बीच किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों तथा सुरक्षित और गुण वत्तापूर्ण खरीदारी के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के महत्वपूर्ण प्रावधानों, उपभोक्ता शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा जागरूक उपभोक्ता बनने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं का जागरूक होना बेहद आवश्यक है। मानकों की सही



जानकारी से उपभोक्ता सुरक्षित और बेहतर उत्पादों का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा बीआईएस केयर ऐप लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं तथा अपनी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं।

उन्होंने महिलाओं को फजीवाड़े, मिलावट एवं भ्रामक विज्ञापनों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए डिजिटल युग में बढ़ती ऑनलाइन खरीदारी के दौरान साइबर ठगी से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्कारशाला की शिक्षिका भावना राठौर और ताज सेवा समिति के अध्यक्ष सलीम धम्मू ने महिला उपभोक्ताओं को उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर, उपभोक्ता अदालतों की कार्यप्रणाली तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान कोमल फाउंडेशन के लाखन सिंह, अनिल कुमार वर्मा, विनीता देवी, वंदना राठौर, शकुंतला देवी, प्रियंका आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एम डी जैन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने जानी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत विज्ञान भारती फिरोजाबाद के तत्वाधान में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन, ब्रज प्रान्त के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रीय गणित दिवस के कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन की जीवनी का प्रसारण कक्षा 11 एवं 12 के विज्ञान गणित वर्ग के विद्यार्थियों को दिखाया गया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 22 दिसम्बर 1887 को भारत के दक्षिणी भूभाग में स्थित कोयंबटूर के ईरोड नामक गाँव में श्रीनिवास अय्यंगर और कोमलताम्मल के घर हुआ था। रामानुजन का सामान्य से कुछ स्थूल शरीर और जिज्ञासा से चमकती आँखे इन्हें एक अलग ही पहचान देती थीं। उनका बचपन से ही गणित के प्रति इतना प्रेम था कि अन्य विषयों पर ध्यान ही नहीं देते थे। उनका जीवनकाल बहुत कष्ट और दुःख से भरा था। उन्हें सदैव अपने भरण पोषण के लिए और अपनी शिक्षा को जारी रखने के लिए इधर उधर भटकना पड़ा और व्यक्तियों से



असफल याचना भी करनी पड़ी। उनका मद्रास में रहते हुए प्रथम शोधपत्र बरनौली संख्याओं के कुछ गुण जर्नल ऑफ इंडियन मैथमेटिकल सोसायटी में प्रकाशित हुआ। उन्होंने इंग्लैंड जाने से पूर्व लगभग 3000 से भी अधिक नए सूत्रों को अपनी नोटबुक में लिखा था। उन्होंने इंग्लैंड में प्रोफेसर हार्डी के साथ मिलकर उच्च कोटि के शोधपत्र प्रकाशित किए। अपने एक विशेष शोध के कारण उन्हें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए. की उपाधि भी मिली। उन्हें इंग्लैंड में रॉयल सोसायटी का फेलो नामित किया गया। उस समय किसी अश्वेत व्यक्ति को रॉयल सोसायटी की सदस्यता मिलना एक बहुत बड़ी बात थी। रॉयल सोसायटी के इतिहास में उनसे कम आयु का कोई भी सदस्य आज तक नहीं हुआ है। वहाँ की जलवायु और खान-पान के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ता गया। वे अपने देश भारत भी वापस आ गए परन्तु यहाँ भी डॉक्टरो ने जवाब दे दिया। 26 अप्रैल 1920 को प्रातः काल में अचेत होने के पश्चात दोपहर होते समय गणित के महान जादुगर का मात्र लगभग 33 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गणित में विश्लेषण एवं संख्या सिद्धान्तों के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। उन्होंने 3884 प्रमेयों का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। इनके द्वारा प्रतिपादित लैमड़ा-रामानुजन स्थिरांक, सोल्डनर स्थिरांक, थीटा फलन, रामानुज तत्समक, रामानुजन अभाज्य एवं कृत्रिम थीटा फलन मुख्य हैं। उनका गणित के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है।

## स्काई पब्लिक स्कूल में गरिमामय ढंग से मनाया गया क्रिसमस पर्व

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहन लालगंज के सिसेंडी स्थित स्काई पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए सांस्कृतिक, नैतिक और मानवीय मूल्यों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में ईसा मसीह के जन्मोत्सव को प्रेम, शांति, सेवा और भाईचारे के सार्वभौमिक संदेश के रूप में प्रस्तुत किया गया। भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल पेश करते हुए 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के महत्व को भी रेखांकित किया गया, जिससे यह आयोजन मानवता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर उभरा।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल शुक्ला द्वारा कक्षा दस के विद्यार्थियों से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शॉल भेंट कराकर किया गया। इस आत्मीय और प्रेरक पहल से अभिभूत कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए आशीर्वाद दिया, जिससे विद्यालय परिसर भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान की भावना से सराबोर नजर




आया।छात्रों ने उत्साहपूर्वक विद्यालय परिसर को सजाया। बेल्स, स्नोमैन, सॉक्स और उपहारों से विद्यालय की सजावट आकर्षण का केंद्र रही। कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों ने संता और मेरी क्रिसमस विषयक चार्ट तैयार किए, वहीं सभी कक्षाओं के बच्चों ने मिलकर क्रिसमस ट्री को सजाया।यूरो सेक्शन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मेरी क्रिसमस गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा चार के छात्र तेजस ने संता क्लॉज की भूमिका निभाकर बच्चों और शिक्षकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने। कक्षा नौ के छात्र शिवांश ने क्रिसमस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके संदेशों को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया, जबकि ऋचा ने नववर्ष की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को टॉफियां एवं नववर्ष कैलेंडर वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक आदित्य सिंह यादव ने सभी बच्चों को क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा कक्षा दस के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए सफलता का मंत्र देते हुए शुभेच्छा व्यक्त की।

कार्यक्रम का सफल संचालन और आयोजन शिक्षिकाएं प्राची, भावना, आराधना, सुष्मिता सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता का माध्यम भी हैं।

## स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर किसान मेला व किसान हुए सम्मानित

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकरी के निर्देश के क्रम में परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय जैविक किसान मेला, आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक वार्ता के साथ साथ स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि भवन परिसर में किया गया। जनपद स्तरीय किसान मेला/जैविक किसान मेले का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा किया गया एवं प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि के सम्बन्ध में कृषको जानकारी साक्षा की गयी। सीडीओ व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों तथा कृषकों द्वारा मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया। जिला कृषि अधिकारी/प्रभारी उप कृषि निदेशक अशोक कुमार द्वारा विभागीय कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की गयी। कृषकों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी के0वी0 के0 कालाकांकर के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह द्वारा कृषकों को विस्तार से तकनीकी जानकारी दी गयी, रबी की फसल में उत्पादकता बढ़ाने हेतु तथा संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग मिट्टी जॉच के आधार पर ही करने की जानकारी



दी गयी। पशुपालन विभाग के डॉ0 आर0पी0 सिंह ने पशुओं के स्वाथ्य बारे में एवं पशुपालन सम्बन्धित योजनाओ के बारे मे जानकारी साक्षा की। जैविक किसान मेले में कृषि विभाग के विभिन्न अनुभागों क्रमशः प्रसार अनुभाग, मृदा परीक्षण अनुभाग, कृषि रक्षा अनुभाग, उद्यान विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। जैविक किसान मेले में संबधित विभाग के कर्मचारी एंव जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। समस्त विकासखण्डों से लगभग 900 से अधिक कृषकों की भागीदारी रही, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। किसान मेला में जनपद स्तरीय प्रथम पुरस्कार 18 कृषक, द्वितीय पुरस्कार 12 कृषक तथा विकास खण्ड स्तरीय 29 कृषको को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार धनराशि 7000, द्वितीय पुरस्कार धनराशि 5000 एवं विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार धनराशि 2000 प्रदान किया गया। किसान मेला में विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, एआर को आपरेटिव देवेन्द्र वर्मन सहित अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कुण्डा, पट्टी, सदर, लालगंज सहित विकास खण्डों के अधिकारी /कर्मचारी, बीटीएम / एटीएम, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, बी तथा ग्रुप-ए मौजूद रहे। आयोजित किसान मेले का संचालन तकनीकी सलाहकार सुनील कुमार सिंह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन द्वारा किया गया।

# एफपीओ ने पाया प्रदेश में प्रथम स्थान, मुख्यमंत्री ने किया सम्मान




**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। विकासखंड आराजी लाइन के जयापुर की एफ पी ओ (कृषक उत्पादक संगठन)जया सीड्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एफ पी ओ को प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री के हाथों लखनऊ में संगठन के निदेशक जयापुर निवासी विकास ने एक लाख का चेक प्रशस्ति पत्र और सम्मान प्राप्त किया।इस एफ पी ओ ने प्रदेश स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 86 अंक प्राप्त कर ए ग्रेड ए प्राप्त किया था। इस कृषक उत्पादक संगठन को किसान दिवस पर में लखनऊ बुलाया गया था। लखनऊ में इस संगठन के निदेशक शार्दुल विक्रम चौधरी, सत्येंद्र और विकास कुमार भी इस मौके पर उपस्थित रहे। विकास ने बताया कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के कृषि मंत्री ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी और कृषि तथा किसानों के विकास के लिए सतत लगे रहने का आशीर्वाद भी दिया।

जयपुर तथा विकास खंड आराजी लाइन के किसान ने अपने क्षेत्र के संगठन को इस उपलब्धि पर बधाइयां दी है। हरिप्रसाद सिंह, अमरेश्वर नारायण सिंह,सुशील सिंह,आनंद सिंह,मंगलम,अजीत सिंह, सुरेंद्रसिंह, कन्हैया पटेल आदि ने संगठन को शुभकामनाएं दी है।यह एफ पी ओ साग सब्जी उत्पादन पशुपालन नए औद्योगिक कृषि यंत्रों के प्रयोग को बढ़ावा देती है।साथ-साथ विदेश में आम मिर्च टमाटर भी इस एफ पी ओ के माध्यम से भेजती है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु अनन्तिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, बूथों पर उपलब्ध रहेगी मतदाता सूची

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु मतदाता सूची का अनन्तिम प्रकाशन मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय पर किया गया।24से 30 दिसम्बर तक जनसामान्य के निरीक्षण हेतु गांवों में बूथों पर उपलब्ध रहेगी।

इस बाबत बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु कुल 75 ग्राम पंचायतों की अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।जिसमें 254 बूथों हेतु 89 बीएलओ की तैनाती की गयी है।सभी बीएलओ 24 दिसम्बर से 30 तक मतदाता सूची के साथ अपने बूथों पर रहेंगे।जिससे आमजन मतदाता सूची का निरीक्षण कर सकें।इतना ही नहीं ब्लॉक मुख्यालय पर भी सभी गांवों की मतदाता सूची उपलब्ध है।वहां पर भी लोग मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं।मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने,नाम काटने आदि के लिए दावा आपत्ति 31 दिसम्बर से 6जनवरी 2026 तक किया जा सकता है।

# वाराणसी के गोंड समुदाय के द्वारा निर्मित सिल्क साड़ी एवं वुडन हस्तशिल्प कार्वींग उत्पाद ने 'आदि महोत्सव' में बनाया विशेष पहचान

**समाज जागरण**

वाराणसी। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन कार्यरत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ (ट्राईफेड) देहरादून द्वारा दिनाँक 15 से 24 दिसंबर 'आदि बाजार' राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं सह बिक्री कार्यक्रम बनारस हिंदू विश्विद्यालय, बनारस, के मधुबन लॉन में 10 दिवसीय आयोजन किया गया।

जनपद वाराणसी के आदिवासी हितों में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्थान 'जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान वाराणसी' से जुड़ कर कार्य करने वाले गोंड समुदाय के शिल्पकारों एवं बुनकरों द्वारा उत्पादित बनारसी सिल्क साड़ी एवं वुडन कार्विंग वस्तुओं को बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी, पद्मश्री डॉ रजनीकांत जी ने सराहाना किया। और जनपदवासी, छात्र - छात्राओं को बढ़ चढ़कर खरीदारी के साथ ही जनजातियों द्वारा बनाए गए वस्तुओं की बारीकी को भी देखा।




जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी ट्राइफेड- जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़ कर विगत 10 वर्षों से संबद्ध होकर जनपद के गोंड समुदाय के आर्थिक विकास तथा स्वरोजगार के हेतु प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में देश भर में ट्राइफेड द्वारा आयोजित 'आदि महोत्सव' में प्रतिभाग कर सीधे जनजाति शिल्पकारों एवं बुनकरो को लाभ पहुंचा रहा है।

संस्थान के सचिव डॉ0 बृजभान 'मरावी' ने बताया कि संस्थान प्रदेश के जनजाति समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के क्रम में विकसित भारत 2047 में जनजाति का प्रतिभागिता हेतु कार्यरत है।संस्थान ने अब तक विविध शिल्प क्षेत्रों में 500 से अधिक जनजाति समुदाय को प्रशिक्षित किया है।

# राजेश सिंह होंगें तहसील बार राजातालाब के नए अध्यक्ष



**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब द तहसील बार एसोसिएशन के नये अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह तथा महामंत्री वीरेंद्र कुमार यादव होंगे।बुधवार को हुई मतगणना में इन दोनों लोगों सहित अन्य पदाधिकारी ने जीत हासिल की। सुबह मत गणना 9 बजे शुरू हुई जो देर शाम तक चली। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश सिंह और नारायणी सिंह के बीच प्रथम चक्र की मतगणना से ही काटें की टक्कर रही।देश शाम हुए अंतिम चक्र की मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार सिंह को विजेता घोषित किया गया। महामंत्री पद पर वीरेंद्र कुमार यादव निर्वाचित हुए।अध्यक्ष के प्रत्याशी राजेश कुमार सिंह ने 572 वोट पाया। उपविजेता रहे नारायणी सिंह को 540 मत मिले। तीसरे से स्थान ओमप्रकाश पांडेय रहे उन्हें कुल 102 वोट मिले।

इसी तरह महामंत्री पद के विजेता रहे वीरेंद्र कुमार यादव को 409 वोट मिले जबकि उपविजेता आनंद कुमार पांडेय ने 370 मत पाया।अनिल कुमार सिंह को 344 वोट और संतोष कुमार चौबे को 146 वोट तथा शैलेंद्र कुमार सिंह को 23 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र पटेल 644 मत पाकर विजेता रहे जबकि दुर्गेश कुमार सिंह को 515 मत मिले।कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार सिंह ने 590 मत पाकर जीत हासिल की नीरज कुमार पाठक को 566 मत मिले। संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर नवनीत उपाध्याय 722 मत पाकर निर्वाचित घोषित किए गए। उपविजेता रहे परमहंस राज पटेल को 479 मत प्राप्त हुए।

मत गणना को लेकर सुबह से ही तहसील परिसर में काफी गहमागहमी रही। बार भवन में मतगणना चल रही थी। बाहर उनके समर्थक नारे लगा रहे थे। पुलिस प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर पटेल, विजय पांडेय, छेदी यादव तथा दिनेश शर्मा ने बताया कि विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया है। समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाथरस में अपहरण का मामला: 3 घंटे में अपहृत व्यक्ति की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी

**समाज जागरण**

हाथरस, 24 दिसंबरः थाना हाथरस गेट क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र से एक व्यक्ति के अपहरण की सूचना मिलने पर थाना हाथरस गेट, एसओजी टीम और एंटी थेफ्ट टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की।

पुलिस अधीक्षक हाथरस ने बताया कि, सिर्फ तीन घंटे के भीतर अपहृत व्यक्ति को सकुशल बरामद किया गया और अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। यह तेज और प्रभावशाली पुलिस कार्रवाई है। अधिकारियों ने अपहरण की घटनाओं के खिलाफ सतर्क रहने और पुलिस को त्वरित सूचना देने की जनता से अपील की है।

# पुलिस लाइन्स सूरजपुर में रिक्रूट आरक्षियों के लिए योग एवं मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित



**समाज जागरण**

सूरजपुर, 24 दिसंबरः @CP_Noida के निर्देशन में पुलिस लाइन्स सूरजपुर स्थित बहुउद्देशीय हॉल में रिक्रूट आरक्षियों के मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हार्टफुलनेस संस्था की टीम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को मानसिक तनाव के कारणों की पहचान, उनसे बचाव के उपाय, और योग एवं मेडिटेशन के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए वे अपने कार्य में दक्षता और सशक्त मनोबल बनाए रख सकते हैं।

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त लाइन्स, श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित पुलिस लाइन में नियुक्त अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा आरटीसी में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

पुलिस अधिकारियों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि यह न केवल आरक्षियों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है बल्कि उनके पेशेवर जीवन में कार्यकुशलता और स्थिरता भी बढ़ाता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य रिक्रूट आरक्षियों को मानसिक तनाव से निपटने की कला सिखाना और उन्हें समग्र रूप से स्वस्थ और सशक्त बनाना था।

# बाल मेले में बच्चों ने दिखाई अपनी कौशल, प्रतिभा से स्वादिष्ट व्यंजन व कला का प्रदर्शन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बच्चों के अंदर असीम प्रतिभा,कला,कौशल होता है उसे सिर्फ बेहतर समय,परिस्थिति व काल की जरूरत होती है।जो स्वंय निखर कर उनके जीवन मे दृष्टिगत होती है।

एस0आर0 कान्वेंट और राजेश्वरी बालिका इंटर कालेज के निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने तुलसी माता का वैदिक विधान से पूजन व क्रिसमस डे के पूर्व संध्या पर सभागार में आयोजित बाल मेले में 'तुलसी पूजन व क्रिसमस मेला' का शुभारम्भ करते हुए अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। निदेशक श्री सिंह ने कहा कि भारतीय परंपरा की प्रतीक तुलसी पौधे का वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है।ईसा मसीह के जन्मदिन भगवान ईशु के मानवता संदेश को भुलाया नहीं जा सकता ।



विद्यालय के निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह बाल मेले में मॉडल का अवलोकन कर जानकारी लेते तथा व्यंजन का स्वाद लेते हुए।

बाल मेले कक्षा 7th की छात्रा शहनाज खान ,9 th की छात्रा महिमा जायसवाल ने अपने बनाये मॉडल की विस्तृत जानकारी दी।वहीं छात्राओं ने मेले में विविध व्यंजन चाट, पकौड़ा, पानी पूड़ी, भेल पूड़ी, नींबू चाय ,स्लाइ चप, छोले, पकौड़े, स्वीट डिश बनाकर प्रदर्शन व विक्री कर पैसे कमाकर मितव्ययिता का परिचय दिया।

कुछ छात्र सेंटा क्लॉज के रूप में उपस्थित लोगो में टॉफियां बांटी। छात्रों की ओर से खेलकूद का मनोरंजन प्रसूति की।

बाल मेले में शिक्षक और शिक्षकाओं सहित बच्चों ने स्टाल से खरीददारी कर रसास्वादन किया। प्रधानाचार्य शेर बहादुर विश्वकर्मा ने बच्चों के द्वारा प्रदर्शित किए गए कार्यकम पर उन्हें बधाई दिया ' कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।

# ग्राम पंचायत औरा द्वारा जलाई गई अलाव, स्थानीय लोगों को मिली राहत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी भीषण ठण्ड ,शीतलहर व गलन से जहां जनजीवन पूरी तरह से सिकुड़ सा गया वहीं पशुओं का भी हालत दयनीय हो गई है। ग्राम प्रधान औरा विद्योत्मा देवी व प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार ने ग्राम पंचायत द्वारा स्थानीय बाजार में सार्वजनिक स्थान पर जहाँ प्याऊ की व्यवस्था की गई थी।वहां पर अलाव जलाकर लोगों को राहत पहुंचाई गई है।



प्रतिनिधि संजय कुमार के अनुसार लोग अपने लिए जीते हैं लेकिन हमारी मानवीय संवेदना यह है कि कुछ समय दूसरों की सेवा करते हुए जीने का कार्य करके आत्मीय सन्तोष मिलता है। बुद्ध जी सदैव यहीं उपदेश देते रहे कि माया के इस नश्वर जीवन में जन-जन के भीतर करुणा, त्याग,सेवा , अपनेपन ,परोपकार की भावना पैदा करके हर चेहरे पर खुशहाली लाएं। महान व्यक्ति वहीं है जो दूसरों के दुःख को अपना दुःख समझकर सहभागी बनें। प्राकृतिक आपदाओं में ही इंसान की इंसानियत नजर आती है। हम सभी महिला - पुरुष प्रधान ,जनप्रतिनिधियों ,व्यापार मंडलों,संस्थानो से जुड़े लोगों से आग्रह करता हूँ कि अपने पास सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाकर लोगों को राहत प्रदान करें। आज गाँव-गाँव महिलाओं का समूह गठित है यदि वे गंगा स्नान ,महाकुंभ स्नान ,मन्दिर दर्शन पूजा से ज्यादा पुण्य पाना चाहती हैं तो अपने आस-पास सार्वजनिक अलाव जलवाने का कार्य करें।

## बाल विवाह मुक्ति श्रावस्ती बनाने हेतु जागरूकता रथ को खण्ड विकास अधिकारी हरिहर पुर रानी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती महिला कल्याण विभाग, श्रावस्ती तथा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (नीति आयोग) व देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में जनपद श्रावस्ती में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक हरिहरपुर रानी के खंड विकास अधिकारी राम बरन जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया।



इस अवसर पर बाल विवाह को रोकने एवं समाज को जागरूक करने हेतु उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने व रोकने की शपथ भी दिलाई गई। यह जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक हरिहरपुर रानी के सभी ग्राम पंचायतों गांवों में बाल विवाह की रोक थाम हेतु प्रचार प्रसार करेगा कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें।

इस अभियान में देहात इंडिया संस्था से हंसराम, रमेश कुमार शुक्ला एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना मय टीम विकास खंड हरिहर पुर रानी के ग्राम विकास अधिकारी की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करना तथा बाल विवाह मुक्त जनपद बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# कोहरे ने रोकी की गाड़ियों की रफ्तार सार्वजनिक स्थलों पर नहीं जले अलाव

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ के ग्रामीण इलाकों में अलाव नहीं चल रहे हैं। केवल कागजों पर सोशल मीडिया मे अलाव जल रहे हैं। कोहरे ने गाड़ियों की रफ्तार को धीमा किया 3 दिनों से कोहरा होने से किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। तो दूसरी तरफ सार्वजनिक स्थल पर अलाव नहीं जल रहे हैं। नदिहार के ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह पटेल ने पटेल नगर त्रिमुहानी पर अलाव की व्यवस्था की थी। लेकिन वह भी ना काफी साबित हो रही है। गांव के प्रमुख चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं दिख रही है।सोशल मीडिया ग्रुप में अलाव की तस्वीर केवल जारी हो रही है।अधिकारी देखें और गांव के प्रधानों की प्रशंसा करें।लेकिन कागजों पर सिमट कर रह गया है। राजगढ़ क्षेत्र के 83 ग्राम पंचायत में लगभग 2 से 4गांव को छोड़ दिया जाए तो अलाव की व्यवस्था नदारद है। धनसीरिया गांव में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं है। ठंड से ठिठुर रहे लोगों को गलन से राहत नहीं मिल रही है। विकासखंड राजगढ़ कार्यालय भी अछूता नहीं है यहां पर भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है दिन प्रतिदिन फरियादी और ब्लॉक के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



# प्रधानमंत्री का लखनऊ भ्रमण: हमीरपुर में यातायात डायवर्सन लागू, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**समाज जागरण**

हमीरपुर, 24 दिसंबरः दिनांक 25.12.2025 को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार का जनपद लखनऊ में 'राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल' का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस विशेष अवसर को देखते हुए जनपद हमीरपुर में व्यापक यातायात डायवर्सन लागू किया गया है। प्रशासन ने बताया कि डायवर्सन दिनांक 24.12.2025 रात्रि 10 बजे से 25.12.2025 कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान मुख्य मार्गों पर वाहनों की आवाजाही सीमित होगी और सुरक्षा कारणों से कई रास्ते बंद रहेंगे। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और कार्यक्रम के दौरान अनावश्यक वाहन चलाने से बचें। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में भी प्रवेश पर सख्ती बरती जाएगी।

हमीरपुर प्रशासन ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा, और किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए जनता से पूर्व में ही क्षमा याचना की गई है।

साथ ही, प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे समय पर अपने गंतव्यों पर पहुँचने की योजना बनाएं और कार्यक्रम स्थल के आसपास भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें।

प्रधानमंत्री के इस भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधा को लेकर पूरी तैयारियों का जायजा लिया गया है।

# पिता के पुण्य तिथि पर रोहनिया विधायक ने बाटे कम्बल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने अपने पिता स्वर्गीय बनारसी पटेल की पुण्यतिथि पर पैतृक गांव सोनपुरवा (अनेई) में गरीबों के बीच कंबल वितरित कर उन्हें भोज भी कराया। विधायक ने सर्वप्रथम स्व.





पिता बनारसी पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद दूर-दराज से मौके पर पहुंचे गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए।इस मौके पर उन्होंने कहा

कहा पिताजी की पुण्यतिथि पर गरीबों की मदद कर काफी खुशी का अहसास हो रहा है। वैसे अपने क्षेत्र की जनता को खुश रखना हमारी जिम्मेदारी भी बनती है। आज ही के दिन पिछले वर्ष पिताजी का निधन हो गया था। इस पुनीत कार्य में परिवार के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई।

# एक दिवसीय बाल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) संस्था द्वारा संचालित टीडीएच परियोजना के तत्वाधान में जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर ब्लॉक अंतर्गत एस एस इण्टर कालेज आह्लाद डीह में एक दिवसीय बाल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बाल चिकित्सा समूह के सदस्य एवं युवा समूह के बच्चों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का संचालन पेस संस्था की सचिव राजविंदर कौर जी ने







किया एवं प्रशिक्षक अश्वनी कुमार द्विवेदी जी ने बच्चों को बाल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया तथा प्रशिक्षित बच्चों को संस्था की तरफ से उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण से बच्चों ने बाल मनोविज्ञान के विषय में बहुत सारी जानकारी प्राप्त किया एवं संस्था के कार्यों की सराहना किया। कार्यक्रम में पेस संस्था से संस्था की सचिव राजविंदर कौर जी, सुमित रंजन जी, अमरीश जी, विनोद कुमार पांडेय जी,फकरुद्दीन जी, पुनीता पांडेय जी तथा प्रशिक्षक अश्वनी कुमार द्विवेदी जी एवं यूथ क्लब के बच्चे तथा बाल चिकित्सा समूह के सदस्य मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग के सभी काउंटर आज खुले रहेंगे

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। 25 दिसंबर बृहस्पतिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के उपरांत भी विद्युत विभाग के सभी खंड,उपखंड कार्यालय और कैश काउंटर खुले रहेंगे। जगह जगह ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बिल राहत योजना के कैंप लगाए जाएंगे ताकि उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने समस्याओं के निराकरण में राहत मिल सके। इस बात की जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बरईपुर वाराणसी मनीष झा ने दी है।

# विकास खंड संभल में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

### बाल संरक्षण, बाल श्रम व बाल विवाह रोकथाम पर हुई विस्तृत चर्चा

**समाज जागरण**

संभल। जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में विकास खंड संभल सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार ने की। बैठक में बच्चों के संरक्षण, पालन-पोषण एवं उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, परिवार से वंचित बच्चों की देखरेख, बच्चों के साथ होने वाली हिंसा एवं दुर्व्यवहार की रोकथाम तथा संरक्षणात्मक उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना अग्रवाल ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा बाल संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से योजनाओं की नियमित समीक्षा करने पर जोर दिया।

सामाजिक कार्यकर्ता खेमपाल सिंह ने बच्चों एवं छात्राओं के हित में संचालित योजनाओं–मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह एवं बाल श्रम रोकथाम–की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112 एवं 1076 के प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली बैठकों में समिति के सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में शिक्षा विभाग से सी.पी. सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति गौरव शर्मा, प्रभारी प्रयत्न संस्था (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन) से गौरी शंकर चौधरी, विनीता सैनी, दिनेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतरौलिया में युवक का फांसी के फंदे से शव बरामद, पुलिस ने शुरू की जांच

**समाज जागरण**

अतरौलिया, 24 दिसंबरः थाना अतरौलिया क्षेत्र अंतर्गत आज एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलने पर अतरौलिया पुलिस तुरंत मौके पर पहुँच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, चिराग जैन ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है और जांच जारी है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि इस मामले में किसी तरह की अफवाह न फैलाएँ और जांच में सहयोग करें।

# आरएसएस का सौ वर्ष हम हिन्दुओं के गौरव का उत्सवः- दिनेश सिंह

## नगवां ब्लाक के खलियारी मंडल स्थित निर्मल इंटरमीडिएट कालेज प्रांगण में हुआ आयोजन

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। हिंदू समाज मना रहा उत्सव की तरह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सौ वर्ष। विकास खंड नगवां के खलियारी मंडल अंतर्गत किसान निर्मल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को सकल हिंदू समाज के द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि यह समय हमारे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है जिसका परिणाम भी दिखाई दे रहा है कि हम अपने गौरवशाली इतिहास को स्थापित करने में सफल होते नजर आ रहे हैं।हर तरफ सनातन की जय जयकार हो रही है मां भारती धानी चुनरिया में रंगती हुई अपने हिंदू संस्कृति के लिए पुनः विश्व के मानस पटल पर अमिट रेखा खींच अलौकिक क्षण को जी रही है। हां यह सत्य है कि हम कभी विस्तारवादी नहीं रहे किंतु आज वह समय आ गया है कि हमें विस्तारवादी भी होना होगा और ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए हमारी संस्कृति पर बुरी नजर डालने वालों को सबक सिखाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर पी एन पाण्डेय ने कहा की आज पूरा विश्व हमारी तरफ बहुत आशा लगाए किसी भी घटना पर क्रिया प्रतिक्रिया का इंतजार करता है क्योंकि उसे पता है की हम उस संस्कृति से आते हैं जो सदैव न्याय की ही बात करता है।आज ए आई आया हम तो पहले से ही ए आई से बहुत आगे है यदि हम मस्तक के तिलक, चोटी, कलावा और प्रातः अपने पूज्य के चरण वंदन करें तो इसका साइंटफिक रीजन बहुत ही बड़ा है। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज आयोजन समिति के विभाग संयोजक धनंजय पाठक, जिला संयोजक/अध्यक्ष आलोक कुमार चतुर्वेदी, राहुल, रामकीर्ति, विजय, हिरेश, रमाकांत, श्यामसुन्दर पाण्डेय, श्रीकांत, महेंद्र, रवि कुमार, सिम्पू पाण्डेय, कलावती जायसवाल, बलिराम दास महाराज संत, संदीप, पन्ना लाल, राकेश, रामसेवक खरवार, श्याम बिहारी, अभय, राकेश, श्याम मोहन पाण्डेय, रमाकांत, राजेश चौरसिया, विजय यादव, आशुतोष, महेंद्र जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण यादव ने किया।

# ट्रेलर की टक्कर से व्यक्ति की मौतः सड़क पार करते समय हुआ हादसा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



शक्तिनगर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 37 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मंगलवार रात करीब 8 बजे बोदरा बाबा के पास टायर पंचर की दुकान के सामने सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान पारसनाथ पुत्र छविनाथ शर्मा (उम्र लगभग 37 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मिजापुर के ककरद गांव के निवासी थे। सूचना मिलने पर शक्तिनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल एनटीपीसी स्थित संजीवनी चिकित्सालय पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई बृजेश कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने बताया कि पारसनाथ सड़क पार कर रहे थे तभी ट्रेलर संख्या UP64AT3160 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत केस दर्ज कर लिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया गया है। पुलिस फरार ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है और आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# तीन घंटे के अंतराल में दो सगे भाई-बहन की रहस्यमई मौत से गांव में पसरा सन्नाटा

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के गिधिया गांव में मंगलवार सुबह तीन घंटे के अंतराल में दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बच्चों की मौत का कारण अत्यधिक ठंड को बताया है। मृतक बच्चों की मां ने थाने में तहरीर देकर मौत के कारणों



की जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह गिधिया निवासी विकास कुशवाहा के तीन माह के नवजात बेटे अंशु कुमार को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। परिजन उसे लेकर कोन स्थित एक निजी अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्य रोते-बिलखते अंशु के शव को लेकर घर पहुंचे ही थे कि विकास की चार वर्षीय बड़ी बेटी अनन्या कुमारी को भी उल्टी होने लगी। घर के अन्य सदस्य छोटे बेटे के अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे, जबकि कुछ लोग अनन्या को इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। विकास कुशवाहा के ये दोनों ही संतान थे, जो एक ही दिन काल के गाल में समा गए। विकास कुशवाहा कमाने के लिए बाहर गए हुए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि दोनों मासूम बच्चों की मौत अत्यधिक ठंड के कारण हुई है। मृतक बच्चों की मां ने पुलिस थाने में तहरीर देकर बच्चों की मौत के सही कारणों का पता लगाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार ने बाइक सवारों को मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**





म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी गांव में बीजपुरझमुर्धवा मार्ग पर मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ (25) पुत्र सुरेंद्र के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक दिनेश पनिका (22) पुत्र सुक्खन, निवासी ग्राम देवरी बताया गया है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से जा रहे थे तभी रेणुकूट की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना देवरी पेट्रोल पंप के समीप हुई। हादसे के बाद सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दिनेश को तत्काल सीएचसी म्योरपुर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई थी। सूचना मिलने पर सीओ दुद्धी राजेश राय और म्योरपुर थाना प्रभारी राम दरस राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सीएचसी भिजवाया, जहां उपस्थित चिकित्सक डा० पीएन सिंह ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक सौरभ देवरी गांव में ही किराने की दुकान चलाता था। वह रोज की तरह दुकान बंद कर करीब दो सौ मीटर दूर स्थित अपने घर जा रहा था। इसी दौरान दिनेश बाइक से आगे जा रहा था, जिसे सौरभ ने रुकवाकर बाइक पर बैठा लिया था। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# टीपर-ऑटो की टक्कर, हादसे में एक महिला सहित तीन घायल

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



जुगैल/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र में गोठानी गांव के पास एक सड़क हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। बुधवार दोपहर बाद एक तेज रफ्तार टिपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही ऑटो उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो टिपर के पिछले हिस्से में जा घुसी। जानकारी के अनुसार, यह घटना बुधवार दोपहर को हुई जब चोपन की ओर से तीन लोग एक ऑटो में सवार होकर भरहरी जा रहे थे। गोठानी गांव के पास आगे चल रहे टिपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रही ऑटो अनियंत्रित होकर टिपर से टकरा गई। हादसे में ऑटो चालक प्रीतम मिश्रा (22) पुत्र छोटकऊ राम मिश्रा निवासी भरहरी, सुखपति पाण्डेय (70) पुत्र राम लखन पाण्डेय ग्राम पंचायत चतरवार टोला मदाइन और दुर्गावती (45) पत्नी सुदर्शन पटेल निवासी भरहरी घायल हो गए। इसी मार्ग से गुजर रहे अगोरी के प्रधान राम प्रताप साहनी ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को अपनी निजी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। वहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी और यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# रात को पानी भरने गये युवक की, पैर फिसल कर कुएं में गिरने से मौत

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

बभनी/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के चौना गांव में 28 युवक का पैर फिसल कर कुए मे जा गिरा। जब तक परिवार के लोग पहुचते वह गहरे पानी मे चला गया। सुबह ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना क्षेत्र के चौना गांव निवासी 28 वर्षीय युवक अजय



पुत्र मटुरन की मौत कुए मे गिरकर हो गई। युवक रात मे पानी भरने गया था कि अचानक उसका पैर फिसल गया और कुएं मे जा गिरा। जब तक परिवार के लोग शोर सुन पहुचते वह गहरे पानी मे चला गया। रात भर ग्रामीणों ने शव निकलने का प्रयास किया लेकिन वह निकल नही पाया। बाद मे सुबह पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। मटुरन की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्दी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवा दिया। मृतक की पत्नि सुनीता का रो रो कर बुरा हाल है मृतक की ढेड वर्ष की एक बच्ची है। उपनिरिक्षक सरफराज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे विधिक कार्यवाही किया जा रह है।

# बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या के मामले में हिंदू संगठन का प्रदर्शन, सरकार से दखल देने की मांग

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू दास की हत्या और हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा के विरोध में देशभर में आक्रोश फैल गया है। इसी कड़ी में बुधवार को रॉबर्ट्सगंज में हिंदू संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नरसिंह त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश का पुतला दहन किया और 'युसूफ खान मुदार्बाद', 'बांग्लादेश मुदार्बाद' जैसे नारे लगाए। बड़ी संख्या में लोग हाथों में झंडे और बैनर लेकर रॉबर्ट्सगंज के हायडील मैदान पर एकत्रित हुए। यहां से सामूहिक रूप से प्रदर्शन करते हुए वे बढ़ौली चौराहा पहुंचे, जहां बांग्लादेश का पुतला फूंका गया। हिंदू



संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा नहीं रुकी, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज इस अन्याय के खिलाफ सड़क से संसद तक अपनी आवाज उठाएगा। विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत धर्म प्रसार प्रकोष्ठ के नेता नरसिंह त्रिपाठी ने कहा कि पिछले एक साल से बांग्लादेश सरकार के इशारे पर हिंदू समाज के भाइयों पर हमले हो रहे हैं। उन्हें सड़कों पर जिंदा जलाया जा रहा है और निर्वस्त्र कर पीटा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं और बहनों के साथ अभद्रता की जा रही है, जिससे पूरा हिंदू समाज आक्रोशित है। त्रिपाठी ने केंद्र और राज्य सरकारों से बांग्लादेश के खिलाफ ठोस निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मामले पर ध्यान नहीं दिया, तो देश का युवा बजरंग दल के नेतृत्व में बांग्लादेश के लिए भी कूच करेगा।

# हाईवे पर सफेद पट्टियां धूमिल, कोहरे में खतरा बढ़ा, अलाव की व्यवस्था न होने से ठंड से ठिठुर रहे ग्रामीण प्रशासन से जल्द व्यवस्था करने की मांग

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे पर पिछले कई दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) बेहद कम हो गई है। बुधवार सुबह हालात ऐसे थे कि वाहन चालकों को कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इस शून्य दृश्यता में हादसों से बचने के लिए सड़क देखरेख करने वाली कंपनी यूपीएसए (UPSA) की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्टेट हाईवे और अन्य प्रमुख मार्गों पर बनी सफेद लेन मार्किंग पट्टियां कई जगहों पर पूरी तरह से धूमिल हो चुकी हैं। ये पट्टियां चालकों को लेन अनुशासन,



सड़क की चौड़ाई और सुरक्षित दिशा का संकेत देती हैं, लेकिन इनके अभाव में खतरा बढ़ गया है। धूमिल पट्टियों के कारण विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालक भ्रमित हो सकते हैं, जिससे आमने-सामने की टक्कर का अंदेशा रहता है। बाइक सवार भी सफेद पट्टी के सहारे आगे बढ़ते हुए अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढों में गिर सकते हैं। विशेष रूप से मोड़, ढलानों और डिवाइडर-रहित हिस्सों पर, जहां अधिक सतर्कता की आवश्यकता होती है, वहां भी ये सुरक्षा निशान गायब हैं। तकनीशियनों के मानकों के अनुसार, सड़कों पर रिफ्लेक्टिव (चमकीली) पट्टियां अनिवार्य होती हैं, ताकि वे रात में वाहनों की हेडलाइट की रोशनी में चमक सकें। हालांकि, जहां ये पट्टियां मौजूद भी हैं, वे खराब गुणवत्ता के कारण जल्दी मिट गई हैं, जिससे रात में भी दृश्यता की समस्या बनी रहती है। घने कोहरे के बावजूद कई वाहन चालक अपनी गति कम नहीं करते। विशेष रूप से खनिज लादकर ले जा रहे वाहनों के चालकों को वाहन मालिकों द्वारा जल्दी पहुंचने और अधिकारियों की लोकेशन पर गति बनाए रखने के निर्देश दिए जाते हैं। वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर गति के मानक तय होने के बावजूद प्रशासन की ओर से यातायात नियमों के पालन में सख्ती नहीं दिखाई जाती है। वही ओबरा तहसील के बिल्ली मारकुंडी, सिंदुरिया और खैरटिया गांवों में कड़ाके की ठंड के बावजूद अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इससे ग्रामीण, विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भीषण ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अमर ने बताया कि इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है और सूर्य भी दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे गलन बढ़ गई है। ग्राम पंचायत द्वारा ठंड से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने ग्राम सभा बिल्ली मारकुंडी में उदासीनता का आरोप लगाया। ठंड के कारण मजदूर बीमार पड़ रहे हैं, जिससे उनके लिए काम करना और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। जिला प्रशासन ने ठंड को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी है, लेकिन ओबरा तहसील के खैरटिया बिल्ली में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। बसपा पार्टी के विधानसभा संयोजक ओबरा, सूर्य बलि गौतम ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बिल्ली मारकुंडी के टोला खैरटिया में अलाव की व्यवस्था नहीं है और ग्राम पंचायत प्रतिनिधि जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत में कोई रैन बसेरा भी उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों और स्थानीय नेताओं ने जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान से जल्द से जल्द अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि लोग ठंड से बचकर सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

# अवैध खनन की कवरेज रोकने पर ओबरा थाने में शिकायत दर्ज, खनन क्षेत्र में पत्रकारों को मिली जान से मारने की धमकी का मामला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ओबरा खनन क्षेत्र में खबर कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को जान से मारने की धमकी दी गई। अवैध खनन की तस्वीरें लेने से रोकने के बाद पत्रकारों ने ओबरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र के कृष्ण माइंस में सात मजदूरों की मौत के बाद सुर्खियों में आए खनन क्षेत्र के ठीक सामने से जुड़ी है। यहां खननकर्ता नियमों का उल्लंघन कर मनमानी कर रहे हैं, जिससे खनन व्यवसाय की स्थिति खराब हो गई है। कुल 37 खदानों को नियमों के उल्लंघन के कारण बंद कर दिया गया है। जो खदानें अभी चल रही हैं, वे भी कथित तौर पर गुंडागर्दी में लिप्त हैं। लगातार खबरों के प्रकाशन के बाद यह क्षेत्र विभिन्न विभागों के रडार पर आ गया है। डीजीएमएस के नियमों के विपरीत हो रहे खनन के कारण कई खदानें 'डेंजर जोन' घोषित हो चुकी हैं। इन खदानों को बंद करने और जांच की कवायद तेज हो गई है, जिससे खदान मालिक



नाराज हैं। विभागीय जांच टीमें अक्सर यहां आती-जाती रहती हैं। अवैध गतिविधियों को छिपाने के लिए खदानों के इर्द-गिर्द बैरिकेड लगाए गए हैं, ताकि कोई अवैध खनन का वीडियो या फोटो न ले सके। खदान मालिक अवैध खनन को उजागर करने के लिए सीधे पत्रकारों को दोषी ठहरा रहे हैं। बुधवार को भी खनन क्षेत्र में एक जांच टीम के आने की सूचना पर कुछ पत्रकार खबर कवरेज करने पहुंचे। बजरंग स्टोन के पास पहुंचते ही खदान मालिक द्वारा रखे गए गुर्गों ने पत्रकारों को धमकी दी। उनसे कहा गया कि 'यहां से चले जाओ, नहीं तो खदान में धकेल दिए जाओगे और नामोनिशान पता नहीं चलेगा'। पीड़ित पत्रकार अरविंद कुशवाहा ने बताया कि बजरंग स्टोन पत्थर खदान में जांच की सूचना पर वे समाचार संकलन के लिए जा रहे थे। खदान के पास तैनात धीरज राय के गुर्गों ने उनके साथ अभद्र और अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्हें फोटो/वीडियो कवरेज करने से भी रोका गया। पत्रकारों ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने 14,311 लीटर अवैध शराब नष्ट की, मजिस्ट्रेटीय समिति की मौजूदगी में 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत कार्रवाई

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस ने 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत 14,311 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब को नष्ट किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र में की गई। शराब का विनष्टीकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा 19 नवंबर 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में किया गया। 24 दिसंबर 2025 को एक मजिस्ट्रेटीय समिति की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से गड्ढा खोदकर मौके पर ही शराब को नष्ट किया गया। यह अवैध शराब रॉबर्ट्सगंज थाने में दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों से संबंधित थी। पहला मुकदमा (मु0अ0सं0 171 /2024) आबकारी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज था, जिसमें वाहन संख्या HR 55 S 1638 से 600 पेटी (5400 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई थी। दूसरा मुकदमा (मु0अ0सं0 536/2023) भी भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज था, जिसमें वाहन संख्या HR 45 B 0051 से 964 पेटी (21,936 शीशी), यानी कुल 8,911 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। इन दोनों मामलों में कुल 14,311 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब को कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। इस पूरी कार्रवाई को एक गठित समिति की मौजूदगी और पर्यवेक्षण में अंजाम दिया गया। समिति में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा, नायब तहसीलदार विशाल कुमार, अभियोजन अधिकारी श्रीकांत सिंह और प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज माधव सिंह शामिल थे।

सोनभद्र पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ ऐसी सख्त और प्रभावी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। पुलिस जनपद में कानून व्यवस्था और जनस्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा थाना पिपरी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण, आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार द्वारा थाना पिपरी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने पर संधारित अभिलेखों, अभिरक्षा व्यवस्था, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, भोजनालय कक्ष तथा थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत थाना प्रभारी पिपरी सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाए रखने, अभिलेखों के समुचित संधारण, विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा आमजन के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित टीम को निर्देशित किया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। महिलाओं की चौपाल, जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं अन्य माध्यमों से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र पर प्राप्त महिलाओं से संबंधित प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

**कम्बल वितरण**

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देश पर थाना पिपरी क्षेत्रान्तर्गत शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए सामाजिक दायित्व के तहत असहाय एवं जरूरतमंद बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से प्रभावित जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत प्रदान करना एवं पुलिस के जनसेवक स्वरूप को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। कंबल प्राप्त कर बुजुर्गों द्वारा पुलिस प्रशासन की इस मानवीय पहल के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, हाईवे पर चला विशेष अभियान

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी द्वारा हाईवे पर विशेष यातायात अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गलत दिशा से वाहन चलाने वाले चालकों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक/हाइवा वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही सड़क किनारे वाहनों की मरम्मत कराकर यातायात बाधित करने वाले गैराज एवं मोटर मैकेनिकों को सख्त हिदायत देते हुए वाहन रोड पर न खड़े कराने के संबंध में नोटिस जारी की गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध आगे भी निरंतर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# किशनगंज में बाल विवाह उन्मूलन को 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान शुरू

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2025 से 08 मार्च 2026 तक बाल विवाह को समाप्त कराने बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु पूरे देश में 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, उक्त के आलोक में किशनगंज ज़िले में 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाने हेतु चरणबद्ध रूप से कार्ययोजना जिलाधिकारी के द्वारा बनाया गया है। बाल विवाह जैसे कुरीतियों को समाप्त करने हेतु किशनगंज ज़िले के सभी उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम चलायी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि हमारे देश में लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। इसके बावजूद आज भी हमारे समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा देखने को मिलती है। बाल विवाह बच्चों के बचपन, शिक्षा और सपनों को छीन लेता है। विशेषकर लड़कियों के लिए यह बहुत ही घातक सिद्ध होता है। कम उम्र में विवाह से उनका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ती हैं और वे अपने अधिकारों से वंचित रह जाती हैं।

बाल विवाह का मुख्य कारण अशिक्षा, गरीबी, सामाजिक दबाव और पुरानी परंपराएँ हैं। लेकिन हमें यह समझना होगा कि परंपराएँ वही अच्छी होती हैं जो समाज को आगे बढ़ाएँ, न कि उसे पीछे धकेलें।भारत सरकार ने बाल विवाह को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए हैं, फिर भी जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक इस कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता।

हम सभी का कर्तव्य है कि हम बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएँ, बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाएँ और अपने आसपास होने वाले बाल विवाह को रोकने में सहयोग करें।

आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम न केवल स्वयं बाल विवाह का विरोध करेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करेंगे।

# अपराधी विजय तिर्की की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी चांडिल थाना पुलिस

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 24 दिसंबर 2025: सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने हिस्ट्रीशीटर अपराधी विजय तिर्की की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

**बाजार में घात लगाकर हमला**

मिली जानकारी के अनुसार, विजय तिर्की बुधवार शाम को हारूडीह साप्ताहिक हाट बाजार गया हुआ था। वह बाजार में घूम ही रहा था कि पहले से घात लगाए बैठे हथियारबंद अपराधियों ने उसे घेर लिया। इससे पहले कि विजय कुछ समझ पाता, अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से बाजार में भगदड़ मच गई। हमले में गंभीर रूप से घायल विजय तिर्की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी डील्सन बिरुवा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**पुराना आपराधिक इतिहास**

मृतक विजय तिर्की का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह कई कांडों में शामिल रहा है। पुलिस इस मामले को गैंगवार या आपसी रंजिश से जोड़कर भी देख रही है। फिलहाल, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# डॉ कौशल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान कर व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर मनाया पोते का जन्मोत्सव

## मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी के चौथी पीढ़ी के जन्म उत्सव में शामिल हुए देश-विदेश से आए हजारों लोगः डॉ कौशल व पार्षद अमित

**समाज जागरण दीपक सरकार**



पलामू :मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन और जेएमपी परिसर में प्रो अरुण के पुत्र और डॉ कौशल के सुपौत्र जायसवाल अद्विक प्रताप देव के जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन केक काटकर किया गया। वहीं पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पौधा रोपण कर देश- विदेश से पहुंचे अतिथियों को पौधा प्रदान कर उत्सव मनाया गया । जन्मोत्सव में नेपाल भूटान सहित देश के दर्जनों राज्यों से पहुंचे हजारों अतिथियों ने बच्चे को अपना आशीर्वाद देकर उसे दीघार्यु होने की मंगल कामना की। इसीतरह ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत शहर के दो नंबर टाउन में संचालित अनाथालय के बच्चों को अंग वस्त्र ,भोजन व मिठाइयां खिलाकर उनके सुखद जीवन की कामना की। साथ ही डाली के मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया वहीं शहर स्थित पर्यावरण भवन पर आए ग्रामीण अतिथियों को कंबल दान करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। डॉ कौशल ने कहा कि घर में परिवार की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए शिव के समान वृक्ष व ऑक्सीजन के सिलेंडर की तरह पौधे लगाने के साथ-साथ वितरण भी करना चाहिए । इस पुनीत कार्य से स्वयं के साथ-साथ आने वाले पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा। उक्त अवसर पर जायसवाल अद्विक प्रताप देव के पिता प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल माता कोमल जायसवाल, , डाली पंचायत के मुखिया सह दादी पूनम जायसवाल, चाचा छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, शिल्पा जायसवाल के गांव से आए ग्रामीणों महिलाओं के साथ दादी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, गीता देवी,अल्पना देवी ,आशा देवी, ममता देवी, अंजनी देवी, चिंता देवी, माधुरी देवी, मामी डॉ जयंती जायसवाल , मीनाक्षी देवी,बुआ ज्योति जायसवाल, खुशबू जायसवाल नीलू जायसवाल, नेहा नूपुर जायसवाल,सीमा देवी, रेणु देवी, किरण देवी, आरती देवी, संजू देवी,शीला देवी, लीला देवी नानी उषा देवी सुमन देवी, मौसी रुचि देवी, पूजा देवी, अंकिता देवी, रचना देवी, अंकिता देवी, रिचा देवी ने सोहर गीत गाकर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य व दीघार्यु होने की मंगल कामना की। उक्त दो दिवसीय जन्मोत्सव में जायसवाल अद्विक प्रताप देव को आशीर्वाद देने पहुंचे फूफा रोहित जायसवाल, दीपक जायसवाल, गौतम जायसवाल मणिकांत प्रसाद,नाना सुरेंद्र जायसवाल , अशोक जायसवाल, मामा कुणाल जायसवाल,डॉ प्रिंस जायसवाल दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, मंटू जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, डॉ अजय जायसवाल रामजी प्रसाद, ओम प्रकाश सिंह, चाचा निपेंद्र जायसवाल. निकु जायसवाल , सूरज जायसवाल, सुमित जायसवाल सरोज प्रसाद, संजय प्रसाद, संजीव प्रसाद, प्रथम महापौर अरुण शंकर, कांग्रेस नेता सोमेश्वर प्रसाद, दीपक लाल,भाजपा नेता विनोद सिंह, मुन्ना जायसवाल दुदुन सिंह, राजीव कुमार, प्रमोद यादव, सचिन पांडे, महेजर यादव, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर यादव, राकेश रंजन, श्याम देव सिंह मनोज विश्वकर्मा, श्यामदेव पासवान. सुभाष गुप्ता, मोती साव सहित नेपाल भूटान समेत देश के दर्जनों राज्यों से पहुंचे अतिथियों ने जायसवाल अद्विक प्रताप देव को आशीर्वाद दिया।

# बाबा महाकाल मिनरल्स कम्पनी के एमसी अभिषेक जी के जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ 55 यूनिट ब्लड डोनेशन

**विजय तिवारी**




उमरिया। जिले के टउ्ड-खान डेवलपर सह आपरेटर-बाबा महाकाल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के माइनिंग कन्सल्टेंट अभिषेक निगम के जन्मदिन के शुभ अवसर कंपनी कार्यालय पाखी मैरिज गार्डन मानपुर में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें कम्पनी में काम करने वाले लोगों ने 55 यूनिट रक्तदान किया है, इस अवसर पर सीएमएचओ उमरिया डॉ व्ही एस चंदेल और उनकी ब्लड डोनेटिंग एवं सपोटिंग टीम ने पहुंच कर रक्तदाताओं का नियमानुसार रक्त संग्रह करते हुए रक्तदान को महादान बताया और ऐसे शुभ अवसरों पर सभी से रक्तदान करने की अपील की, श्री दिव्यप्रकाश गौतम ने इस दौरान बोलते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है हमारी इस छोटी सी पहल पर हमारे शरीर के रक्त की चंद बूंदे किसी जरूरतमंद को जीवन दान कर सकती हैं और रक्तदान करने से हमारे शरीर का रक्त संचार भी एक नई ऊर्जा के साथ होने लगता है जिससे हमें बायोलॉजीकल बेनिफिट है।इन रक्तदान करने वाले लोगों में कंपनी के मशीन ऑपरेटर ड्राइवर और कर्मचारियों ने सहर्ष रक्तदान किया। इस अवसर पर कंपनी के माइनिंग कंसल्टेंट अभिषेक निगम,जीएम दिव्य प्रकाश गौतम, धीरज कानूनगो सहित गणमान्य एवं पत्रकार गण व क्षेत्रीय जन भारी मात्रा में मौजूद थे जिनके द्वारा सह स्वरुची भोज का आनंद उठाया गया।

# बिहार राज्य प्रारम्भिक शिक्षक संघ ने मनाया 20वां संकल्प दिवस

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नवीनगर (बिहार) बुधवार को कन्या मध्य विद्यालय नबीनगर में बिहार राज्य प्रारम्भिक शिक्षक संघ प्रखण्ड ईकाई नवीनगर ने 20वां संकल्प दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव धन्नजय कुमार सिंह ने कहा कि आज ही के दिन 24 दिसंबर 2005 को पटना के हड़ताली चौक पर तत्कालीन शिक्षा मित्रों का एक ऐतिहासिक आन्दोलन हुआ था, जिसके फलस्वरूप तत्कालीन सरकार ने शिक्षकों की मांगों को स्वीकार कर लिया था।प्रखण्ड सचिव सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि संगठन के माध्यम से 2003 से अपने मांगों को आन्दोलन के माध्यम से मगवाया गया है, अधिकांश मांगें सरकार ने मान ली हैं फलस्वरूप शिक्षक नियमित कर्मी बने और शिक्षकों को नियमित कर्मी की भांति सारी सुविधाएं मिल रही है और जो मांगें शेष बचे हैं, उनके लिए एकजुट होकर संघर्ष करना है।संकल्प सभा में धीरेन्द्र कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, धीरेद्र कुमार सिंह, रजित कुमार सिंह, अरविन्द तिवारी, केदार सिंह, परवेज आलम, अरविद कुमार सिंह, अरविद कुमार, लवकुमार, अरुण कुमार सिंह, इदल कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, चन्द्रशेखर, रमेश कुमार, अविनाश कुमार, अक्षय कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# पटना जिले के पालीगंज में मिलेगी फुटपाथी दुकानदारों को अस्थायी दुकानें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज में चलाए गए अतिक्रमण मुक्ति के दौरान रोड किनारे फुटपाथ पर बने दुकानों तोड़े जाने के बाद विस्थापित दुकानदारों ने दुकानों के लिए प्रशासन से गुहार लगाया है। जिसके बाद बुधवार को पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री भावना, पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा ने नगर बाजार में तोड़े गए दुकानदारों को बसाने के लिए नगर बाजार में भर्मण कर कई स्थानों को देखा। वही एसडीएम ने मठ की जमीन में लग रही सब्जी मंडी के बगल में अतिक्रमण मुक्ति के दौरान उजड़े गए सभी दुकानदारों को दुकान आवंटित करने का आदेश नगर कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री भावना को दिया। साथ ही मठ की जमीन में पड़े गंदगी को तुरंत साफ सफाई करने कभी निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने बताया कि अतिक्रमण मुक्ति अभियान के दौरान सड़क किनारे जिन लोगों की दुकानो को तोड़ी गयी है उन दुकानदारों को बसाने ले लिए मठ की जमीन को चिन्हित किया गया है। मठ प्रबंधन कमिटी की बैठक कर प्रस्ताव लिया जाएगा और विस्थापित उन दुकानदारों को जो दुकान लगाना चाहते है उन्हें दुकान आवंटित किया जाएगा जिससे वे अपने जीवको पार्जन कर सके। एसडीएम ने कार्यपालक पदाधिकारी एवं सीओ को मठ की जमीन नापी कराने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि नगर बाजार को साफ सफाई व व्यवस्थित करने के लिए सब्जी ,फल विक्रेता एवं दुकानदारों से न्यूनतम राशि नगर पंचायत को निर्धारित कर वसूली करने का निर्देश दिया।

# आवेदन के आलोक में कार्रवाई नहीं हुई तो आजसू करेगा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन : मिश्रीलाल महतो

**भुनेश्वर कुमार महातो संवाददाता , समाज - जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बोकारो जिले स्थित बेरमो अनुमण्डल के नावाडीह प्रखंड क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार को लेकर आजसू पार्टी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आजसू प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने नावाडीह अंचल कार्यालय, नावाडीह थाना एवं पेंकझ नारायणपुर थाना में लिखित आवेदन सौंपते हुए क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध कोयला कारोबार पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आवेदन के आलोक में सात दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो आजसू पार्टी के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मिश्रीलाल महतो ने आगे बताया कि नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट क्षेत्र में अवैध कोयला का कार्य खुलेआम चल रहा है। जगह-जगह कोयले का भंडारण किया जा रहा है और उसे बाहरी मंडियों में भेजा जा रहा है। इसके अलावा पलामू पंचायत अंतर्गत रामाहरिया स्थित कोल फैक्ट्री में अवैध कोयले की खरीद-बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। फैक्ट्री संचालकों द्वारा चिमनी पर पोड़ा लगाने के बजाय जमीन में पोड़ा लगाकर कोयला जलाया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंभीर वायु प्रदूषण फैल रहा है। इससे आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों को कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने भी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला कारोबार को लेकर पूर्व में भी आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि रामाहरिया कोल फैक्ट्री से महज 200 मीटर की दूरी पर सरकारी नव प्राथमिक विद्यालय गीदरपटका संचालित हो रहा है। इसके बावजूद नावाडीह अंचल अधिकारी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि चिरूडीह स्थित रूबी कोल फैक्ट्री में रात के अंधेरे में अवैध कोयले की खरीदारी की जा रही है। इसी तरह ऊपरघाट क्षेत्र के मां तारा कोल फैक्ट्री में भी अवैध रूप से कोयले की बिक्री हो रही है। नेताओ का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है मिश्रीलाल महतो ने साफ शब्दों में कहा कि यदि सात दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो आजसू पार्टी सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी पर्यावरण, आम जनता के स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। इस मौके पर आजसू प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र महतो, विजय महतो, जगरनाथ महतो, परमेश्वर महतो, बिक्की शर्मा, दीपक कुमार महतो, चिंतामणि महतो, बासुदेव प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र साव सहित कई कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में अवैध कोयला कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सहायता राशि के लिए 31 दिसम्बर तक करें आवेदन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के जरिए राज्य सरकार ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक अहम पहल की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शुरूआती आर्थिक सहायता देकर उन्हें छोटे स्तर पर रोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और परिवार की आय में योगदान दे सकें। सरकार का मानना है कि आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं का सामाजिक आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। सरकार ने इस योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की है। साफ तौर पर कहा गया है कि जो महिलाएं इस तारीख तक आवेदन करेंगी, वही योजना का लाभ उठा सकेंगी। शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों की महिलाएं इस योजना के लिए पात्र हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि समय सीमा के बाद किसी तरह का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए पात्र महिलाओं को सलाह दी जा रही है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को शुरूआती तौर पर 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। यह राशि महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए एक शुरूआती पूंजी के रूप में दी जाती है। इसके साथ ही सरकार की योजना है कि आगे चलकर महिलाओं को दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाए। हालांकि यह पूरी राशि एक साथ नहीं मिलेगी, बल्कि इसे किस्तों में दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि चरणबद्ध सहायता से महिलाओं का रोजगार स्थायी रूप से विकसित हो सकेगा। इस योजना की एक खास बात यह है कि सरकार केवल पैसे बांटकर जिम्मेदारी खत्म नहीं करना चाहती। जीविका के माध्यम से रोजगार की शुरूआत और उसकी प्रगति की निगरानी की जाएगी। जब यह देखा जाएगा कि महिला ने वास्तव में रोजगार शुरू किया है और वह आगे बढ़ रहा है, तभी अगली किस्त जारी की जाएगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी राशि का सही उपयोग हो और योजना केवल कागजों तक सीमित न रह जाए।सरकार इस योजना को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहती। महिलाओं को हुनरमंद बनाने के लिए प्रशिक्षण मॉडल भी तैयार किया जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि महिलाएं अपने काम को बेहतर ढंग से चला सकें। सिलाई, बुनाई, छोटे व्यवसाय, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को प्रशिक्षण देने की योजना पर काम चल रहा है।

# पेंक - नारायणपुर पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बोकारो जिले के बेरमो अनुमण्डल स्थित पेंक - नारायणपुर थाना क्षेत्र के बोकारो - विष्णुगढ़ मुख्य मार्ग पर बुडगड़ा मोड़ में बुधवार को एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर अंकुश तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। वाहन जांच अभियान में पेंक - नारायणपुर थाना प्रभारी नितीश कुमार स्वयं मौजूद रहे। इस दौरान मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी डिक्की, कागजात एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सघन जांच की गई। पुलिस जवानों द्वारा वाहनों की गहन तलाशी ली गई ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या अवैध सामग्री का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक कागजात साथ रखें और पुलिस जांच में सहयोग करें। मौके पर कई पुलिस जवान मौजूद रहे और अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# पटना के निमार्णाधीन पियरपुरा थाना भवन का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत निमार्णाधीन पीयरपुरा थाना भवन व थाने का औचक निरीक्षण पालीगंज एसडीओ के द्वारा बुधवार को किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए पालीगंज एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह ने बताया कि पिछले कई महीने से पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत पियरपुरा थाना भवन



का निर्माण कार्य चल रहा है। यह कार्य लगभग चार माह में पूरी हो जाएगी। जिसका निरीक्षण बुधवार को किया गया। इस दौरान कुछ आवश्यक निर्देश भी दिया गया है। वही पीयरपुरा थाना के अंतर्गत विभिन्न कांडों एवं परिवादो से संबंधित पक्ष से पूछताछ की गई एवं जांच पड़ताल किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिए गए है। थाने में लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन हेतु दिशा निर्देश भी दिया गया है। जबकि अवैध शराब, हथियारों व मादक पदार्थों के बरामदगी पर जोर दिया गया। थाना गस्ती तथा 112 गस्ती को चेक किया गया तथा सघन रात्रि गश्ती करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया है। मौके पर थानाध्यक्ष रंजन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# टंडवा में छात्र-छात्राओं को कानून और सुरक्षा की दी गई जानकारी

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय टंडवा में एसएसबी काला पहाड़ और टंडवा थाना पुलिस ने छात्र-छात्राओं को कानून







और सुरक्षा की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एसएसबी 29वीं वाहिनी के एसआई मोहन सिंह, टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, ने बाल अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर मोबाइल का उपयोग आवश्यकतानुसार करने और अनुशासन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कानून और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था ।इस मौके पर एस आई रघुनंदन अभिषेक, प्रधानाध्यापक विनोद दास, तबस्सुम परवीन, नाहिद तबस्सुम निर्मला कुमारी ,धनंजय कुमार गुप्ता ,संतोष कुमार सिंह, गिरिराज कुमार, घनश्याम पाण्डेय, नागेंद्र मिश्रा, धर्मवीर कुमार, चंद्रदीप राम सहित छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

# पटना जिले के पालीगंज में जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल का वितरण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत कई गांवों में बुधवार को जरूरतमंदों के बीच पालीगंज एसडीओ व एसडीपीओ ने कम्बल का वितरण किया।



जानकारी के अनुसार इलाके में गिर रही कड़ाके की ठंढ में लोगो को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। पूरे दिन धूप नही निकलने के कारण तापम्सन के भारी गिरावट आई है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित कर दी गयी है। वही इलाके में गिर रही कड़ाके की ठंढ को देखते हुए पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन राजीव चन्द्र सिंह, थाना अध्यक्ष सुमन कुमार व अन्य पदाधिकारीयो ने पालीगंज के ग्रामीण इलाकों में पहुंचे। जहां उनके द्वारा जरूरतमंद बुजुर्गों, असहाय एवं लाचार व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया।